कोई भी सरकार आए-जाए, लेकिन मंत्रियों, सांसदों और विधायकों की भ्रष्टाचार में संलिप्तता, सरकारी कार्यालयों और पुलिस में खुलेआम रिश्वतखोरी, भाई-भतीजावाद और जातिवाद बेलगाम रहते हैं। जो पार्टी सत्ता में आती है, वह कोई ऐसा सिस्टम नहीं बनाती जिससे निष्पक्ष, न्यायसंगत और पारदर्शी निर्णय हो सके। सभी पार्टियां जनहित के मुखौटे ओढ़ स्वहित साधती हैं। छात्रों और युवाओं की घुटन और आक्रोश का मूल कारण यही है। देश ने युवाओं-छात्रों के अनेक आंदोलन देखे हैं। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान असहयोग आंदोलन(1920), सविनय अवज्ञा आंदोलन (1930) या भारत छोड़ो आंदोलन (1942) में युवाओं-छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। लक्ष्य बड़ा था, लेकिन नेतृत्व गांधीजी के परिपक्व हाथों में था। लक्ष्य प्राप्त कर युवा बिखर गए, अपने भविष्य को संरक्षित करने, पढ़ने-लिखने में जुट गए। वे सत्ता और निर्णयन से दूर हो गए। दूसरा बड़ा छात्र/युवा आंदोलन समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण (जेपी) के नेतृत्व में महंगाई, बेरोजगारी और कुशासन के विरुद्ध बिहार से 1974 में शुरू हुआ, जिसे संपूर्ण क्रांति कहा गया। यह कांग्रेस और इंदिरा गांधी के कुशासन, अधिनायकवाद और संविधान विरोधी गतिविधियों के विरुद्ध था, जिसे कुचलने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1975 में आपातकाल लगा कर विपक्षी नेताओं को जेलों में डाल दिया, प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी, तमाम युवाओं की नसबंदी कर समाज में अभूतपूर्व डर का माहौल बना दिया। इस आंदोलन से चंद्रशेखर, कृष्णकांत, मोहन धारिया, रामधन आदि नेता निकले। इस आंदोलन से 1977 में जनता पार्टी सरकार बनी जरूर, पर वैचारिक मतभेद के कारण एकजुट हुई राजनीतिक शक्तियों में बिखराव हो गया और युवा फिर अपनी पढ़ाई की ओर लौट गए। तीसरा युवा-छात्र जन-आंदोलन सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार के विरुद्ध 2011 में हुआ, जिसमें भ्रष्टाचार रोकने हेतु 'लोकपाल' की मांग की गई थी। यह आंदोलन भले ही दिल्ली में हुआ, पर इसने देश के युवाओं में एक अभूतपूर्व चेतना भर दी। दुर्भाग्य से अरविंद केजरीवाल आदि नेताओं ने अन्ना हजारे को किनारे कर आम आदमी पार्टी का गठन किया और दिल्ली में 10 वर्षों से अधिक तक सरकार चलाई, जिसने भ्रष्टाचार के नए-नए प्रतिमान बनाए। युवा फिर ठगे गए। इन तीनों आंदोलनों में नेतृत्व गांधी, जेपी और अन्ना हजारे के हाथों में था, जिनमें सक्रिय राजनीति में आने की कोई महत्वाकांक्षा नहीं थी।

काकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का तथाकथित जेन-जी आंदोलन विदेश से अचानक प्रकट हुए अभिजीत दीपके द्वारा इंटरनेट मीडिया के माध्यम से चलाया गया। जेन-जी के नाम पर हुआ आंदोलन आंबेडकरजी के विचारों के खिलाफ था, जिन्होंने 25 नवंबर 1949 को संविधान सभा में अपने अंतिम भाषण में कहा था, 'अब हमें क्रांति के हिंसक तरीकों को तिलांजलि दे देना चाहिए। हमें सविनय अवज्ञा, असहयोग और सत्याग्रह जैसे असंवैधानिक तरीकों को भी त्याग देना चाहिए।...जब समस्याओं के समाधान हेतु संवैधानिक मार्ग उपलब्ध न थे, तब ऐसे असंवैधानिक तौर-तरीकों का औचित्य था, लेकिन जब संवैधानिक तरीके उपलब्ध हों, तो ऐसे असंवैधानिक तरीकों का कोई औचित्य नहीं।' आंबेडकर की सलाह के विरुद्ध विपक्ष ने राजनीतिक लाभ हेतु ऐसे ही आंदोलन का समर्थन किया। अनेक भोले-भाले छात्र-छात्राएं सीजेपी और विपक्ष के शिकार हुए। वास्तव में युवाओं का आक्रोश 75 वर्षों से चली आ रही सड़ी-गली व्यवस्था के प्रति था, जिसमें शिक्षा और रोजगार में श्रम, मेधा और योग्यता का स्थान सिकुड़ता जा रहा है तथा राजनीतिक हस्तक्षेप, भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार और अयोग्यता नागफनी की तरह अपना दायरा बढ़ाती जा रही है।

आज राजनीतिक दल युवाओं से संवाद कर रहे हैं। यह स्वागतयोग्य है, पर जो दल पहले कहीं सत्तासीन रहे हैं, वे भी कठघरे में रहेंगे। युवा उनसे भी सवाल पूछेंगे। उनके कुशासन की याद दिलाएंगे। संवाद से आगे बढ़कर दलों को सत्ता संरचना, नीति निर्णयन, विकास, सुशासन और प्रशासन में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। पूर्व में विश्वविद्यालयों- महाविद्यालयों में छात्र संघों पर अराजक और राजनीतिक तत्वों ने जैसा कब्जा किया, उससे न केवल अकादमिक परिवेश प्रदूषित हुआ, बल्कि योग्य एवं गंभीर युवाओं के राजनीति में आने की संभावनाएं खत्म हो गईं। आज समय की मांग है कि वे गलतियां न दोहराई जाएं, जो 1947, 1977 या 2011-12 में हुईं। दलों को गंभीर चिंतन करना होगा कि किस प्रकार राष्ट्र के प्रति समर्पित और विकसित भारत की संकल्पना से ओतप्रोत योग्य युवाओं को राजनीति की ओर आकृष्ट किया जाए।

(लेखक सेंटर फार द स्टडी आफ सोसायटी एंड पालिटिक्स के निदेशक एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं)
response@jagran.com

# प्रकृति की अनदेखी के दुष्परिणाम



डा. दीपक कोहली

**नेपाल की त्रासदी को केवल एक आपदा के रूप में न देखकर सामरिक, वैज्ञानिक और मानवीय चुनौती के रूप में देखा जाए**

नेपाल में आई विनाशकारी आकस्मिक बाढ़ और भूस्खलन ने एक बार फिर पूरे दक्षिण एशिया को झकझोर कर रख दिया है। हिमालय की गोद में बसी यह शांत और सुंदर भूमि जिस तरह प्राकृतिक तबाही का केंद्र बनी है, वह केवल एक भौगोलिक दुर्घटना नहीं, बल्कि प्रकृति के बढ़ते रोष और इंसानी बेपरवाही का एक भयावह प्रतीक है। उफनती नदियां, जलमग्न शहर, ताश के पत्तों की तरह बहते पक्के पुल और मलबे के नीचे दबे गांव के गांव केवल नेपाल की आपदा के दृश्य नहीं हैं, बल्कि यह पूरे क्षेत्र के लिए एक ऐसी चेतावनी है, जिसे अब और नजरअंदाज करना आत्मघाती साबित होगा। इस त्रासदी के लिए केवल प्रकृति के मिजाज को जिम्मेदार ठहराना समस्या की गहराई से मुंह मोड़ना होगा। इसके पीछे अनियोजित विकास, पहाड़ों का अविवेकपूर्ण दोहन और जलवायु परिवर्तन जैसे इंसानी कारण बहुत ही गहराई से जुड़े हुए हैं।

पिछले कुछ दशकों में नेपाल के पहाड़ी क्षेत्रों और काठमांडू घाटी में जिस तरह अनियंत्रित और बेतरतीब निर्माण कार्य हुआ है, उसने प्राकृतिक जल निकासी की व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों और बाढ़ के मैदानों में बहुमंजिला इमारतों, सड़कों और व्यावसायिक परिसरों का निर्माण कर लिया गया। जब नदियों के पास बहने के लिए स्वाभाविक जगह ही नहीं बची तो पानी ने आबादी वाले इलाकों का रुख किया। इसके साथ ही सड़कों के संजाल को फैलाने और रन-आफ-द-रिवर जलविद्युत परियोजनाओं को खड़ा करने के नाम पर पहाड़ों की अंधाधुंध कटाई की गई। भारी डायनामाइट विस्फोटों ने संवेदनशील ढलानों की आंतरिक दरारों को और चौड़ा कर दिया है, जिससे वे मामूली बारिश में भी खिसकने लगी हैं। ढलानों से जंगलों की कटाई ने मृदा अपरदन की दर को कई गुना बढ़ा दिया है। पेड़ों की जड़ें जो मिट्टी को बांधकर रखती थीं, उनके गायब होने से बारिश का पानी सीधे सतह पर प्रचंड वेग से बहने लगता है। इसके ऊपर वैश्विक स्तर पर हो रहे जलवायु परिवर्तन का असर अब अत्यंत प्रत्यक्ष और घातक रूप में सामने आ रहा है।


प्रत्यक्ष दिखते जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभाव ।एएनआइ

हिंदूकुश हिमालयी क्षेत्र वैश्विक औसत की तुलना में अधिक तेजी से गर्म हो रहा है। तापमान में लगातार वृद्धि के कारण मानसून का चक्र पूरी तरह से अनिश्चित हो चुका है। अब बारिश का फैलाव पूरे मौसम में समान रूप से होने के बजाय कुछ ही दिनों या घंटों की अतिवृष्टि में सिमट गया है। जब अत्यधिक मात्रा में पानी एक साथ गिरता है तो जमीन उसे सोखने में असमर्थ हो जाती है और वह सतह पर प्रचंड बाढ़ का रूप ले लेता है। इसके साथ ही हिमालयी क्षेत्रों में ग्लेशियरों के तेजी से लगातार पिघलने के कारण नई ग्लेशियल झीलों का निर्माण हो रहा है और पुरानी झीलों का आकार खतरनाक रूप से बढ़ रहा है।

नेपाल की त्रासदी को केवल एक आपदा के रूप में न देखकर एक सामरिक, वैज्ञानिक और मानवीय चुनौती के रूप में देखा जाए। पारंपरिक रूप से हमारा ध्यान केवल आपदा के बाद राहत और बचाव कार्य तक सीमित रहता है। इस प्रतिक्रियात्मक रवैये को बदलकर आपदा जोखिम न्यूनीकरण की दिशा में काम करना होगा। सबसे पहली आवश्यकता एक प्रभावी, आधुनिक और रियल-टाइम पूर्व-चेतावनी प्रणाली को विकसित करने की है। यदि निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को बाढ़ आने से कुछ घंटे पहले भी सटीक सूचना मिल जाए तो जान-माल के नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। दूसरा महत्वपूर्ण कदम भारत और नेपाल के बीच जल प्रबंधन को लेकर दशकों पुराने समझौतों और ठप पड़ी वार्ताओं को पुनर्जीवित करना है। कोसी और गंडक परियोजनाओं पर नए सिरे से ध्यान देना होगा। केवल बुनियादी ढांचा खड़ा करना ही काफी नहीं है, बल्कि उस ढांचे का नियमित रखरखाव, नदियों से गाद निकालने की निरंतर प्रक्रिया और जल भंडारण क्षमता में वृद्धि के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल जरूरी है।

अब पूरे हिमालयी क्षेत्र में विकास की अवधारणा को फिर से परिभाषित करने की सख्त जरूरत है। पहाड़ों में बुनियादी ढांचे का विकास पारिस्थितिकी की कीमत पर नहीं होना चाहिए। सड़कों के निर्माण में भारी विस्फोटकों के बजाय हरित निर्माण तकनीकों का प्रयोग होना चाहिए। नदियों के तटवर्ती क्षेत्रों में अतिक्रमण को सख्ती से रोकते हुए नो-कंस्ट्रक्शन जोन घोषित किया जाना चाहिए। जब तक पहाड़ों की हरियाली और उसकी मिट्टी की पकड़ मजबूत नहीं होगी, तब तक भूस्खलन और मलबे के साथ आने वाली बाढ़ को नहीं रोका जा सकता। ग्लेशियल झीलों के खतरे से निपटने के लिए आधुनिक उपग्रह निगरानी प्रणालियों का उपयोग कर नियमित मैपिंग की जानी चाहिए और खतरनाक झीलों से साइफनिंग तकनीक द्वारा पानी को नियंत्रित रूप से बाहर निकालकर उनके जलस्तर को सुरक्षित सीमा में रखा जाना चाहिए। सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय समुदायों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण देना और उन्हें पूर्व-चेतावनी नेटवर्क से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। जब तक विज्ञान, नीति-निर्माण और पर्यावरणीय संवेदनशीलता का सही समन्वय नहीं होगा, तब तक हम इस प्राकृतिक और मानवजनित आपदा के भंवर से बाहर नहीं निकल पाएंगे।

(लेखक पर्यावरण मामलों के विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हैं)
response@jagran.com

### ऊर्जा

## निर्भरता से मुक्ति

हमारा जीवन अंतर्निर्भरता का एक सुंदर तानाबाना है। जन्म से लेकर मृत्यु तक हमें अपनों के साथ-साथ समाज और तमाम व्यवस्थाओं की आवश्यकता होती है। हालांकि, जब यह आवश्यकता एक सीमा को लांघ अतिशय निर्भरता में बदल जाती है, तब जीवन की वास्तविक और विकट परीक्षा होती हैं। ऐसी स्थिति में ये बाहरी सहारे अक्सर या तो कम पड़ जाते हैं या पीछे हट जाते हैं। उस क्षण व्यक्ति स्वयं को असहाय और ठगा हुआ महसूस करता है। 'जिनके बहुत सहारे होते हैं, वो बड़े बेचारे होते हैं', जैसी पंक्ति निर्भरता के अभिशाप और आंतरिक स्वावलंबन के महत्व को ही उजागर करती है। माता-पिता, मित्र, धन या पद का कवच होने पर हर चुनौती आसान लगती है, लेकिन इन सहारों के छूट जाने का अज्ञात भय हमेशा बना रहता है। ये सहारे तात्कालिक सुरक्षा तो देते हैं, किंतु धीरे-धीरे हमारी निर्णय लेने की क्षमता को कमजोर कर देते हैं। हमारी स्वतंत्र पहचान समाप्त हो जाती है और हम अमुक की संतान या किसी पद विशेष तक सीमित होकर रह जाते हैं।

अपने बलबूते पर किया गया संघर्ष ही मनुष्य को सशक्त बनाता है। इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि हमें अन्य लोगों की मदद नहीं लेनी चाहिए। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और सहयोग जीवन का आधार है। प्रगति के लिए सहयोग जरूरी है, किंतु पूर्ण निर्भरता व्यक्ति को कमजोर और समाज को खोखला बना देती है। अंतर केवल 'सहयोग' और 'सहारे' के बीच का है। सहयोग आपको आगे बढ़ाने में ईंधन का काम करता है, जबकि सहारा पंगु बना देता है। अंततः, जीवन में सबसे बड़ा और मजबूत सहारा अपना आत्मविश्वास, आंतरिक साहस और कर्म है। जो इन पर भरोसा करना सीख जाते हैं, वे कभी बेचारे नहीं होते, बल्कि वे अपने भाग्य के विधाता स्वयं बनते हैं। पुरुषार्थ सदैव अपेक्षित परिणाम प्रदान करता है।

डा. निर्मल जैन

# ब्रह्मांड के शैशवकाल को समझने के प्रयास

प्रदीप

**विज्ञानी अब प्रयोगशाला में प्रारंभिक ब्रह्मांड की परिस्थितियों की छोटी-सी झलक पैदा करने में सक्षम हो रहे हैं**

ब्रह्मांड के आरंभ के बारे में सोचते ही हमारे सामने एक अत्यंत गर्म, अत्यंत सघन और तेजी से फैलते हुए एक ऐसे आदिम ब्रह्मांड ऐसा दृश्य उभरता है, जिसकी कल्पना करना भी कठिन है। उस समय न तारे थे, न ग्रह, न परमाणु और न ही वह पदार्थ, जिससे आज हमारा परिचित संसार बना है। स्विट्जरलैंड स्थित दुनिया की सबसे बड़ी और प्रमुख कण भौतिकी प्रयोगशाला 'सीईआरएन' में भौतिकविद उन चरम परिस्थितियों को पुनः निर्मित करने का प्रयास कर रहे हैं, जो ब्रह्मांड के जन्म के बाद मौजूद थीं।

इसके लिए शोधकर्ताओं ने आक्सीजन-16 और नीयन-20 के परमाणु नाभिकों को लगभग प्रकाश की गति से एक-दूसरे से टकराया। इन अत्यधिक ऊर्जावान टक्करों में पदार्थ की ऐसी अवस्था उत्पन्न हुई, जिसे क्वार्क-ग्लूआन प्लाज्मा कहा जाता है। मान्यता है कि बिग बैंग के बाद ब्रह्मांड के शुरुआती लगभग एक माइक्रोसेकंड में पदार्थ इसी अवस्था में था।

यह प्रयोग इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि विज्ञानी लंबे समय से मानते थे कि क्वार्क-ग्लूआन प्लाज्मा उत्पन्न करने के लिए बहुत भारी परमाणु नाभिकों की जरूरत होगी। उदाहरण के लिए, सीईआरएन में सीसे जैसे भारी नाभिकों को टकराकर इस अवस्था का अध्ययन पहले भी किया जा चुका है। लेकिन नए प्रयोग से पता चला है कि इसके लिए अपेक्षाकृत छोटे नाभिक भी पर्याप्त हो सकते हैं। शोधकर्ताओं ने इसे 'छोटा बिग बैंग' कहा है। लेकिन इस प्रयोग का उद्देश्य केवल इतना जानने में नहीं है कि छोटे नाभिक भी क्वार्क-ग्लूआन प्लाज्मा बना सकते हैं। टक्कर से उत्पन्न होने वाले कण अपने भीतर उस नाभिक की आकृति की जानकारी भी लेकर आते हैं, जिसने इस पूरी प्रक्रिया को जन्म दिया था।

इसे एक सरल उदाहरण से समझ सकते हैं। अंधेरे में किसी वस्तु को सीधे देख पाना संभव न हो, लेकिन उस पर प्रकाश डालने से उसकी छाया दिखाई दे सकती है। छाया देखकर हम वस्तु के आकार के बारे में अनुमान लगा सकते हैं। ठीक इसी तरह शोधकर्ता क्वार्क-ग्लूआन प्लाज्मा को सीधे नहीं देखते। वह इतनी क्षणिक अवस्था है कि पैदा होने के तुरंत बाद फैलकर दूसरे कणों में बदल जाती है। विज्ञानी इन कणों की गति और उनके वितरण का अध्ययन करके उस मूल नाभिक की संरचना के बारे में जानकारी हासिल करते हैं।

इसका महत्व केवल प्रारंभिक ब्रह्मांड को समझने तक सीमित नहीं है। बिग बैंग को प्रयोगशाला में दोहराना संभव नहीं है। लेकिन उसके कुछ भौतिक गुणों को अत्यंत छोटे पैमाने पर पुनः निर्मित किया जा सकता है। यही इस प्रयोग की सबसे बड़ी विशेषता है, जो हमें बताता है कि ब्रह्मांड के आरंभ को समझने के लिए पूरे ब्रह्मांड की जरूरत नहीं है, कभी-कभी कुछ परमाणु नाभिक ही पर्याप्त होते हैं।

(लेखक विज्ञान संचारक हैं)

## भाषा की मर्यादा का महत्वपूर्ण प्रश्न

'तार-तार होती भाषा की मर्यादा' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में लेखक प्रो. मनोज सिन्हा ने राजनीतिक दलों को भाषा की मर्यादा बनाए रखने की उचित सलाह दी है। देश में संवाद की एक गौरवशाली और लोकतांत्रिक परंपरा रही है। संसद केवल कानून बनाने का मंच नहीं, बल्कि स्वस्थ बहस, तर्क और असहमति के माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का सर्वोच्च मंच है। इसलिए संसद और सार्वजनिक जीवन में नेताओं की भाषा पर पूरे देश की नजर रहती है। आज राजनीतिक संवाद का स्तर लगातार गिरता दिखाई दे रहा है। राजनीति, जो कभी जनसेवा और सामाजिक परिवर्तन का माध्यम मानी जाती थी, उसमें धनबल, बाहुबल, परिवारवाद और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा का प्रभाव बढ़ा है। राजनीतिक विमर्श में संयम और शालीनता का स्थान आक्रामकता तथा व्यक्तिगत आरोपों ने ले लिया है। सस्ती लोकप्रियता और तत्काल राजनीतिक लाभ के लिए कुछ नेता जानबूझकर ऐसी भाषा का इस्तेमाल करते हैं, जो लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अनुरूप नहीं होती। इसका सीधा असर राजनीतिक कार्यकर्ताओं और समाज पर भी पड़ता है। समर्थक अपने नेताओं की भाषा और व्यवहार का अनुकरण करते हैं, जिससे सार्वजनिक संवाद में कटुता बढ़ती है और असहमति धीरे-धीरे वैमनस्य में बदलने लगती है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी शत्रु नहीं, लोकतांत्रिक व्यवस्था के सहभागी हैं। दलों को अपने कार्यकर्ताओं को भी मर्यादित संवाद की संस्कृति के लिए प्रेरित करना चाहिए।

himanshushekhar.mca@gmail.com

### मेलबाक्स

## भाषाशैली में मर्यादा

गुरुवार को प्रो. मनोज सिन्हा द्वारा "तार-तार होती भाषा की मर्यादा" शीर्षक से लिखे गए लेख में वास्तविकता में राजनीतिक दलों के मंचों पर इस्तेमाल भाषाशैली में सुधार करने का जो संदेश दिया गया है, वह भारत की असलियत को दर्शाता है, क्योंकि हमारा राष्ट्र राजनीतिक अजातशत्रु का इतिहास अपने आप में समाहित किए हुए है। दरअसल इस धरती पर कई सम्मानित राजनीतिक हस्तियों ने जन्म लिया है, जिनकी कार्यशैली में भले ही मतभेद रहे हों, लेकिन उन्होंने भाषा की मर्यादा से कभी मनभेद उपजने नहीं दिया। भारत राजनीतिक रूप से इतना समृद्ध देश है, जहां हर समय किसी न किसी स्तर का चुनाव होता ही रहता है, लेकिन धीरे-धीरे आजकल के राजनीतिक दलों की भाषाई मर्यादा ने समाज के उन बयानवीरों को भी पीछे छोड़ दिया है जिनके बयान हमेशा समाज को बांटने वाले ही होते हैं। राजनीतिक दलों की महिलाओं को भी अमर्यादित टिप्पणी करने में कोई गुरेज नहीं है। अब समय है समाज के जेन-जी को भी अपनी परिपक्वता का परिचय देना होगा। यह समझना होगा कि राजनीतिक मंच न ही इंटरनेट के माध्यम से आई किसी भी अमर्यादित शब्दों की श्रृंखला को, और न तो अपने दिमाग में आए ऐसे किसी विचार को जगह देने का मंच है। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि उसे आगे प्रसारित नहीं करना है।

अभिषेक कुमार मिश्र, सीतापुर

## ऊर्जावान और दूरदर्शी युवा पीढ़ी

गुरुवार को प्रकाशित सुनील बंसल का लेख पढ़कर मन प्रसन्न हो गया। जब से जेन-जी का आंदोलन शुरू हुआ था, तभी से मेरे जैसे अनेक वरिष्ठ नागरिक इनको गुनहगार ठहरा रहे थे। केवल मैं और मेरा एक और मित्र इनकी बातों से सहमत थे, हैं और रहेंगे। बाकी अन्य सभी घर के या बाहर के सभी लोग हम दोनों को सरकार विरोधी घोषित कर रहे थे। आज का युवा बहुत ऊर्जावान और दूरदर्शी है, लेकिन हमारे अनेक बुजुर्ग लोग अपना भूतकाल भूलकर नई पीढ़ी के बच्चों को गुनहगार साबित करने में लगे हैं। लोकतंत्र में अपनी मांगों को पूरा कराना जनता का अधिकार होता है और सरकारों को चाहिए कि वह अहंकार छोड़कर उनकी बातों को ध्यान से सुनें और उन्हें समझाएं। अगर यह पीढ़ी विद्रोह पर उतर गई तो हमारे देश के लिए बहुत बड़ा संकट पैदा हो जाएगा।

नेहपाल सिंह तेवतिया, गौतम बुद्ध नगर

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें:**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल : response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**1.2** लाख से अधिक रिक्तियों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है भारतीय रेलवे में 2024 और 2025 के कैलेंडर के तहत, जिसमें से बिना किसी पेपर लीक या गड़बड़ी के पहले चरण के लिए लगभग 60 हजार पदों के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षाएं पूरी कर ली गई हैं।

## आजकल



डा. वेदप्रकाश
असिस्टेंट प्रोफेसर, किरोड़ीमल कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय

# धरना-प्रदर्शन के लिए प्रोटोकाल का निर्धारण

**नीट पेपर लीक और अन्य परीक्षाओं में अनियमितताओं के सामने आने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में विगत दिनों धरना-प्रदर्शन हुआ। काकरोच जनता पार्टी ने 'संसद चलो' मार्च निकाला। देखते ही देखते प्रदर्शनकारी उग्र हो गए। आसपास के दर्जनों वाहनों को क्षतिग्रस्त किया गया। सैकड़ों अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों पर हमला किया गया। तदुपरांत सुरक्षाकर्मियों ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। धरने-प्रदर्शनों में अनुशासन कायम रहे और किसी प्रकार की अराजकता न फैले, इसके लिए प्रोटोकाल तय किया जाना चाहिए**



धरना-प्रदर्शन में भाषा की मर्यादा कायम रखने से उसका प्रभाव गंभीर रूप से परिलक्षित होता है। फाइल

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। भारतीय संविधान में नागरिकों को सहमति-असहमति अथवा समर्थन और विरोध का अधिकार भी दिया गया है। संविधान का अनुच्छेद 19 अभिव्यक्ति की आजादी के साथ-साथ किसी विषय पर शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन का भी अधिकार देता है, लेकिन उनके मूल में शांतिपूर्वक की अनिवार्यता है। ध्यान रहे, संविधान प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित और सम्मानपूर्वक जीवन का भी अधिकार देता है। क्या विगत कुछ वर्षों से हो रहे विरोध प्रदर्शनों में प्रदर्शनकारी संविधान की इस भावना का पालन कर रहे हैं?

क्या केवल अधिकारों की आड़ में धरने-प्रदर्शनों के नाम पर हिंसा, आगजनी, सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना और अराजकता अन्य नागरिकों के जीवन के अधिकारों से खिलवाड़ नहीं है? ध्यान रहे पुलिस और सेना व्यवस्था को बनाने और सुरक्षित वातावरण हेतु हैं। लेकिन विरोध प्रदर्शनों के बहाने हिंसा पर उतारू भीड़ से निपटने के लिए उनके पास डंडे और गोली चलाने के अतिरिक्त कौन से उपाय हैं? आज यह भी एक बड़ा प्रश्न अथवा चिंता का विषय समाज और राष्ट्र के सामने खड़ा है कि पुलिस और सेना के साथ हिंसक झड़प और मारपीट कहां तक जायज है? क्या पुलिस और सेना के जवान इस देश के नागरिक नहीं हैं?

विगत दिनों राष्ट्रीय राजधानी में नीट पेपर लीक और अन्य परीक्षाओं में तमाम अनियमितताओं के विरोध में जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन हुआ। विरोध-प्रदर्शन को उग्र होता देख पुलिस-प्रशासन ने लाठीचार्ज के साथ ही आंसू गैस के गोले छोड़े। कुल मिलाकर कई दिन तक दिल्ली और जंतर-मंतर छात्रों की आड़ में धरने-प्रदर्शन के लिए इकट्ठे हुए उपद्रवियों की गिरफ्त में रहे। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और पुलिस की जांच से यह पता चला है कि इस धरने-प्रदर्शन में हजारों अपराधी शामिल थे। इस पूरे प्रदर्शन में विपक्ष की भूमिका उजागर है। यह पूरी तरह से विपक्ष का राजनीतिक षड्यंत्र था। इस पूरे आयोजन के माध्यम से संसद में घुसने एवं दिल्ली व देश को अस्थिर करने की योजना थी। यह प्रश्न यह भी उठता है कि क्या राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति हेतु जनप्रतिनिधियों को इस प्रकार के अराजक प्रदर्शनों में सम्मिलित होना चाहिए? क्या ऐसे जनप्रतिनिधियों पर दंडात्मक कार्यवाही नहीं होनी चाहिए? यदि संविधान धरने-प्रदर्शन का अधिकार देता है तो क्या धरना स्थल के आसपास रहने वाले और आने जाने वाले लोगों के सुरक्षित जीवन का अधिकार नहीं देता?

गौरतलब है कि जंतर मंतर पर हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में शांतिपूर्वक प्रदर्शनों को सुगम बनाने और असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एक समान प्रोटोकाल की आवश्यकता बताई है।

विदित हो कि विगत वर्षों में समान नागरिक संहिता कानून और कृषि कानूनों के विरोध में देशव्यापी धरने-प्रदर्शनों हुए। उस समय भी राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के क्षेत्र इन विरोध प्रदर्शनों का केंद्र बने। भिन्न-भिन्न रूपों में हिंसक झड़पें हुईं। अराजकता का आलम यह था कि दिल्ली के बार्डर महीनों तक बंद पड़े रहे। छोटे बड़े कार्य-व्यवसाय ठप हो गए, तो समग्रता में आवाजाही पूरी तरह रोकी गई। यातायात वाहन, व्यावसायिक वाहन एवं पर्यटक वाहनों को रास्ता न मिलने के कारण दिल्ली और आसपास के राज्य बंधक बन गए व देश को हजारों करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ। इन विरोध प्रदर्शनों में भी सैकड़ों पुलिसकर्मी जख्मी हुए और करोड़ों नागरिक लंबे समय तक प्रतिदिन परेशानियां उठते रहे। ऐसे मामलों में पुलिस और विभिन्न एजेंसियां मिलकर कड़ा परिश्रम करते हुए असामाजिक तत्वों की पहचान करती हैं। लेकिन फिर समझौते के समय सरकारें झुक जाती हैं और मुकदमे वापस ले लिए जाते हैं। इससे उपद्रवियों के हौसले बढ़ते हैं। विगत दिनों जंतर-मंतर पर प्रदर्शन में 2873 अपराधियों के सम्मिलित होने का समाचार है। कई प्रदर्शनों में पैसा देकर भी ऐसे उपद्रवियों को हिंसा करने के लिए धरने-प्रदर्शनों में बुलाया जाता है। क्या यह स्थिति गंभीर नहीं है?

धरने-प्रदर्शनों की आड़ में आजकल कुछ अलग तरह का वातावरण दिखाई दे रहा है। कानून न बने तो नाराजगी, कानून बने तो नाराजगी। कहीं प्रतिमा लगाने को धरना तो कहीं प्रतिमा हटाने को धरना। कहीं पेपर करवाने को लेकर धरना, तो कहीं पेपर होने पर भ्रष्टाचार के कारण धरना-प्रदर्शन। विपक्ष द्वारा राजनीतिक स्वार्थों के लिए संसद के अंदर और बाहर हंगामा और प्रदर्शन यह संकेत दे रहे हैं कि भविष्य में इनके द्वारा पूरे देश में धरने प्रदर्शनों के जरिये अराजकता फैलाने के प्रयास किए जाएंगे। इस प्रकार की सोच और वातावरण देश के विकास के लिए बाधक बन रहा है। आर्थिक गतिविधियों, पर्यटन और शैक्षणिक कार्यों में बाधा आती है।

आज यह आवश्यक है कि शांतिपूर्वक धरने-प्रदर्शनों के मुद्दे पर राज्य और केंद्र सरकार मिलकर ऐसा प्रोटोकाल तैयार करें, जिससे धरने-प्रदर्शनों के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त न हो। इसमें धरने प्रदर्शन से पूर्व प्रशासनिक अनुमति की अनिवार्यता, प्रदर्शन में सम्मिलित होने वाले लोगों की संख्या, प्रदर्शन का स्थान व किसी भी प्रकार की हिंसा अथवा उपद्रव की स्थिति में आयोजकों पर आपराधिक मामले आदि बातें अवश्य शामिल होनी चाहिए। धरने-प्रदर्शनों के नाम पर हिंसा और अराजकता करने वालों के लिए तत्काल और कठोर दंड के प्रविधान नितांत आवश्यक हैं।

## तकनीक की मदद से परीक्षा तंत्र में सुधार

आदित्य कुमार

परीक्षा में सफलता केवल अभ्यर्थी की मेहनत का परिणाम नहीं होती, बल्कि निष्पक्ष और विश्वसनीय व्यवस्था पर भी निर्भर करती है। इसलिए प्रश्नपत्र लीक होना या परीक्षा में अनियमितता होना, लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। पिछले कुछ वर्षों की घटनाओं ने इस समस्या की गंभीरता को सामने रखा है। जून 2024 में यूजीसी-नेट की परीक्षा आयोजित होने के अगले ही दिन उसे रद करना पड़ा। समस्या केवल एक परीक्षा तक सीमित नहीं है। मई 2026 में नीट-यूजी परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक के मामले में सीबीआइ ने मामला दर्ज किया और कुछ ही दिनों में सात आरोपितों की गिरफ्तारी तथा 14 स्थानों पर तलाशी की कार्रवाई सामने आई। इससे स्पष्ट है कि परीक्षा संबंधी अपराध अब केवल परीक्षा केंद्र की अव्यवस्था नहीं, बल्कि संगठित नेटवर्क और डिजिटल माध्यमों से जुड़ी चुनौती भी बन चुके हैं।

इस चुनौती से निपटने के लिए कानूनी ढांचा मजबूत किया गया है। सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 में प्रश्नपत्र को अनधिकृत तरीके से लीक करने, प्राप्त करने या उसका उपयोग करने को अपराध बनाया गया है। सरकार ने 2026 में इसमें और कठोरता लाने के लिए संशोधन विधेयक भी पेश किया है। इसके तहत व्यक्तिगत अपराधियों के लिए प्रस्तावित सजा को तीन-पांच वर्ष से बढ़ाकर पांच-दस वर्ष और जुर्माने की सीमा को बढ़ाने का प्रस्ताव है। लेकिन कानून की कठोरता तभी प्रभावी होगी, जब उसके साथ पकड़े जाने और समयबद्ध सजा की निश्चितता भी हो। पेपर लीक के मामलों में जांच वर्षों तक चलती रही तो कठोर कानून का अपेक्षित निवारक प्रभाव नहीं पड़ेगा।

परीक्षा व्यवस्था में तकनीकी सुरक्षा को भी नए स्तर पर ले जाना होगा। प्रश्नपत्र की तैयारी, प्रिंटिंग, पैकेजिंग और परिवहन से जुड़े प्रत्येक चरण की डिजिटल निगरानी हो। संवेदनशील सामग्री तक पहुंच सीमित हो और प्रत्येक एक्सेस का रिकार्ड सुरक्षित रखा जाए। जहां संभव हो, परीक्षा से कुछ समय पहले एन्क्रिप्टेड डिजिटल माध्यम से प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने जैसी व्यवस्थाओं पर भी विचार किया जा सकता है। साथ ही, साइबर सुरक्षा की स्वतंत्र आडिट व्यवस्था होनी चाहिए। रेलवे भर्ती परीक्षाओं का अनुभव बताता है कि बड़े पैमाने पर कंप्यूटर आधारित परीक्षाएं भी पारदर्शी ढंग से आयोजित की जा सकती हैं। दिसंबर 2025 में रेलवे में 2024-25 और 2025 में 1,20,579 रिक्तियों की भर्ती प्रक्रिया चल रही थी और 59,678 पदों के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षाएं बिना पेपर लीक या मालप्रैक्टिस के पूरी की गईं। यह अनुभव अन्य भर्ती परीक्षाओं के लिए भी उपयोगी माडल बन सकता है।

परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, बायोमेट्रिक सत्यापन, आकस्मिक निरीक्षण और जोखिम-आधारित केंद्र चयन को प्रभावी बनाया जाना चाहिए। केवल कैमरे लगाने से समस्या हल नहीं होगी; रिकार्डिंग की सुरक्षित निगरानी और संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई भी जरूरी है। परीक्षा केंद्र के कर्मचारियों की नियुक्ति में हितों के टकराव को रोकने और संवेदनशील जिम्मेदारियों में रोटेशन की व्यवस्था होनी चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण है जवाबदेही। प्रश्नपत्र लीक होने पर केवल परीक्षा रद करना पर्याप्त नहीं। जांच यह तय करे कि चूक किस स्तर पर हुई व किसकी भूमिका थी।

पेपर लीक रोकने की लड़ाई में तकनीक, कानून और प्रशासन- तीनों को साथ चलना होगा। 2024 का केंद्रीय कानून, 2026 में प्रस्तावित कठोर प्रविधान और फास्ट-ट्रैक अदालतों की पहल महत्वपूर्ण कदम हैं, लेकिन असली सफलता तब होगी, जब परीक्षा के हर चरण में जोखिम पहले ही पहचानकर उसे रोका जाए। निष्पक्ष परीक्षा केवल विद्यार्थियों का अधिकार नहीं, लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता का भी आधार है।

(शिक्षा मामलों के जानकार)

## खरी-खरी

### कण-कण में राजनीति

विनय कुमार पाठक

यदि कोई समझता है कि राजनीति हमारे देश में सिर्फ राष्ट्रीय स्तर पर होती है या किसी विशेष क्षेत्र में होती है तो वह गलत समझता है। राजनीति कण-कण में है इस देश के और रग-रग में है देशवासियों के। राष्ट्रीय स्तर के खेल में तो राजनीति की काफी बात होती है। एक क्षेत्रीय स्तर या उससे भी छोटे स्तर के खेल प्रतियोगिता में जब खिलंदड़ प्रसाद ने राजनीति होते देखा तो उन्हें इस ज्ञान की प्राप्ति हुई।

हुआ यूं कि के छोटे से गांव में तैराकी प्रतियोगिता हुई। हर गांव में प्रतियोगियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। राजनीति की बात यह हुई कि गुलदाउदी नामक गांव में जो प्रतियोगिता हुई, उसमें दो प्रतियोगी समय पर उपस्थित नहीं हो सके। अब समय पर उपस्थित नहीं हुए तो नियम के अनुसार उन्हें प्रतियोगिता से बाहर होना चाहिए था। पर एक प्रतियोगी उस गांव के प्रधान के करीबी था और दूसरा सरपंच का। अतः दोनों का नाम कस्बा स्तर की प्रतियोगिता में भेज दिया गया।

कस्बा स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में मुखिया का जो गांव में अनुपस्थित प्रतियोगी था, वह जीत गया। खिलंदड़ प्रसाद हार गया। पर खेल भावना के तहत उसने अपनी हार को स्वीकार कर ली और विजेता को बधाई दी। उसे तो यह भी पता नहीं था कि गांव में उसे किसी विशेष गुट का माना जाता है।

जीतने वाला जीता इसलिए नहीं कि वह मुखिया का करीबी था। जीता अपनी क्षमता से। पर राजनीति की भनक खिलंदड़ प्रसाद को तब हुई, जब उसने देखा कि गांव के वाट्सएप समूह पर बधाइयां जो थीं, वे राजनीति से प्रेरित थीं। मुखिया के करीबी को बधाई मुखिया के नजदीकी लोग ही दे रहे थे। मुखिया ने भी खुद और अपने करीबियों से अपने करीबी विजेता को नाम के साथ बधाई संदेश का गुलदस्ता दिया, जबकि दूसरे गुट के जीते हुए सदस्यों को फूल की एक पंखुड़ी से अधिक कुछ नहीं दिया।

वैसे कुछ ऐसे लोग भी थे गांव में जो 'निर्गुट गुट' के थे, वे निष्पक्ष भाव से सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई संदेश दे रहे थे। यह भी क्या कम है?

## पोस्ट

ग्लेशियर उतने स्थिर और जड़ नहीं हैं, जितना हम अक्सर उन्हें समझते हैं। वे लगातार बदलते, खिसकते और पानी छोड़ते रहते हैं। यह हमें याद दिलाता है कि जो भू-दृश्य हमें ठोस और स्थायी दिखाई देते हैं, वे वास्तव में लगातार बदल रहे हैं।

राणा यशवंत@RanaYashwant1



प्रकृति किसी घटना को जन्म अवश्य देती है, लेकिन मनुष्य और मानवीय गतिविधियां ही यह तय करने में बड़ी भूमिका निभाती हैं कि वह घटना कितनी बड़ी आपदा बनेगी।

नेहा@NehaDelhi_DU

सोनल दिनुशा भारत और जीत के बीच में चट्टान बनकर खड़े हो गए और श्रीलंका के लिए ड्रा कराने में सफल रहे। दो शून्य से जीत दर्ज करने में नाकाम रही भारतीय टीम की स्थिति डब्ल्यूटीसी में निराशाजनक रूप से पांचवें स्थान पर ही बनी हुई है।

अयाज मेमन@cricketwallah

गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह जलजमाव के लिए कांग्रेस शासन में ड्रेंस पर बने निर्माण को दोष दे रहे हैं, लेकिन कांग्रेस शासन में भी तो वे ही यहां के सांसद थे।

पद्मजा जोशी@PadmajaJoshi

## जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या चीन सीमा विवाद के समाधान को लेकर गंभीर दिख रहा है?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

क्या कोलंबो टेस्ट में श्रीलंका को फालोआन देने से भारतीय टीम की जीत की संभावना प्रभावित हुई?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

## जनपथ

ममदानी को संघ से लगती तीखी मिर्च,
इस प्रजाति की आंख में संघ गड़े ज्यों किर्च।
संघ गड़े ज्यों किर्च जलें इन सब की आंतें,
क्योंकि करता संघ देशभक्ती की बातें।
उछल रहे थे खूब खुशी से हिंदुस्तानी,
महापौर न्यूयार्क बना था जब ममदानी!

-ओम प्रकाश तिवारी

## झारखंड डायरी



प्रदीप सिंह
संपादकीय प्रभारी, जमशेदपुर

# खनिज की लड़ाई में हेमंत को बढ़त

झारखंड की राजनीति में खनिज कोई सामान्य आर्थिक विषय नहीं है। यह राज्य की अर्थव्यवस्था, पहचान और अधिकार बोध तीनों से जुड़ा प्रश्न है। ऐसे समय में जब केंद्र सरकार ने खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन कानून, 2026 को लागू किया है, झारखंड में इसका राजनीतिक असर काफी आगे तक जा सकता है। इस मुद्दे पर सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है और भाजपा की सहयोगी आजसू भी अपनी असहमति सार्वजनिक कर चुकी है।

यही वह बिंदु है, जहां झामुमो के अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए एक बड़ा राजनीतिक अवसर पैदा होता दिख रहा है। सवाल यह नहीं है कि कानून का अंतिम आर्थिक प्रभाव कितना होगा? प्रश्न यह है कि इस कानून को जनता किस रूप में देखती है- खनन सुधार के रूप में या झारखंड के अधिकारों पर अंकुश के रूप में? केंद्र सरकार का पक्ष भी कमजोर नहीं है। उसका तर्क है कि अलग-अलग राज्यों द्वारा लगाए जाने वाले कर, सेस और अन्य शुल्कों में असमानता से खनन महंगा और अनिश्चित हुआ है। संशोधन का उद्देश्य कर व्यवस्था में एकरूपता लाना है। केंद्र का दावा है कि इससे खनन क्षेत्र में निवेश और उत्पादन बढ़ेगा तथा देश की खनिज जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। लेकिन झारखंड की राजनीति में केंद्र का यह तर्क तभी प्रभावी होगा, जब वह राज्य के राजस्व और अधिकारों की चिंता को काट सके। यही मोर्चा झामुमो के लिए सबसे बड़ा राजनीतिक मैदान बन रहा है।



रांची में 20 अगस्त को झामुमो की बैठक को संबोधित करते हेमंत सोरेन। फाइल

यह रणनीति हेमंत सोरेन की राजनीतिक जमीन को और पुख्ता कर सकती है, जिस पर झामुमो लंबे समय से राज्य में मजबूती से कायम है। हेमंत यदि इस लड़ाई को केवल राज्य सरकार के राजस्व का सवाल बनाएंगे तो इसका असर सीमित रहेगा। लेकिन यदि वे इसे राज्य के हक से जोड़ देते हैं तो मुद्दा गांवों तक पहुंच सकता है। यही भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। राजनीतिक रूप से सबसे दिलचस्प स्थिति आजसू पार्टी का रुख है। वह भाजपा की सहयोगी है, लेकिन संशोधित कानून को लेकर उसने झारखंड के खनिज अधिकार और राजस्व हितों की सुरक्षा की मांग की है। आजसू का अलग रुख भाजपा के सामने दोहरी चुनौती खड़ी करता है। एक ओर उसे केंद्र सरकार के कानून का बचाव करना होगा, दूसरी तरफ पार्टी झारखंड में अपने सहयोगी दल की चिंता को नजरअंदाज भी नहीं कर सकती। वहीं भाजपा के पास केंद्र सरकार का आर्थिक तर्क है। उसके पास यह बताने का अवसर है कि संशोधन का उद्देश्य खनन में करों की अनिश्चितता समाप्त करना, निवेश बढ़ाना और राष्ट्रीय खनिज सुरक्षा मजबूत करना है।

इसके अलावा भाजपा झारखंड में यह भी कह सकती है कि राज्य का खनिज राजस्व पिछले वर्षों में काफी बढ़ा है। भाजपा के पास आंकड़ों का अपना पक्ष है। लेकिन राजनीतिक लड़ाई में तथ्य जितने महत्वपूर्ण होते हैं, नैरेटिव उससे अधिक अहम हो जाता है। झामुमो की चुनौती यही है कि अपने नैरेटिव के जरिए बढ़त बनाए। कानून की जटिल धाराएं आम मतदाता को प्रभावित नहीं करेंगी। लेकिन यह सवाल असर कर सकता है कि अगर खनिज झारखंड का है तो उसका पैसा झारखंड के विकास में कितना रहेगा? संभावित वित्तीय नुकसान का स्पष्ट हिसाब जनता के सामने रखना होगा। हेमंत पहले ही यह सवाल उठा चुके हैं कि कानून से राज्य को होने वाले नुकसान की भरपाई कौन करेगा। उन्होंने राज्य के खनन क्षेत्रों से संबंधित लगभग 1.36 लाख करोड़ रुपये के रायल्टी बकाये का भी मुद्दा उठाया है। यदि झामुमो यह बता सके कि संभावित राजस्व नुकसान का कुप्रभाव कितने स्कूल, कितनी सड़कें, कितने अस्पताल, कितने आदिवासी कल्याण कार्यक्रम या कितने ग्रामीण विकास कार्यों पर पड़ेगा तो यह लोगों के बीच चर्चा का विषय बन सकता है।

यह लड़ाई केवल विरोध प्रदर्शन की नहीं, तथ्यों और नैरेटिव की लड़ाई होगी। कानून संसद से पारित हो चुका है। केंद्र अपना पक्ष स्पष्ट कर चुका है। लेकिन झारखंड में इसका प्रतिरोध शुरू करने का राजनीतिक नेतृत्व हेमंत सोरेन ने अपने हाथ में ले लिया है। आजसू की असहमति ने इस मुद्दे को और दिलचस्प बना दिया है। हेमंत सोरेन के लिए यह मौका इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे इस मुद्दे के जरिये अपने राजनीतिक आधार के पुराने भावनात्मक सूत्र झारखंडी अस्मिता और संसाधनों पर स्थानीय अधिकार को और तीव्र कर सकते हैं। यदि वे सफल हुए तो खनिज कानून केवल केंद्र-राज्य विवाद के मामले तक सीमित नहीं रहेगा। यह झारखंडी राजनीति में राज्य के हक की लड़ाई का सवाल बन सकता है। उस स्थिति में भाजपा के सामने सबसे कठिन परिस्थिति यही होगी कि वह केंद्र सरकार के कानून का बचाव भी करे और झारखंड में भी अपनी स्थिति को बेहतर करने की कोशिश करें, क्योंकि दो विधानसभा चुनावों में करारी हार से वह पहले ही बैकफुट पर है।

## मंथन



अम्बिका वाजपेयी
ambika bajpai@lko.jagran.com

# मनुस्मृति में नारी की महत्ता

**केवल एक श्लोक के आधार पर पूरे ग्रंथ को कठघरे में खड़ा करना उचित नहीं है, क्योंकि हर कालखंड की व्यवस्था को तत्समय और वर्तमान की कसौटी पर परखा जाना चाहिए**

राहुल गांधी के एक हालिया बयान पर भाजपा हमलावर है और चर्चा में है मनुस्मृति। इस पुस्तक को लेकर पहले भी कई बार तर्क-वितर्क होते रहे हैं। पुस्तक का नाम सामने आते ही दो अलग-अलग तस्वीरें उभरती हैं। एक ओर इसमें महिलाओं के सम्मान को परिवार और समाज के लिए महत्वपूर्ण बताया गया है। दूसरी ओर ऐसे श्लोक भी हैं, जिनमें महिला की स्वतंत्रता को सीमित करने की बात कही गई है। यही विरोधाभास आज मनुस्मृति को लेकर होने वाली बहस का सबसे बड़ा आधार है।

मनुस्मृति को समझने के लिए जरूरी है कि इसे आज के संविधान और आधुनिक सामाजिक व्यवस्था की कसौटी पर सीधे रखने के बजाय पहले उसके ऐतिहासिक संदर्भ को समझा जाए। यह धर्मशास्त्रीय परंपरा का ग्रंथ है, जिसमें तत्कालीन समाज के आचार, कर्तव्य, परिवार, विवाह, राजा और सामाजिक वर्गों के संबंध में नियमों का उल्लेख मिलता है। मनुस्मृति का सबसे चर्चित श्लोक है- यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः। जहां महिलाओं का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास माना गया है, जहां उनका सम्मान नहीं होता, वहां किए गए धार्मिक कर्म भी निष्फल माने जाते हैं।

एक अन्य श्लोक में परिवार की समृद्धि को महिलाओं के सुख से जोड़ा गया है- शोचन्ति जामयो यत्र विनश्यत्याशु तत्कुलम्। न शोचन्ति तु यत्रैताः वर्धते तद्धि सर्वदा॥ अर्थात जिस परिवार में स्त्रियां दुखी रहती हैं, उस परिवार का शीघ्र विनाश होता है और जहां वे दुखी नहीं रहतीं, वहां परिवार की उन्नति होती है। इन श्लोकों से स्पष्ट है कि मनुस्मृति में महिला के सम्मान और परिवार में उसके सुख को महत्वपूर्ण माना गया है। मनुस्मृति का सबसे अधिक विवादित श्लोक है- पिता रक्षति कौमारे भर्ता रक्षति यौवने। रक्षन्ति स्थविरे पुत्रा न स्त्री स्वातन्त्र्यमर्हति॥ अर्थात बचपन में पिता, युवावस्था में पति और वृद्धावस्था में पुत्र महिला की रक्षा करें; महिला को स्वतंत्र नहीं रहना चाहिए। आज के नजरिये से यही विचार सबसे बड़ा सवाल खड़ा करता है। आधुनिक लोकतांत्रिक व्यवस्था में वयस्क महिला को अपने जीवन, शिक्षा, विवाह, रोजगार और संपत्ति से जुड़े फैसले स्वयं लेने का अधिकार है। इसलिए न स्त्री स्वातन्त्र्यमर्हति जैसी अवधारणा आज की संवैधानिक समानता से मेल नहीं खाती। मामला इतना सरल भी नहीं है, लेकिन इसे पुरुष वर्ग को दायित्वबोध कराने के रूप में देखा जाना चाहिए।

मनुस्मृति में महिलाओं के सम्मान और परिवार में उनकी भूमिका पर कई सकारात्मक बातें हैं। उदाहरण के लिए- स्त्रियों यत्राभिभूयन्ते शोचन्ति च विनश्यति। तत्र तत्कुलं... का मूल भाव यह है कि जिस परिवार में महिलाओं के साथ अच्छा व्यवहार नहीं होता, उसके पतन की आशंका बढ़ती है। इसी के साथ यह भी ध्यान रखना चाहिए कि मनुस्मृति में स्त्री की स्वतंत्रता के प्रश्न पर पितृसत्तात्मक व्यवस्था स्पष्ट दिखाई देती है। इसलिए केवल नारी सम्मान वाले श्लोक दिखाकर यह कहना कि मनुस्मृति आधुनिक अर्थों में महिला समानता की समर्थक थी, उतना ही अधूरा होगा जितना विवादित श्लोक दिखाकर पूरे ग्रंथ को समझ लेना।

मनुस्मृति जिस सामाजिक व्यवस्था को संबोधित करती है, उसमें परिवार और सामाजिक जीवन की संरचना आज से अलग थी। उस समय व्यक्ति के अधिकारों की अवधारणा भी आधुनिक संवैधानिक अधिकारों जैसी नहीं थी। आज भारत में संविधान सर्वोच्च है। अनुच्छेद 14 समानता, अनुच्छेद 15 भेदभाव के निषेध और अनुच्छेद 21 जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा देता है। महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, संपत्ति, राजनीतिक भागीदारी और अपने जीवन से जुड़े निर्णय लेने का अधिकार आधुनिक कानूनों और संवैधानिक व्यवस्था से मिलता है। इसलिए मनुस्मृति का कोई ऐसा सामाजिक नियम, जो वर्तमान संविधान से टकराता हो, आज कानून का आधार नहीं हो सकता।

मनुस्मृति इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह भारतीय सामाजिक इतिहास को समझने का एक स्रोत है। इससे पता चलता है कि प्राचीन भारतीय समाज के एक हिस्से में परिवार, विवाह, स्त्री-पुरुष संबंध, सामाजिक कर्तव्य और अनुशासन को किस तरह देखा जाता था। लेकिन इतिहास का अध्ययन और वर्तमान में उसका अनुपालन- दो अलग बातें हैं। किसी प्राचीन ग्रंथ में दर्ज व्यवस्था को केवल इसलिए आज लागू नहीं किया जा सकता कि वह कभी सामाजिक आदर्श के रूप में प्रस्तुत की गई थी। मनुस्मृति में महिलाओं के सम्मान, परिवार में उनके महत्व और उनके सुख को लेकर स्पष्ट बातें हैं। वहीं महिलाओं की स्वतंत्रता को सीमित करने वाले विचार भी हैं। यही दोहरा पक्ष बहस को जटिल बनाता है।



प्रतीकात्मक

इसलिए मनुस्मृति को न तो केवल महिला विरोधी ग्रंथ कहकर पूरी तरह समझा जा सकता है और न ही 'नारी सम्मान का ग्रंथ' कहकर उसके विवादित प्रविधानों को नजरअंदाज किया जा सकता है। आज के भारत में अंतिम कसौटी मनुस्मृति नहीं, संविधान है। मनुस्मृति इतिहास और विचार की सामग्री हो सकती है, लेकिन महिला की स्वतंत्रता, समानता और गरिमा के अधिकार का निर्धारण भारतीय संविधान और वर्तमान कानून करते हैं। यही अंतर इतिहास को समझने और इतिहास को वर्तमान पर थोपने के बीच की सबसे महत्वपूर्ण रेखा है।

### पहली छमाही में 15 प्रतिशत बढ़ा टैबलेट बाजार

**नई दिल्ली:** कैलेंडर वर्ष 2026 की पहली तिमाही के दौरान भारत के टैबलेट बाजार में वार्षिक आधार पर 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। साइबरमीडिया रिसर्च की ओर से गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, इसका कारण उपभोक्ता, शिक्षा और कारोबारी क्षेत्र में प्रीमियम टैबलेट की मजबूत और लगातार मांग बनी हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, पहली छमाही में 20 हजार रुपये से ज्यादा कीमत वाले प्रीमियम टैबलेट की बिक्री 74 प्रतिशत बढ़ी और बाजार में इनकी हिस्सेदारी 89 प्रतिशत रही। (आइएएनएस)

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या तो असमानता को कम करने का एक शक्तिशाली टूल बन सकता है या अन्याय का एक बड़ा स्रोत बन सकता है।
**- बिल गेट्स, सह-संस्थापक, माइक्रोसाफ्ट**



| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | 76,933.59 | ▼ 539.35 |
| निफ्टी | 24,090.85 | ▼ 116.90 |
| सोना (प्रति दस ग्राम) | ₹ 1,65,700 | ▼ ₹ 800 |
| चांदी (प्रति किलो ग्राम) | ₹ 2,50,500 | बदलाव नहीं |
| डालर | ₹ 95.45 | ▲ ₹ 0.01 |
| क्रूड (प्रति बैरल) | $ 88.43 | |

# नौकरी के लिए तीन लाख युवाओं को प्रशिक्षित करेंगी जापानी कंपनियां : गोयल

**साक्षात्कार**

निवेशकों को लुभाने और सहयोगात्मक रिश्तों को और मजबूती देने के लिए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री **पीयूष गोयल** इन दिनों जापान के दौरे पर हैं। चार दिवसीय दौरे के अंतिम दिन ओसाका में गोयल ने अपनी यात्री और उसकी उपलब्धियों पर दैनिक जागरण के सहायक संपादक **राजीव कुमार** से विस्तृत बातचीत की। पेश हैं उसके अंश...



**● जापान दौरे से देश के युवाओं को क्या फायदा होने जा रहा है?**

-पिछले चार दिनों में हमारी दर्जनों जापानी कंपनियों के साथ भारत में निवेश को लेकर बातचीत हुई है और कई ने तो निवेश के लिए भारतीय कंपनियों की पहचान भी कर ली है। इसके अलावा, जल्द ही हमारे देश के तीन लाख युवाओं को विभिन्न सेक्टर में रोजगार देने के लिए जापानी कंपनियां प्रशिक्षण देंगी। इसके अलावा यह भी प्रयास किया जा रहा है कि जापानी कंपनियां भारतीय युवाओं के टैलेंट की पहचान करके उन्हें प्रशिक्षित करेंगी और फिर जापान में नौकरियां देंगी। इस काम के लिए एक प्लेटफार्म बनाया जा सकता है। भारतीय युवाओं का आनलाइन इंटरव्यू होगा और फिर उनका प्रशिक्षण होगा। शिपिंग, केमिकल, सेमीकंडक्टर उत्पादन समेत कई सेक्टर में ऐसा प्रयास किया जाएगा। जापान में युवाओं की कमी है, इसलिए हमारे युवा-युवतियों के लिए बड़ी संभावनाएं हैं। योग्य युवा-युवतियों को जापान की भाषा सीखकर, उन्हें यहां आवेदन करना चाहिए। यहां उनके लिए बड़ी संभावना है।

**● विदेशी निवेश को और सुगम बनाने के लिए सरकार क्या कर रही है?**

-हम प्रोसेस, प्रोसिडिंग्स और पालिसी पर ध्यान दे रहे है। औद्योगिक जगत की जो मांग है, उसके हिसाब से बदलाव लाया जा सकता है। औद्योगिक जगत के लिए केवाईसी के तरीके बदले जा सकते हैं। दूसरे देशों के साथ आपसी मान्यता समझौते (एमआरए) बढ़ा रहे हैं। हाईटेक उत्पादन से जुड़ी कंपनियों को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस) के सर्टिफिकेशन नियम में छूट दी जा रही है। इसका कारण यह है कि इस सेक्टर में भारत में उत्पादन करने वाली कंपनियां कम गुणवत्ता वाले उपकरण का खुद ही इस्तेमाल नहीं करेंगी। निवेश बढ़ाने की लगातार कोशिश की जा रही है और जरूरत के हिसाब से आगे भी जारी रहेगी।

**● जापान की किन सेक्टर की कंपनियों ने भारत में निवेश को लेकर अधिक दिलचस्पी दिखाई?**

-विशेष प्रकार के केमिकल्स, फार्मा, सेमीकंडक्टर बनाने में लगने वाले पार्ट्स, गैस सप्लाई, टेक्सटाइल जैसे कई सेक्टर से जुड़ी जापानी कंपनियों ने भारत में उत्पादन शुरू करने में दिलचस्पी दिखाई है। भारत में उत्पादन शुरू करके ये कंपनियां 70 लाख करोड़ डालर के 38 देशों के बाजार में निर्यात कर सकेंगी। इन 38 देशों के साथ भारत का व्यापार समझौता हो चुका है। कनाडा, इजरायल, पेरू, चिली जैसे कई देशों के साथ व्यापार समझौता एडवांस स्थिति में हैं। न्यूजीलैंड के साथ भी हमारे व्यापार समझौते पर जल्द ही अमल शुरू होने वाला है।

**● आपने जापानी कंपनियों से कहा कि मैन्यूफैक्चरिंग के मामले में भारत चीन का प्लस वन नहीं बनना चाहता है, ऐसा आपने क्यों कहा?**

-देखिए, भारत की अपनी ताकत है। भारत का अपना बड़ा बाजार है और हमारे यहां उत्पादन करने वालों को दुनिया के कई देशों में कारोबार करने का मौका है। इसलिए हमने ऐसा कहा। चीन वैश्विक मैन्यूफैक्चरिंग का हब है और कोरोना काल में सप्लाई चेन बाधित होने के बाद चीन के विकल्प के रूप में भारत को चीन का प्लस वन के रूप में देखा जा रहा था।

**● चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में विकास दर को लेकर आपका अनुमान है। क्या अर्थव्यवस्था निर्यात आधारित हो रही है?**

-मैं समझता हूं कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भी भारत की विकास दर दुनिया के सभी प्रमुख देशों से अधिक रहेगी और पहले की तरह ही विकास दर में मजबूती जारी रहेगी। आर्थिक गतिविधियों को देखते हुए ऐसा अनुमान है। यह बात सही है कि निर्यात लगातार बढ़ रहा है और अगस्त में भी 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी दिख रही है, लेकिन हमारी घरेलू खपत काफी अधिक है, इसलिए अभी यह नहीं कहा जा सकता है कि अर्थव्यवस्था निर्यात आधारित हो गई है।

**● भारतीय स्टार्टअप को जापान से क्या मदद मिलेगी?**

-भारतीय स्टार्टअप को जापान से टेक्नोलाजी में मदद मिल रही है। जापान के साथ समझौता करने से हमारे स्टार्टअप को वैश्विक स्तर पर पहचान मिलेगी। फंड जुटाने में भी जापानी वित्तीय कंपनियों का सहयोग मिल सकता है।

## यात्री वाहन बिक्री में महाराष्ट्र, दोपहिया में उत्तर प्रदेश शीर्ष पर

**12.74** लाख यात्री वाहनों की बिक्री हुई अप्रैल-जून 2026 में पूरे देश में



**56.29** लाख दोपहिया की बिक्री रही पूरे देश में पहली तिमाही में

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून 2026) के दौरान महाराष्ट्र में सबसे अधिक यात्री और वाणिज्य वाहनों की बिक्री हुई है। सोसायटी आफ इंडियन आटोमोबाइल मैन्यूफैक्चरर्स (सियाम) के अनुसार, दोपहिया और तीनपहिया वाहनों की बिक्री में उत्तर प्रदेश शीर्ष पर रहा है।

### महाराष्ट्र में 1.47 लाख यात्री वाहनों की बिक्री



सियाम के डाटा के अनुसार, अप्रैल-जून 2026 के दौरान पूरे देश में 12.74 लाख यात्री वाहनों की बिक्री हुई है। इसमें 3.9 लाख इकाई के साथ पश्चिमी क्षेत्र की सबसे बड़ी भागीदारी रही है। महाराष्ट्र में सबसे अधिक 1,47,440 यात्री वाहनों की बिक्री हुई। 1,35,329 इकाई के साथ उत्तर प्रदेश दूसरा, 98,785 इकाई के साथ गुजरात तीसरे, 98,315 इकाई के साथ कर्नाटक चौथे और 96,327 इकाई के साथ तमिलनाडु पांचवें स्थान पर रहा है।

### तिमाही के दौरान 2.65 लाख वाणिज्यिक वाहन बेचे गए



बीती तिमाही में देश में 2.65 लाख वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री हुई। 91 हजार इकाई के साथ पश्चिम क्षेत्र शीर्ष पर रहा है। महाराष्ट्र इस श्रेणी में 36,433 इकाइयों के साथ शीर्ष पर रहा। इसके बाद तमिलनाडु (24,743 इकाई), कर्नाटक (21,830 इकाई), गुजरात (21,778 इकाई) और उत्तर प्रदेश (21,161 इकाई) का स्थान रहा।

### उत्तर प्रदेश में 8.82 लाख दोपहिया की बिक्री

पहली तिमाही के दौरान पूरे देश में 56.29 लाख दोपहिया की बिक्री रही। इसमें 8,82,047 इकाई के साथ उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर रहा। 5,61,738 इकाई के साथ महाराष्ट्र दूसरे और 4,80,653 इकाई के साथ तमिलनाडु तीसरे स्थान पर रहा। 3,74,221 इकाई के साथ कर्नाटक चौथे और 3,69,302 इकाई के साथ बिहार पांचवें स्थान पर रहा।

### तिपहिया में दक्षिण क्षेत्र शीर्ष पर रहा

तिपहिया की बात करें तो तिमाही के दौरान पूरे देश में 2.14 लाख इकाइयों की बिक्री हुई। इसमें 72 हजार इकाई के साथ दक्षिण क्षेत्र शीर्ष पर रहा। 25,669 तिपहिया की बिक्री के साथ उत्तर प्रदेश शीर्ष पर रहा। इसके बाद गुजरात में 20,534, कर्नाटक में 19,192, बिहार में 15,653, और असम में 15,223 तिपहिया की बिक्री हुई।

### 2030 तक 20 लाख करोड़ रुपये का हो जाएगा ईवी बाजार



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का कहना है कि वर्ष 2030 तक भारत के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार का आकार 20 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है और इसमें पांच करोड़ नौकरियां पैदा करने की क्षमता है। एक समिट में गडकरी ने कहा कि अभी भारत में 57 लाख ईवी पंजीकृत हैं, जिनकी बाजार हिस्सेदारी सात प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि देश की दो सबसे बड़ी दोपहिया निर्माता बजाज आटो और हीरो मोटोकार्प अपने कुल उत्पादन का 50 प्रतिशत से अधिक निर्यात करती हैं।

इनपुट- प्रेट्र | जागरण इन्फो

### एक नजर में

**पिछले वित्त वर्ष में चार गुना बढ़ा ओयो का शुद्ध लाभ**

**नई दिल्ली :** होटल सेवाएं देने वाले ब्रांड ओयो की पैरेंट कंपनी प्रिज्म ने गुरुवार को बताया कि पिछले वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान उसका शुद्ध लाभ चार गुना से ज्यादा बढ़कर 994 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने वार्षिक रिपोर्ट में बताया कि पिछले वित्त वर्ष में उसका संचालन राजस्व 49.7 प्रतिशत बढ़कर 9,358 करोड़ रुपये और एबिटा दोगुना से ज्यादा बढ़कर 2,594 करोड़ रुपये रही है। (प्रेट्र)

**स्काईवेज एयर के आइपीओ में 71.25 गुना आवेदन**

**नई दिल्ली :** लाजिस्टिक्स सेवाएं देने वाली फर्म स्काईवेज एयर सर्विसेज का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) अंतिम दिन के अंत तक 71.25 गुना सब्सक्राइब हुआ। एनएसई के डाटा के अनुसार, इस आइपीओ में 2,95,83,600 शेयर बिक्री के लिए पेश किए गए जिसके सापेक्ष 2,10,79,10,700 शेयरों के लिए आवेदन मिले। (प्रेट्र)

# एसएंडपी ग्लोबल ने भारत की सावरेन रेटिंग 'बीबीबी' पर बरकरार रखी

## वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने विकास दृष्टिकोण को भी स्थिर बनाए रखा

- स्थिर वित्तीय और मौद्रिक नीतियों का अगले दो वर्षों में मिलेगा लाभ
- चालू वित्त वर्ष में घटकर 6.6 प्रतिशत रह सकती है विकास दर



**नई दिल्ली, प्रेट्र:** वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने गुरुवार को भारत की सावरेन रेटिंग को 'बीबीबी' पर बरकरार रखा। साथ ही रेटिंग एजेंसी ने भारत के विकास दृष्टिकोण को स्थिर बताया है। एजेंसी का कहना है कि नीतिगत पूर्वानुमान के साथ भारत एक गतिशील और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

रेटिंग एजेंसी का कहना है कि ऊर्जा की उच्च कीमतों और चुनौतीपूर्ण कृषि परिस्थितियां इस वर्ष भारत की वृद्धि को थोड़ा धीमा करेंगी। लेकिन आर्थिक मूलभूत तत्वों के मजबूत रहने की उम्मीद है जो अगले दो-तीन वर्षों में मजबूत वृद्धि का समर्थन करेंगे। एसएंडपी ने अल्पकालिक सावरेन रेटिंग को भी 'ए-2' पर बरकरार रखा है।

'बीबीबी' एक निवेश-ग्रेड रेटिंग है। इसका मतलब यह है कि भारत के पास अपनी वित्तीय जिम्मेदारियों को पूरा करने की पर्याप्त क्षमता है, लेकिन ऊंची रेटिंग वाले देशों की तुलना में यह खराब आर्थिक हालात के प्रति ज्यादा संवेदनशील है।

एसएंडपी ने कहा कि सरकार का कमजोर वित्तीय प्रदर्शन, भारी कर्ज बोझ और प्रति व्यक्ति कम जीडीपी अहम बातें हैं। स्थिर दृष्टिकोण इस सोच को दर्शाता है कि पालिसी में लगातार स्थिरता और इन्फ्रास्ट्रक्चर में भारी निवेश से भारत की लंबी अवधि की विकास संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा। स्थिर वित्तीय और मौद्रिक नीतियों के साथ विकास का दृष्टिकोण अगले 24 महीनों में रेटिंग को समर्थन देगा। एजेंसी के अनुसार, भले ही केंद्र में गठबंधन सरकार है, लेकिन लोकसभा में बीजेपी के पास मजबूत बहुमत होने से आर्थिक सुधार लागू करने की कोशिशों को समर्थन मिलता है।

अगस्त की शुरुआत में अन्य वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच ने भी भारत की रेटिंग को 'बीबीबी-' पर बरकरार रखा था।

**पिछले पांच वर्षों में भारत का सबसे अच्छा प्रदर्शन:** वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 के दौरान यानी बीते पांच वर्षों में भारत की औसत वार्षिक वृद्धि दर 7.9 प्रतिशत रही है और यह दुनिया की सबसे अच्छी प्रदर्शन करने वाली आर्थिकी में से एक बना हुआ है। रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि ऊर्जा झटके और चुनौतीपूर्ण कृषि परिस्थितियों के कारण चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की विकास दर 6.6 प्रतिशत तक गिर सकती है। हालांकि, जीडीपी वृद्धि अगले तीन वर्षों में औसतन सात प्रतिशत वार्षिक होगी।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

### आखिरी समय में बिक्री से लुढ़के घरेलू बाजार

**मुंबई, प्रेट्र:** बड़ी कंपनियों के शेयरों में आखिरी घंटे में बिकवाली के कारण घरेलू बाजारों में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 539.35 अंक गिरकर दिन के न्यूनतम स्तर 76,933.59 पर बंद हुआ। इसी प्रकार, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 116.90 अंक गिरकर 24,090.85 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में एचडीएफसी बैंक के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट रही। अमेरिका में एक मुकदमे की खबर के बाद बैंक के शेयरों में 2.08 प्रतिशत की गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज एक प्रतिशत गिरकर सूचकांक को नीचे खींचने में सहायक रहा। इसके अलावा, भारती एयरटेल, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक और आइटीसी भी गिराकर बंद हुए। उधर, कोटक महिंद्रा बैंक, आइसीआइसीआइ बैंक, टेक महिंद्रा और भारत इलेक्ट्रानिक्स में बढ़त रही। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.67 प्रतिशत बढ़कर 88.43 डालर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

## अंतरराष्ट्रीय

# हिंदू समूहों ने भागवत के न्यूयार्क कार्यक्रम के लिए जारी की सलाह

- सामुदायिक चेतावनी में कहा-प्रदर्शनों और कार्यक्रम रद की मांगों से सचेत रहें
- मोहन भागवत का वीजा रद करने की मांग पर अड़े कुछ अमेरिकी संगठन



न्यूयार्क के जान एफ केनेडी एयरपोर्ट पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का स्वागत करते लोग ● प्रेट्र

**वाशिंगटन, आइएएनएस :** दो हिंदू अमेरिकी समूहों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में होने वाले संबोधन से पहले सुरक्षा परामर्श जारी की है। इसमें उपस्थित होने वाले लोगों और न्यूयार्क के हिंदू संस्थानों से आग्रह किया गया है कि वे विरोध प्रदर्शनों और कार्यक्रम को रद करने की मांगों के बीच सतर्क रहें। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) ने 29 अगस्त को होने वाले यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन के लिए 'समुदाय सलाह चेतावनी' जारी की।

हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) ने एक्स पर पोस्ट में कहा, 'सतर्क रहें, स्थिति के प्रति जागरूक रहें और बातचीत को शिष्ट रखें।' संस्थान ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने इस सभा को बाधित करने और रद कराने का प्रयास किया है। इसने न्यूयार्क के मेयर जोहरान ममदानी से 'सभी न्यूयार्कवासियों, विशेष रूप से कार्यक्रम में उपस्थित लोगों की सुरक्षा और नागरिक अधिकारों की रक्षा करने की शपथ का पालन करने' का आग्रह किया। एचएएफ ने किसी विशेष खतरे का उल्लेख नहीं किया और न ही कहा कि कानून प्रवर्तन ने किसी सुरक्षा जोखिम की पुष्टि की है। इसने उपस्थित लोगों से दूसरों के इकट्ठा होने, विरोध करने और अपने विचार व्यक्त करने के अधिकारों का सम्मान करने का आग्रह किया। साथ ही यह भी कहा कि वे उत्तेजक या धमकी भरे बयान देने वाले लोगों के साथ टकराव से बचें। सलाह में कहा गया, 'यदि आप खुद को खतरे में महसूस करते हैं तो क्षेत्र छोड़ दें और कार्यक्रम की सुरक्षा या कानून प्रवर्तन से संपर्क करें। आपात स्थिति में 911 पर काल करें।' एचएएफ ने प्रतिभागियों से धमकियों, तोड़फोड़, नफरत के संदिग्ध मामलों और अन्य अपराधों की रिपोर्ट सुरक्षा कर्मियों या कानून प्रवर्तन को करने का आग्रह किया। इसने न्यूयार्क में हिंदू मंदिरों और सामुदायिक केंद्रों के आसपास अतिरिक्त सतर्कता बरतने का भी आग्रह किया।

इसी तरह एक अन्य संगठन 'हिंदू एक्शन' ने एक समान सलाह जारी की, जिसमें हिंदू निवासियों और भागवत की यात्रा से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेने वालों से किसी भी धमकी, उत्पीड़न को दर्ज कराने का आग्रह किया। इसने कहा, 'घटनाओं की तुरंत एनवाईपीडी और अन्य उचित अधिकारियों को रिपोर्ट करें। सुरक्षित रहें। एक-दूसरे का ध्यान रखें।' ये चेतावनियां उस समय आईं जब अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (यूएससीआइआरएफ) ने भागवत की यात्रा पर चिंता व्यक्त की और अमेरिकी सरकार के सदस्यों व भारतीय अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार करने का आग्रह किया।

**मैडिसन का कार्यक्रम रोकने का आग्रह :** पूर्व सिएटल सिटी काउंसिल सदस्य क्षमा सावंत ने न्यूयार्क के मेयर ममदानी से मैडिसन स्क्वायर गार्डन कार्यक्रम को रोकने का आग्रह किया। उन्होंने हिंदुओं, भारतीय अमेरिकी मुस्लिम परिषद और अन्य समूहों का धन्यवाद किया जो इस सभा के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। खुद ममदानी ने कहा था कि उन्हें नहीं पता कि क्या शहर के पास निजी कार्यक्रम रद करने का अधिकार है। भारतीय अमेरिकी मुस्लिम परिषद, यूनाइटेड अगेंस्ट सुप्रीमेसी और कई सिख, दलित, मुस्लिम और नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं ने भी इसका विरोध किया है।

**संघ ने किया सभा का बचाव :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इस सभा का बचाव करते हुए इसे एक समावेशी अंतरधार्मिक संवाद बताया। संगठन के राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख सुनील अम्बेकर ने कहा कि भागवत 'विविध, बहुसांस्कृतिक और बहुधार्मिक दर्शकों' के साथ संवाद करेंगे। यह पहल आरएसएस की विभिन्न समुदायों के साथ जुड़ने की दीर्घकालिक परंपरा के अनुरूप है।' यह सभा अमेरिकन हिंदूज फार एंगेजमेंट एंड डायलाग (अहेड) फोरम द्वारा आयोजित की जा रही है।

### आयोजक की एक्स से खाते की बहाली की अपील

संघ प्रमुख मोहन भागवत के कार्यक्रम के आयोजक अमेरिकन हिंदूज फार एंगेजमेंट एंड डायलाग (अहेड) ने अपने निलंबित खाते की बहाली के लिए इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' से अपील की है। अहेड न्यूयार्क में बहुसांस्कृतिक और अंतरधार्मिक उत्सव का समर्थक अपने निलंबित एक्स हैंडल @अहेडफोरम1 के माध्यम से काम कर रहा है। संगठन का मानना है कि निलंबन संभवत: गलती से हुआ है।

## अलास्का के पास विमान दुर्घटना, उसमें सवार सभी चार लोगों की मौत

- दुर्घटना के बाद विमान सेल्डोविया स्लू के पास लगभग 15 फीट पानी में डूबा
- दुर्घटनाग्रस्त पाइपर पीए-24 विमान एंकोरेज से सेल्डोविया जा रहा था

**अलास्का, प्रेट्र :** अमेरिका के अलास्का के एक तटीय शहर के पास उथले पानी में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उसमें सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों के अनुसार पाइपर पीए-24 विमान एंकोरेज से उड़ान भरने के बाद छोटे शहर सेल्डोविया के हवाई अड्डे की ओर जा रहा था। दुर्घटना के बाद यह सेल्डोविया स्लू के पास तट के नजदीक लगभग 15 फीट पानी में डूब गया। नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड के अलास्का क्षेत्र के प्रमुख क्लिंट जानसन ने बताया कि टूपर्स को विमान तक पहुंचने के लिए ज्वार के कम होने का इंतजार करना पड़ा।

सार्वजनिक सुरक्षा विभाग के अनुसार टूपर्स ने विमान से चार वयस्कों के शवों को बाहर निकालने में सफलता पाई। उनके नाम तब तक जारी नहीं किए जाएंगे जब तक कि निकटतम रिश्तेदारों को सूचित नहीं किया जाता। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया है दुर्घटना का कारण क्या हो सकता है। एनटीएसबी इस मामले की जांच कर रहा है।

अधिकारी सेन डैन सुलिवन ने कहा कि वह एनटीएसबी और फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन से ब्रीफिंग प्राप्त करेंगे क्योंकि वे यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि क्या गलत हुआ। उन्होंने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, 'ये त्रासदियां दिल को तोड़ने वाली और अस्वीकार्य हैं, यही कारण है कि अलास्का में विमानन सुरक्षा और बुनियादी ढांचे पर मेरा ध्यान केंद्रित है।' एक सप्ताह से भी कम समय पहले, एक अन्य विमान पश्चिमी अलास्का के एक दूरदराज के सैन्य स्थल पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें बोर्ड पर मौजूद सभी आठ लोगों की मौत हो गई थी। अधिकारियों के अनुसार, विमान भारी कोहरे में दूसरी बार रनवे की ओर बढ़

### बैरिस्टर इफ्तिखार गिलानी गुलाम जम्मू कश्मीर के पीएम नामित



बैरिस्टर इफ्तिखार गिलानी। फाइल

**लाहौर, प्रेट्र :** पाकिस्तान की सत्ताधारी पार्टी पीएमएल-एन के प्रमुख नवाज शरीफ ने गुलाम जम्मू कश्मीर के प्रधानमंत्री पद के लिए बैरिस्टर इफ्तिखार गिलानी को नामित किया है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यहां चुनाव तीन चरणों में हुए थे। इनमें हिंसक विरोध-प्रदर्शन और बड़े पैमाने पर धांधली के आरोप लगे थे। असेंबली शुक्रवार को प्रधानमंत्री का चुनाव कर सकती है।

बताया गया है कि नवाज शरीफ की सिफारिश पर गिलानी को इस पद के लिए फाइनल किया गया है। गिलानी जिस सीट से चुनाव लड़े थे, वहां हार गए थे, लेकिन उन्हें टेक्नोक्रेट सीट से विधानसभा के लिए चुना गया था।

## रूस ने नौ यूक्रेनी शहरों के अर्थतंत्र को बनाया निशाना

- यूक्रेनी सेना को मिलीं इंटरसेप्ट मिसाइलें, सात रूसी बैलेस्टिक मिसाइलें नष्ट कीं
- यूक्रेनी ड्रोन ने रूस की आनलाइन कंपनी ओजोन को फिर बनाया निशाना



यूक्रेन पर रूसी हमले के बीच गुरुवार को कीव के पास एक हवाई हमले के बाद यूक्रेनी बचावकर्मी एक गोदाम में लगी आग को बुझाते हुए। एएफपी

**कीव, रायटर :** रूस ने गुरुवार तड़के यूक्रेन की राजधानी कीव समेत नौ शहरों को मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाया। इन हमलों में रूस ने खासतौर से यूक्रेन के आर्थिक ठिकानों को निशाना बनाया है। जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया उनमें बंदरगाह, गोदाम, ऊर्जा ठिकाने और औद्योगिक इकाइयां मुख्य हैं। रूस ने इन हमलों में बैलेस्टिक मिसाइलों, हाइपरसोनिक मिसाइलों, क्रूज मिसाइलों और जेट इंजन चालित ड्रोन का इस्तेमाल किया।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया है कि इसी सप्ताह उनकी सेना को पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम की कुछ मिसाइलें मिली हैं। इसके परिणामस्वरूप रूस की सात बैलेस्टिक मिसाइलों, एक क्रूज मिसाइल और करीब 90 प्रतिशत ड्रोन को आकाश में नष्ट करने में सफलता मिली लेकिन इंटरसेप्ट मिसाइलों की कमी अभी बनी हुई है। ताजा रूसी हमले में खार्कीव के शापिंग सेंटर में एक व्यक्ति की मौत हुई है और दो घायल हुए हैं। गुरुवार को रूस के छह ड्रोन ने माल्दोवा के आकाश में भी प्रवेश किया लेकिन उनसे पड़ोसी देश को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

बुधवार-गुरुवार रात रूस पर यूक्रेन के हमले में आनलाइन कंपनी ओजोन का मध्य रूस में स्थित ठिकाना निशाना बना है। वाइल्डबेरीज को नुकसान पहुंचाने के बाद यूक्रेन अब रूस की दूसरी सबसे बड़ी आनलाइन कंपनी ओजोन के ठिकानों पर हमले कर रहा है।

**ब्रिटेन के सैन्य ठिकानों पर हमला कर सकता है रूस :** रूस ने कहा है कि युद्ध में अगर यूक्रेनी सेना ब्रिटेन की स्टार्म शैडो क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल करती है तो वह ब्रिटिश सैन्य ठिकानों को निशाना बना सकता है। ब्रिटेन द्वारा यूक्रेन को क्रूज मिसाइल देने से युद्ध भड़कने की रूस लगातार चेतावनी दे रहा है लेकिन ब्रिटेन उसकी ओर ध्यान नहीं दे रहा है। इसलिए रूस को कार्रवाई करनी पड़ेगी।

## ट्रंप बोले, ईरान से दोबारा बातचीत शुरू करने की कोई हड़बड़ी नहीं

- कच्चे तेल की कीमत में बढ़ोतरी, 89 डालर प्रति बैरल पहुंचा
- होर्मुज में अस्थायी शिपिंग कारिडोर पर कतर-ईरान में चर्चा

**जेएनएन, नई दिल्ली:** पश्चिम एशिया में कायम गतिरोध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान को अमेरिका के साथ बातचीत की मेज पर लौटने के लिए कोई तय समय-सीमा नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि उन्हें बातचीत दोबारा शुरू कराने की कोई जल्दी नहीं है। गतिरोध कायम रहने से तेल आपूर्ति पर असर पड़ने के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत बढ़कर 89 डालर प्रति बैरल तक पहुंच गईं। ट्रंप के बयान के बाद व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने भी स्पष्ट किया कि अमेरिका और ईरान के बीच फिलहाल कोई बातचीत नहीं हो रही है। रायटर के अनुसार, उन्होंने फाक्स न्यूज से कहा कि बातचीत तब तक शुरू नहीं होगी, जब तक राष्ट्रपति को यह भरोसा नहीं हो जाता कि ईरान 'किसी सार्थक तरीके' से बातचीत के लिए तैयार है। लेकिन अब तक ईरान की ओर से ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है।

आइएएनएस के अनुसार, कतर और ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से होकर एक अस्थायी शिपिंग कारिडोर बनाने पर चर्चा की है। कतर के विदेश मंत्रालय के अनुसार, कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी ने गुरुवार को तेहरान में ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची के साथ प्रस्तावित अंतरिम व्यवस्था पर बातचीत की।

वहीं, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने गुरुवार को कहा कि उनका देश पड़ोसी देशों के साथ मिलकर क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्था बनाने के लिए तैयार है।

### 9/11 के मास्टरमाइंड खालिद शेख के खिलाफ जून 2028 में शुरू होगा ट्रायल

**वाशिंगटन, एपी :** अमेरिकी वायुसेना के एक जज ने 11 सितंबर 2001 आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड खालिद शेख मोहम्मद और तीन अन्य आरोपितों के लिए जून 2028 में ट्रायल की तारीख तय की है। एयर फोर्स के लेफ्टिनेंट कर्नल माइकल ए. शरामा ने कहा कि ट्रायल पांच जून 2028 को शुरू होना है, जो प्रासिक्यूटर की जनवरी 2027 में शुरू करने की मांग से 18 महीने बाद है। ट्रायल से पहले के विवादों को सुलझाने के लिए अतिरिक्त समय की जरूरत है, जिसमें इस बात पर असहमति भी शामिल है कि ट्रायल में कौन से सुबूत पेश किए जा सकते हैं। अमेरिकी सेना और लगातार कई सरकारों ने दो दशकों से अधिक समय तक उस व्यक्ति को सजा दिलाने के लिए संघर्ष किया है, जिस पर अमेरिका पर हुए अब तक के सबसे घातक हमलों में से एक की साजिश करने का आरोप है।

## चिंतन

# हिमालय पर कम हो मानवीय दबाव

नेपाल-तिब्बत सीमा पर आई अचानक बाढ़ ने हिमालय की उस चेतावनी को फिर सामने ला दिया है, जिसे हम बार-बार सुनकर भी अनसुना करते रहे हैं। अब तक 359 शव बरामद होने और करीब 1,500 लोगों के लापता होने की खबर किसी सामान्य प्राकृतिक आपदा का आंकड़ा नहीं है। यह हिमालयी क्षेत्र में बढ़ते पर्यावरणीय संकट की भयावह तस्वीर है। भारत के 288 नागरिकों से संपर्क न होना और 21 भारतीयों का सुरक्षित बचाया जाना इस त्रासदी की सीमा को और स्पष्ट करता है। सवाल अब यह नहीं कि ऐसी आपदा क्यों आई, बल्कि यह है कि अगली आपदा कितनी बड़ी होगी? एक रिपोर्ट के मुताबिक हिमालय पर एक और झील फटने के कगार पर है। ऐसा हुआ तो जल्द एक और त्रासदी का सामना करना पड़ सकता है। नेपाल की बाढ़ के बीच देहरादून स्थित वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान समेत तीन संस्थानों का अध्ययन बेहद गंभीर चेतावनी देता है। पूरे हिमालय क्षेत्र में 221 ऐसी हिमनदीय झीलों की पहचान हुई है, जिनके फटने पर अचानक बाढ़ का खतरा है। कोसी, यारलुंग जांगबो, मानस और ऊपरी सिंधु नदी घाटियां विशेष रूप से संवेदनशील मानी गई हैं। यानी नेपाल की त्रासदी को केवल एक घटना मानकर भूल जाना खतरनाक होगा। हिमालय के भीतर ऐसे कई संभावित खतरे जमा हैं, जो किसी भी समय बड़ी तबाही का कारण बन सकते हैं। भारत भी इससे सुरक्षित नहीं है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम की कई नदी घाटियां जोखिम में हैं। उत्तराखंड की स्थिति तो और चिंताजनक है। अलकनंदा बेसिन में 219 हैंगिंग ग्लेशियरों की मौजूदगी सामने आई है। इनके टूटने पर केवल बर्फ ही नहीं, बल्कि चट्टान और मलबा भी तेज गति से नीचे आ सकता है। इस संकट की जड़ में जलवायु परिवर्तन है, लेकिन पूरी जिम्मेदारी केवल बढ़ते तापमान पर डालकर हम बच नहीं सकते। हिमालय पर मानवीय दबाव लगातार बढ़ा है। सड़कें, सुरंगें, जलविद्युत परियोजनाएं, होटल, भवन और अनियोजित निर्माण पहाड़ों की प्राकृतिक संरचना को कमजोर कर रहे हैं। जब हम उस व्यवस्था में जरूरत से ज्यादा हस्तक्षेप करते हैं तो भारी बारिश या ग्लेशियर टूटने जैसी प्राकृतिक घटना विनाशकारी बन जाती हैं। धार्मिक पर्यटन और बढ़ती मानवीय आवाजाही ने भी समस्या को गंभीर किया है। हिमालय आस्था का केंद्र है, लेकिन आस्था के नाम पर उसकी वहन क्षमता को नकारना दूरदर्शिता नहीं है। लाखों लोगों की आवाजाही, वाहनों का दबाव और कचरे का बढ़ता बोझ उस पारिस्थितिकी तंत्र को कमजोर कर रहा है, जो पहले ही तापमान वृद्धि का सामना कर रहा है। अब समय राहत के बाद सब कुछ भूल जाने का नहीं, आपदा से पहले जोखिम घटाने का है। सरकारों को हर बड़ी परियोजना से पहले हिमालय की वहन क्षमता का कठोर आकलन करना होगा। संवेदनशील क्षेत्रों में निर्माण सीमित करना होगा, झीलों और ग्लेशियरों की लगातार निगरानी करनी होगी और स्थानीय आबादी को समय रहते चेतावनी देने की व्यवस्था मजबूत करनी होगी। प्रकृति को चुनौती देकर विकास हासिल नहीं किया जा सकता। हिमालय कमजोर होगा तो उसकी कीमत पहाड़ ही नहीं, मैदान भी चुकाएंगे। हमें तय करना होगा कि हिमालय को विकास के नाम पर कितना और काटना है। क्योंकि पहाड़ कम होंगे तो दबाव नहीं घटेगा, हमारी मुश्किलें बढ़ेंगी। हिमालय को बचाने का पहला रास्ता उस पर बढ़ता मानवीय दबाव कम करना ही है।



मुद्दा
राज कुमार सिन्हा

# संकट बढ़ा रहा प्लास्टिक कचरा

पानी, मिट्टी, प्रदूषण के अलावा अनदेखा किया जाने वाला एक संकट कचरे का भी है। दूसरे जानलेवा मसलों की तरह कचरा भी धीरे-धीरे हमें अपने नीचे दबाने, मिटाने की ओर बढ़ रहा है। हरिद्वार की कांवड़ यात्रा के बाद घाटों पर करीब 8,000 टन कचरा छोड़ दिया जाना केवल सफाई व्यवस्था की समस्या नहीं है। यह उस गहरे संकट का संकेत है जिसमें धार्मिक आस्था, पर्यटन, उपभोग और हमारी कचरा संस्कृति पर्यावरणीय जिम्मेदारी से लगातार दूर होती जा रही है। हमें तय करना होगा कि हमारी धार्मिक यात्रा किसी नदी को गंदा करके, किसी पहाड़ को प्लास्टिक से ढककर पूरी नहीं हो सकती। अब समय कचरे के पहाड़ों को हटाने का नहीं, ऐसे पहाड़ पैदा होने से रोकने और नीति बनाने का है।

मौजूदा दौर में कुछ मसले ऐसे हैं जिनके बारे में लगातार बोला-बताया तो जाता है, लेकिन उन पर कोई असर पड़ता दिखाई नहीं देता। पानी, मिट्टी, प्रदूषण के अलावा अनदेखा किया जाने वाला एक संकट कचरे का भी है। दूसरे जानलेवा मसलों की तरह कचरा भी धीरे-धीरे हमें अपने नीचे दबाने, मिटाने की ओर बढ़ रहा है। हरिद्वार की कांवड़ यात्रा के बाद घाटों पर करीब 8,000 टन कचरा छोड़ दिया जाना केवल सफाई व्यवस्था की समस्या नहीं है। यह उस गहरे संकट का संकेत है जिसमें धार्मिक आस्था, पर्यटन, उपभोग और हमारी कचरा संस्कृति पर्यावरणीय जिम्मेदारी से लगातार दूर होती जा रही है।

आस्था का अधिकार सबको है, लेकिन आस्था के नाम पर प्रकृति को कचरे का ढेर बना देना किसी भी दृष्टि से स्वीकार्य नहीं हो सकता। पिछले वर्ष 2025 में केदारनाथ धाम में रिकॉर्ड 17 लाख 68 हजार लोगों ने बाबा केदार के दर्शन किए। इस विशाल धार्मिक यात्रा के साथ केदारनाथ धाम में लगभग 2,300 टन कचरे का पहाड़ भी जमा हो गया। हर यात्री ने औसतन डेढ़ किलो कचरा छोड़ा। यह कचरा गौरीकुंड से लेकर केदारनाथ धाम तक फैला था। इसमें करीब 100 टन प्लास्टिक और 2,200 टन अन्य कचरा था। उच्च हिमालयी क्षेत्र में जमा यह कचरा पारिस्थितिकी, जलस्रोतों, वनस्पतियों और वन्यजीवों के लिए गंभीर चुनौती है। समस्या केवल धार्मिक यात्राओं तक सीमित नहीं है। दिल्ली सरकार की 23 दिसंबर 2025 को एनजीटी को दी गई जानकारी के अनुसार शहर में प्रतिदिन 11,852 टन कचरा उत्पन्न होता है। इसमें से 7,611 टन यानी 64.2 प्रतिशत कचरे का प्रतिदिन प्रसंस्करण किया जाता है, जबकि लगभग 4,241 टन यानी 35.8 प्रतिशत कचरा प्रतिदिन डंपसाइटों भलस्वा और गाजीपुर में निपटान के लिए बच जाता है।

इसका अर्थ है कि कचरे का पहाड़ केवल हिमालय या तीर्थस्थलों में नहीं बन रहा, बल्कि महानगरों के आसपास भी लगातार बढ़ रहा है। 'सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट' (सीएसई) की नई रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर दिन करीब 19 हजार टन प्लास्टिक कचरा पैदा होता है। इसमें से प्लास्टिक का 62 प्रतिशत पैकेजिंग के लिए इस्तेमाल होता है, जबकि वैश्विक औसत लगभग 40 प्रतिशत है। प्लास्टिक पैकेजिंग की खपत सालाना 8 से 9 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। ऑनलाइन खरीदारी ने इस संकट को और तेज किया है। एक सामान्य ऑनलाइन डिलीवरी में पॉली मेलर, प्लास्टिक रैप, टेप, लेबल और अतिरिक्त पैकेजिंग जैसी कई सामग्रियां शामिल होती हैं। प्रत्येक ऑनलाइन ऑर्डर के साथ नया पैकेजिंग कचरा पैदा होता है। ई-कॉमर्स बाजार जितना बढ़ता जा रहा है, पैकेजिंग कचरे की मात्रा भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है। 'केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड' के अनुसार भारत में हर साल लगभग 39 लाख टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है। इसमें से लगभग आधा ही एकत्र किया जाता है और एकत्र किए गए कचरे में से भी लगभग 50 प्रतिशत का ही रिसाइकिल किया जाता है। शेष कचरा कहां जाता है? इसका बड़ा हिस्सा लैंडफिल, नदियों और समुद्रों में पहुंचता है या उसे जला दिया जाता है। जलाने से वायु-प्रदूषण और जहरीले उत्सर्जन का खतरा बढ़ता है। प्लास्टिक हमारे हवा, पानी और भोजन में भी प्रवेश कर रहा है। वर्ष 2000 से 2019 के बीच



लगभग 3 करोड़ टन प्लास्टिक समुद्री वातावरण में जमा हुआ था। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि मौजूदा प्रवृत्ति जारी रही तो 2050 तक समुद्रों में मछलियों की तुलना में प्लास्टिक की मात्रा बहुत गंभीर स्तर तक पहुंच सकती है। पिछले वर्ष तमिलनाडु के जंगलों से एक ही दिन में 55 टन प्लास्टिक कचरा एकत्र किया गया था। कोयम्बटूर के निकट मारुथमलाई की तलहटी में एक गर्भवती हथिनी की मृत्यु हुई और उसकी आंत में प्लास्टिक की थैलियां पाई गईं।

यह घटना बताती है कि मनुष्य द्वारा फेंका गया कचरा अंततः वन्यजीवों में प्रवेश कर रहा है। भारत में प्रतिवर्ष लगभग 70.73 लाख टन कपड़ा कचरा उत्पन्न होता है। इसमें लगभग 42 प्रतिशत हिस्सा फैक्ट्रियों और विनिर्माण इकाइयों का उपभोग-पूर्व कचरा है, जबकि 58 प्रतिशत हिस्सा उपभोक्ताओं द्वारा फेंके गए पुराने कपड़ों और घरेलू वस्त्रों का है। कपड़ा उद्योग का संकट केवल पुराने कपड़ों के कचरे तक सीमित नहीं है। कपड़ा रंगाई और प्रसंस्करण इकाइयों से निकलने वाला जहरीला और संदूषित पानी स्थानीय जलस्रोतों और भूजल को प्रदूषित कर सकता है। बिना रीसाइक्लिंग के फेंका गया कपड़ा लैंडफिल पर दबाव बढ़ाता है और जैविक पदार्थ के सड़ने से मीथेन जैसी ग्रीनहाउस गैसें निकलती हैं। सीएसई के अनुसार आज दुनिया में बनने वाले 60 प्रतिशत से अधिक नए कपड़ों में किसी-न-किसी रूप में प्लास्टिक आधारित फाइबर का इस्तेमाल होता है। इसका मतलब है कि 'फास्ट फैशन' का संकट केवल कपड़ों की अधिक खपत नहीं, बल्कि प्लास्टिक की बढ़ती खपत का भी संकट है। ऐसे में कंपनियों को केवल उत्पादन और बिक्री के लिए नहीं, बल्कि उत्पाद के उपयोग के बाद पैदा होने वाले कचरे के लिए भी जवाबदेह बनाना होगा। सबसे पहले अनावश्यक उपभोग को कम करना जरूरी है। जिस पैकेजिंग की आवश्यकता नहीं है, उसका उत्पादन ही क्यों किया जाए? ऑनलाइन खरीदारी में अनावश्यक प्लास्टिक रैप और अतिरिक्त पैकेजिंग पर रोक होनी चाहिए। दूसरा कदम पुनः उपयोग है। ऐसी पैकेजिंग सामग्री को बढ़ावा दिया जाना चाहिए जिन्हें बार-बार इस्तेमाल किया जा सके। तीसरा कदम पुनर्चक्रण है, लेकिन रीसाइक्लिंग को हर समस्या का समाधान मानना भी गलत है। ऐसी सामग्री डिजाइन करनी होगी जिसे वास्तव में और आर्थिक रूप से रिसाइकिल किया जा सके। चौथा और सबसे महत्वपूर्ण कदम है जवाबदेही। उत्पादक कंपनियों को उत्पादक उत्तरदायित्व केवल कागजी अनुपालन नहीं, बल्कि वास्तविक जिम्मेदारी के रूप में लागू करना चाहिए।

तीर्थस्थलों और पर्यटन क्षेत्रों में विशेष कचरा प्रबंधन व्यवस्था होनी चाहिए। यात्रियों की संख्या के आधार पर कचरा-उत्पादन का अनुमान लगाया जाए, स्रोत पर कचरा अलग किया जाए, एकल-उपयोग प्लास्टिक पर प्रभावी रोक हो और तीर्थयात्रियों को 'जो लाएं, वापस ले जाएं' के सिद्धांत से जोड़ा जाए। धार्मिक यात्राओं और बड़े आयोजनों में आयोजकों, प्रशासन, स्थानीय निकायों और यात्रियों की साझा जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। सबसे बढ़कर उपभोक्ता संस्कृति में बदलाव जरूरी है। 'खरीदो, इस्तेमाल करो और फेंक दो' की संस्कृति को 'कम खरीदो, लंबे समय तक इस्तेमाल करो, पुनः उपयोग करो और पुनर्चक्रण करो' की संस्कृति में बदलना होगा। असली संकट यह है कि हमने विकास, सुविधा, उपभोग और आस्था को प्रकृति की सीमाओं से अलग कर दिया है। हमें तय करना होगा कि हमारी धार्मिक यात्रा किसी नदी को गंदा करके, किसी पहाड़ को प्लास्टिक से ढककर या किसी जंगल में कचरा छोड़कर पूरी नहीं हो सकती। अब समय कचरे के पहाड़ों को हटाने का नहीं, ऐसे पहाड़ पैदा होने से रोकने और नीति बनाने का है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विज्ञापन विवाद
डॉ. मोनिका शर्मा



# परंपरागत भाव-चाव को बेरंग करने की कुत्सित सोच

फिल्मी दुनिया के चर्चित चेहरों और विज्ञापन कंपनियों द्वारा भारतीय पर्वों और परम्पराओं का उपहास उड़ाने के प्रवृत्ति कई बार दिखी है। कभी पहनावे के विचित्र रंग-ढंग तो प्रस्तुतीकरण में भावनाओं से खेलने का इरादा। स्पष्ट दिखता है कि इनके लिए न तो जनभावनाओं की अहमियत है और न ही इन्हें रीति-रिवाज के पारिवारिक रंगों को बेरंग की फिक्र है। एक ज्वेलरी ब्रांड के विज्ञापन को लेकर आ रही आमजन की प्रतिक्रियाएं बताती हैं कि इस बार भी यही खेल खेला गया है। सवाल यह है कि सामाजिक समरसता और जुड़ाव के भाव को पोसने वाले सहज विज्ञापन क्यों नहीं बनाए जा सकते? साथ ही प्रश्न यह भी उठता है कि प्रस्तुतीकरण और हैरान-परेशान करने वाली संकल्पना का अंदाज़ हर बार केवल एक समुदाय के त्योहारों के साथ ही क्यों अपनाया जाता है? ध्यातव्य है कि विवादित विज्ञापन में अभिनेत्री कृति सेनन के परिधान और अपने कुत्ते को राखी बांधने की बात आमजन को खटक रही है।कहना गलत नहीं होगा कि विज्ञापन में अभिनेत्री द्वारा जैसे कपड़े पहने गए हैं, रक्षाबंधन का पावन पर्व मनाते हुए आम परिवारों में तो नहीं पहने जाते। राखी का त्योहार भाई-बहन के स्नेह साथ से जुड़ा एक सुंदर पर्व है। आज भी सभी परिजन-स्वजन मिलकर यह त्योहार मनाते हैं। घर-परिवार के गरिमामयी परिवेश में जीवनशैली के ऐसे रंग तो नहीं ही दिखते। जबकि क़रीब 35 सेकंड के इस विज्ञापन में कृति सेनन रक्षाबंधन मनाते हुए सफ़ेद रंग का लहंगा और साथ में डीप-नेक ब्रालेट स्टाइल का ब्लाउज़ पहनने दिखती हैं। साथ ही अपने पालतू कुत्ते को भी राखी बांधती हैं। यह सब एक पावन त्योहार का मज़ाक उड़ाने की जानबूझकर की गई कोशिश ही प्रतीत होता है।आमजन की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले इस विवादित विज्ञापन को लेकर अभिनेत्री का कहना है कि त्योहार या संस्कृति को पहनावे से नहीं जोड़ना चाहिए। एक महिला होने के नाते, उन्हें क्या पहनना चाहिए ये उन्हें नहीं बताया जाए। राहुल गांधी ने उनका समर्थन करते हुए इंस्टाग्राम पर उनकी स्टोरी को शेयर किया है। साथ ही राहुल गांधी ने कहा है कि 'एक महिला क्या पहनती है, क्या करती है और कहां जाती है - यह उनकी पसंद है। महिलाओं को उनकी आजादी का इस्तेमाल करने के लिए ट्रोल करना बंद करें। इस पोस्ट के साथ नेता प्रतिपक्ष ने हैशटैग 'स्मैश द पेट्रियार्की' (पितृसत्ता को तोड़ो) का भी इस्तेमाल किया है। वहीं अभिनेत्री और सांसद कंगना राणावत द्वारा अपनी पोस्ट में कही बात का अर्थ यह है कि हमारे पास परिधानों के बहुत से विकल्प होते हैं। स्टाइल के नाम पर अजब-गजब प्रयोग करने के बजाय त्योहारों को परंपरा और शालीनता के साथ भी मनाया जा सकता है। वस्तुतः, रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन को ही नहीं पारिवारिक सम्बन्धों को भी जोड़ता है। प्रेम व दायित्व निर्वहन का यह सूत्र भाई-बहन के रिश्ते को ही नहीं पारिवारिक परिवेश में भी अपनेपन को पोषित करता है। बिखरते रिश्तों के मौजूदा दौर में सम्बन्धों को संजीदगी से सहेजने और दृढ़ता से थामे रखने की सोच को बल देता है। यह रिश्ता बच्चों के लिए भौतिक और भावनात्मक सहारे का स्रोत होता है। जो अकेलेपन और अवसाद से बचाने की भी क्षमता रखता है। सुखद है कि नई पीढ़ियां भी इस डोर के स्नेह से जुड़ी रहती हैं। मेल-मिलाप और रिश्तों के मायने समझती हैं। ऐसे में परंपरागत भाव-चाव से परे इस विज्ञापन में शामिल कई चीज़ें पर्व की गरिमा और जुड़ाव को ठेस पहुंचाने वाली लगती हैं। पहनावे के इस अंदाज़ और विज्ञापन की संकल्पना को लेकर सोशल मीडिया पर लोगों द्वारा आपत्ति जताना भी इसी बात की तस्दीक करता है। विडम्बना ही है कि हर बार त्योहारी मौसम में आस्था का रंग ही नहीं, उपहास का बेरंग बर्ताव भी खूब देखने को मिलता है। व्रत-उत्सवों को लेकर अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर कुछ भी परोसने का व्यवहार आम हो चला है। विज्ञापनों से लेकर व्यक्तिगत पोस्ट्स तक, चर्चित चेहरे और कम्पनियां खूब नकारात्मकता परोसती हैं। अब तो कमोबेश हर त्योहारी रीत-रिवाज का ही मजाक बनाया जाता है। जान-बूझकर पर्वों के परंपरागत रंगों को धूमिल करने का प्रयास किया जाता है। असल में यह सोशल मीडिया मंचों पर चर्चा पाने का एक सस्ता तरीका बन गया है। पहले भी देखने में आया है कि बहुत से उत्पादों, सेवाओं और कंपनियों द्वारा प्रचार पाने की लालसा में सोची-समझी संकल्पना के साथ ऐसे विज्ञापन बनाए गए हैं। विडम्बना ही है कि विवादित या आलोचनात्मक कंटेन्ट वाले विज्ञापन बनाकर सार्वजनिक रूप से नकारात्मक चर्चा पाना भी उपलब्धि मानी जाने लगी है। निःसंदेह, परंपरागत पर्वों को लेकर कुछ न कुछ नकारात्मक जोड़ने या सकारात्मक भाव-चाव को पीछे कर देने का खेल जनमानस को ठेस पहुंचाने वाला है।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जन्म के साथ प्रारंभ व मृत्यु पर समाप्त होती है यात्रा



संकलित
दर्शन

शरीर में समाहित ऊर्जापुंज को आत्मा कहा गया है। यह आत्मा अनंत ऊर्जा अर्थात परमात्मा का एक अति सूक्ष्म अंशमात्र है। भौतिक जगत में रहते हुए यह भौतिक शरीर एक यात्री के सदृश होता है। शरीर के जन्म के साथ ही यात्रा प्रारंभ होती है एवं मृत्यु के उपरांत समाप्त हो जाती है। अर्थात भौतिक शरीर के लिए जीवन एक यात्रा के समतुल्य है। जन्म के साथ ही ऊर्जापुंज अर्थात आत्मा भौतिक शरीर से संयुक्त होकर उसकी यात्रा में सहयात्री की भूमिका का निर्वहन करने लगता है एवं मरणोपरांत स्वयं को यात्रा से अलग कर लेता है। यह कहा जा सकता है कि भौतिक शरीर की यात्रा का आदि और अंत स्पष्टतः ज्ञात होता है, परंतु ऊर्जापुंज जिसे आत्मा कहकर संबोधित किया जाता है, अपनी यात्रा के आदि और अंत से सर्वथा अपरिचित होता है। आत्मा की यात्रा कब और क्यों प्रारंभ हुई तथा कब और क्यों पूर्ण होगी? इन प्रश्नों का हल आज भी एक चुनौती के रूप में खड़ा है। ऊर्जापुंज अगणित भौतिक शरीरों की भौतिक यात्रा में सहयात्री की भूमिका को निभाता हुआ अपनी अनंत दिव्ययात्र को जारी रखता है। अर्थात आत्मा की इस अलौकिक यात्रा में अनंत लौकिक यात्राएं शामिल होती हैं। इस अलौकिक यात्रा के संबंध में केवल इतना ही कहा जा सकता है कि यह यात्रा अनंत से प्रारंभ होकर अनंत पर ही पूर्ण होगी, किंतु अनंत को परिभाषित करना भी असंभव है। अनंत को अज्ञात का पर्याय माना जा सकता है। प्रश्न यह उठता है कि इस अनंत गति को अनवरत जारी रखने के लिए आवश्यक बल किस स्नेत से प्राप्त होता है?

## सुदर्शन रूप में भक्त की प्रेत से रक्षा



संकलित
प्रेरणा

संत अनंतकृष्ण बाबा जी के पास एक लड़का सत्संग सुनने के लिए आया करता था। संत से प्रभावित होकर बालक द्वारा दीक्षा के लिए प्रार्थना करने पर बाबा जी ने कहा कि महामंत्र का 11 लाख जप करके आओ उसके बाद विचार करेंगे। लगभग कुछ महीनों के पश्चात जप की संख्या पूरी करने के बाद वह बाबा के पास पुनः आया। बाबा ने बालक को कहा 11 लाख और जप करके आना। अभी 3-4 वर्ष ही बीते थे साधक जीवन में प्रवेश किए हुए, उसके मन में श्रद्धा की कमी होने लगी । वह एक दिन कहीं जा रहा था रास्ते में एक तांत्रिक को कुछ सिद्धियों का प्रदर्शन करते हुए देखा। तांत्रिक ने उससे अपने बारे में पूछा, उसने अपनी उपासना के बारे में बताया । तांत्रिक ने पूछा कि तुम इतने वर्षों से इतनी संख्या में जप करते हो, साधना करते हो उससे तुम्हे कुछ अनुभूति हुई? हमारी तरह प्रेत सिद्ध कर लो, तुम्हारे सब काम प्रेत कर दिया करेगा, बालक ने तांत्रिक से साधन की विधि जानी और शीघ्र ही थोडे मंत्रो के जप से ही सिद्ध प्राप्ति कर ली। उसने तांत्रिक से कहा कि मुझे तो कोई प्रेत सिद्ध हुआ नहीं। तांत्रिक ने कहा पुनः प्रयास करो। इस बार भी प्रेत प्रकट नहीं हुआ। तांत्रिक ने प्रेत को बुलाकर पूछा कि तुम इसके सामने क्यों नहीं प्रकट होते हो? उस प्रेत ने कहा मैं तो जैसे ही इसके थोड़े निकट जाता हूँ, इसके पीछे एक सुदर्शन चक्र प्रकट हो जाता है। मैं महान बलवान होने पर भी उस चक्र के तेज के सामने टिक नही सकता। अवश्य ही कोई शक्ति इसकी रक्षा करती है।

## राखियां दिखाती छात्राएं



रक्षा बंधन त्योहार की एक शाम पहले, गुरुवार को पश्चिम बंगाल के नादिया में स्टूडेंट्स अपनी राखियां दिखाते हुए।

## आज की पाती

### प्याज की बढ़ती कीमत महंगाई का एक और झटका

अगर देश में कोई भी खाने की चीज, वो भी गरीब से गरीब के लिए भी रोजमर्रा में प्रयोग होने वाली हो, महंगी हो जाए तो सरकारों को उसकी कीमत कम करने के उपाय प्राथमिक आधार पर करने चाहिए। विकास के वादे और दावे तब तक खोखले माने जा सकते हैं, जब तक देश में पैदा होने वाली चीजें महंगी हों। अब तो सरकारों को प्याज की बढ़ती कीमतों के लिए कुंभकर्णी नींद से जाग जाना चाहिए, क्योंकि अब देश के कुछ राज्यों में इसकी कीमत 50 रुपए प्रति किलो से ऊपर हो चुकी है। वैसे प्याज की कीमतें इससे पहले भी बढ़ती थी और इस पर खूब राजनीति भी होती आई है। प्याज पर ही नहीं, बल्कि हर तरह की महंगाई को मुद्दा बनाकर चुनाव लड़े जाते हैं। लेकिन महंगाई के समाधान के लिए किसी भी राजनीतिक पार्टी की सरकार ने आज तक गंभीरता नहीं दिखाई। *- प्रकाश देसाई, रायपुर*

## करंट अफेयर

# बच्चों की पढ़ाई के लिए प्रिंस हैरी और मेगन ब्रिटेन लौटे

प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन मर्केल ब्रिटेन पहुंचे। ब्रिटिश मीडिया की खबरों में दावा किया गया है कि हैरी अपने बच्चों आर्ची और लिलिबेट के अगले महीने शुरू होने वाले नए स्कूल सत्र के लिए ब्रिटेन लौटे हैं। हैरी और मेगन के कैलिफोर्निया से निजी विमान से बर्मिंघम हवाईअड्डे पहुंचने की खबर है। माना जा रहा है कि परिवार लंदन के बाहर सुरम्य कॉट्सवोल्ड्स इलाके में स्थित एक निजी संपत्ति में रहेगा। ड्यूक और डचेस ऑफ ससेक्स के प्रवक्ता ने बीबीसी से कहा, 'यह ऐसी बात नहीं है जिस पर हम टिप्पणी करें।' द डेली टेलीग्राफ' ने एक सूत्र के हवाले से कहा, ' 'वे कितने समय तक रहेंगे? मुझे नहीं पता, लेकिन यह लंबा समय होगा। छह महीने, एक साल, दो साल... कौन जानता है।' अखबार के मुताबिक, दंपति की योजना एक 'अंतरराष्ट्रीय' परिवार के रूप में रहने की है और वे अमेरिका तथा पुर्तगाल में अपने घर बरकरार रखेंगे। सात वर्षीय प्रिंस आर्ची और पांच वर्षीय प्रिंसेस लिलिबेट सितंबर में शुरू होने वाले शरद ऋतु सत्र से एक ब्रिटिश स्कूल में पढ़ाई करेंगे। हैरी और मेगन के ब्रिटेन लौटने की खबर पिछले सप्ताह आई थी। उस समय बकिंघम पैलेस ने कहा था कि वह शाही परिवार के 'नॉन वर्किंग' सदस्यों से संबंधित घटनाक्रम पर टिप्पणी नहीं करता।



## ऑफ बीट

# मानव- मेंढक संबंधों का इतिहास जटिल रहा है

दरअसल, मेंढकों के प्रति हमारा आकर्षण नया नहीं है। जैसा कि हमारे शोध से पता चला है, मानव-मेंढक संबंधों का इतिहास लंबा और जटिल है - और यह सब अच्छा नहीं है। हम मेंढकों से प्यार क्यों करते हैं? मेढकों से सचमुच प्रेम करने वाले लोगों का एक समृद्ध इतिहास है। यह दिलचस्प है, क्योंकि बहुत से लोग सरीसृपों और उभयचरों की तुलना में स्तनधारियों और पक्षियों को अधिक पसंद करते हैं। लेकिन मेंढक एक अपवाद है - कई कारणों से। लोग बच्चों जैसे चेहरों की ओर आकर्षित होते हैं। मेंढकों की कई प्रजातियों में बड़ी आंखें होती हैं। न दांत और न नुकीले पंजे होने के कारण, वे तुरंत खतरनाक भी नहीं लगते, जबकि उनमें से कई की त्वचा का रंग सुंदर होता है और कुछ अविश्वसनीय रूप से छोटे होते हैं। मेंढक वास्तव में प्राकृतिक दुनिया के गहनों में से हैं, टोड के विपरीत, जो - अपने अधिक सांसारिक रंगों और 'मस्सेदार त्वचा' के साथ - आमतौर पर अधिक लोगों का पसंद नहीं आते हैं। इनकी सुंदरता हमें उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के घने वर्षावनों में अधिकांश लोगों की दृष्टि से छिपी जीवंत प्रकृति की व्यापक संपदा से जोड़ती है। और वे हमें हमारे अपने आंगन में प्रकृति से भी जोड़ते हैं।



## ट्रेंड

### लोहे की दीवार



टी-72 और टी-90 टैंक हमारी सीमाओं पर दुश्मन के लिए काल और हमारे सैनिकों के मनोबल का प्रतीक है। जबलपुर की व्हीकल फैक्ट्री की नई ओवरहॉलिंग सुविधा यह तय करेगी कि हमारी 'लोहे की दीवार' हमेशा फिट, मजबूत और युद्ध के लिए तैयार रहे।
- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### महिला विश्वविद्यालय



बिहार की बहनों के लिए एक "महिला विश्वविद्यालय" बनाया जाएगा, जहाँ हमारी बेटियां उच्च शिक्षा प्राप्त करेंगी। इस महिला विश्वविद्यालय मे प्रोफ़ेसर से लेकर वाइस-चांसलर और अन्य सभी पदों की जिम्मेदारी सिर्फ़महिलाएँ ही संभालेंगी।
- सम्राट चौधरी, सीएम, बिहार

### जवाबदेही की मांग



डॉक्टरों की भारी कमी का सामना कर रहे देश में, यह देखना दुखद है कि हजारों एमबीबीएस डॉक्टर नई दिल्ली के रणजीत सिंह पार्क मे प्रदर्शन कर रहे हैं। वे 'नेशनल बोर्ड ऑफ़एग्ज़ामिनेशन्स इन मेडिकल साइंसेज से जवाबदेही की मांग कर रहे है।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### एंट्रेंस एग्ज़ाम



हम स्कूल मे बच्चों को कुछ और सिखाते है, लेकिन कॉलेज में एडमिशन के लिए उनका टेस्ट किसी और चीज पर होता है! सरकार की विनीत जोशी कमिटी ने स्कूल की पढ़ाई और कॉलेज मे एडमिशन के लिए होने वाले एंट्रेंस एग्जाम के बीच इस अंतर को माना है।
- कमल हासन, फिल्म अभिनेता

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

संपादकीय

# हिमालयाचा पुन्हा इशारा !

**नेपाळच्या** रसुवा जिल्ह्यात बुधवारी सकाळी भोटेकोशी नदीला अकस्मात आलेल्या भीषण महापुराने पुन्हा एकदा हिमालयीन पट्ट्याच्या ठिसूळ वास्तवाकडे लक्ष वेधले आहे. शेकडो बळी, शेकडो बेपत्ता, वाहून गेलेली गावे, रस्ते, पूल, जलविद्युत प्रकल्प, हे चित्र भयंकर आहे. तीनशेपेक्षा अधिक भारतीय पर्यटक, यात्रेकरू, मजूरही बेपत्ता आहेत. या महाप्रलयात काही क्षणांत उद्ध्वस्त झालेले प्रत्येक घर, वाहून गेलेला प्रत्येक जीव, आप्तस्वकीयांच्या प्रतीक्षेत असलेले कुटुंबीय, हे सारे या आपत्तीचे काळजाला चरे पाडणारे रूप आहे. डोंगरकपारींमध्ये वसलेली ती गावे रोजीरोटीसाठी नदीवर, शेतीवर व पर्यटनावर अवलंबून होती. एका रात्रीत त्यांचे जगणेच उन्मळून पडले आहे. त्या भागात असलेले पर्यटक, यात्रेकरू व मजुरांचे संपर्कहीन होणे, त्यांच्या कुटुंबीयांची होणारी तडफड, हे केवळ बातम्यांचे विषय नसून जिवंत माणसांचे भोग आहेत, हे विसरून चालणार नाही. या दुर्घटनेकडे केवळ एक नैसर्गिक आपत्ती म्हणून पाहणे अपुरे ठरेल. तिबेटमधून उगम पावणाऱ्या नद्या, चीनच्या सीमापार जलधोरणाबद्दलच्या चिंता आणि उत्तराखंडसारख्या भारतीय सीमावर्ती भागांत अलीकडेच घडलेल्या तत्सम घटना, हे सारे धागे एकत्र गुंफून पाहिले, तरच या घटनेचे खरे स्वरूप समजू शकते. हिमालय हा भूवैज्ञानिक निकषांवर अत्यंत तरुण आणि अस्थिर पर्वत आहे. पाच कोटी वर्षांपूर्वी भारतीय व युरेशियन 'टेक्टोनिक प्लेट्स'ची टक्कर होऊन त्याची निर्मिती झाली. आजही भारतीय 'टेक्टोनिक प्लेट' दरवर्षी काही सेंटीमीटरने उत्तरेकडे सरकत असल्याने हिमालय सतत वर उचलला जात आहे. त्यामुळे हिमालयाचा भूभाग आजही अत्यंत सक्रिय, अस्थिर आणि अनेक ठिकाणी भूस्खलन व भूकंपासाठी अतिसंवेदनशील आहे. अरुंद व खोल दऱ्यांमधून वाहणारे पाणी झपाट्याने वेग पकडते आणि त्यामुळे त्याची विध्वंसक शक्ती प्रचंड वाढते. बुधवारच्या दुर्घटनेत नेमके हेच घडले. भूस्खलन हा त्या भागात अपवाद नाही, हे लक्षात घेतले पाहिजे. त्यातच वाढत्या जागतिक तापमानामुळे हिमनद्या वेगाने वितळत असल्याने संपूर्ण हिमालयीन पट्ट्यात सतत हिमसरोवरे तयार होत आहेत. त्यातील अनेक अस्थिर आहेत आणि कोणत्याही क्षणी फुटू शकतात. नेपाळातील पुराचे एक संभाव्य कारण म्हणून तज्ज्ञांनी त्याकडेच निर्देश केला आहे. सोबतच मान्सूनचा लहरीपणा आणि ढगफुटी हे घटकही कारणीभूत असावेत. थोडक्यात, नेपाळमधील महाप्रलय हा संपूर्ण हिमालयीन पट्ट्याला भेडसावणाऱ्या भूशास्त्रीय-पर्यावरणीय संकटाचे ठळक उदाहरण आहे आणि ते कोणत्याही सीमारेषेत बंदिस्त नाही. या नैसर्गिक ठिसूळतेला जोड मिळते ती त्या संपूर्ण पट्ट्यात, भारत, चीन, नेपाळ, भूतान या सर्वच देशांकडून मोठ्या प्रमाणात सुरू असलेल्या पायाभूत सुविधा प्रकल्पांची! रस्ते, बोगदे, जलविद्युत प्रकल्प आणि पूल अस्थिर उतारांवर उभारले जात असल्याने नैसर्गिक निचरा व्यवस्थेत बदल होतो आणि आपत्तीची तीव्रता वाढते. आपल्या उत्तराखंडचेच उदाहरण घ्या. ऑगस्ट महिन्यातच चमोली जिल्ह्यातील तमक नाल्यावरील बैली पूल अतिवृष्टीत वाहून गेला, नीती खोऱ्यातील डझनावारी सीमावर्ती गावांचा व लष्करी चौक्यांचा संपर्क तुटला, पिथौरागढमध्ये काली नदीने धोक्याची पातळी ओलांडली, तर धारचूला-तवाघाट महामार्गावरील कुलागाड पूल भूस्खलनात कोसळला, जो यापूर्वीही असाच तुटला होता. त्यामुळे हिमालयाच्या कुशीत सामरिकदृष्ट्या महत्त्वाच्या पायाभूत सुविधा उभारताना अधिक ठोस आणि दीर्घकालीन लवचीकतेवर आधारित नियोजनाची निकड आहे. नेपाळमधील महाप्रलयानंतर चीनने तिबेटमधील पुराची पूर्वसूचना नेपाळला वेळेत दिली नसल्याचा आरोप होत आहे. वेळेत इशारा मिळाला असता, तर काही प्रमाणात जीवितहानी टाळता आली असती, असा दावा केला जात आहे. चीनने अर्थातच त्याचा इन्कार केला असून, त्या देशाने जाणीवपूर्वक माहिती दडवल्याचा किंवा उशिरा दिल्याचा ठोस पुरावा अद्याप तरी समोर आलेला नाही. त्यामुळे सध्या तरी या आरोपाकडे सीमापार नदी माहिती सामायिकरण यंत्रणेतील संरचनात्मक त्रुटी म्हणूनच बघायला हवे. जाणीवपूर्वक कट किंवा पाण्याचा शस्त्र म्हणून वापर करण्याचा अभ्यास, असे निष्कर्ष काढण्याइतपत पुरावा सध्या तरी उपलब्ध नाही. त्याचवेळी तिबेटमधून उगम पावणाऱ्या नद्यांवरील चीनच्या नियंत्रणाबाबतची व्यापक चिंताही निराधार नाही. तिबेटमधील यारलुंग त्सांगपो (ब्रह्मपुत्रा) नदीवर, चीन जगातील सर्वात मोठा जलविद्युत प्रकल्प उभारत आहे. ब्रह्मपुत्रेच्या पाण्याच्या वाटपाबाबत भारत-चीनमध्ये बंधनकारक जलवाटप करार नसताना सुरू असलेला हा प्रकल्प भारत आणि बांगलादेशसाठी दीर्घकालीन जलसुरक्षेचा प्रश्न उभा करतो. भविष्यात या धरणातून अचानक मोठ्या प्रमाणात विसर्ग झाल्यास ईशान्य भारतातील सीमावर्ती भागांत विनाशकारी पूरस्थिती ओढवू शकते, तर पाण्याचा प्रवाह रोखल्यास अरुणाचल व आसाममधील लाखो शेतकऱ्यांच्या उपजीविकेवर व नदीकाठच्या आदिवासी समुदायांच्या अस्तित्वावर थेट परिणाम होऊ शकतो. शिवाय तो भूभाग भूकंपप्रवणही आहे. त्यानंतर भारतानेही सियांग खोऱ्यात ११,२०० मेगावॉटचा मोठा जलविद्युत व पूर नियंत्रण प्रकल्प हाती घेतला आहे. ती भारताची सामरिक ढाल म्हणता येईल. पाणी युद्धातील अस्त्र बनू शकते, ही संकल्पना नवी नाही. भारताने स्वतःच अलीकडे त्याचा प्रत्यय दिला आहे. पहलगाम दहशतवादी हल्ल्यानंतर भारताने पाकिस्तानसोबतचा सिंधू जलवाटप करार स्थगित केला आहे. पाकिस्तान सीमापार दहशतवादाला पूर्णपणे व विश्वासार्हपणे लगाम घालत नाही, तोपर्यंत तो स्थगितच राहील, अशी ठाम भूमिका भारताने घेतली आहे. पाकिस्तानचे पंतप्रधान व लष्करप्रमुखांपासून अनेक नेत्यांनी भारताच्या या निर्णयाला 'युद्धाची कारवाई' संबोधत, चीनला सोबत घेऊन प्रत्युत्तर देण्याच्या धमक्याही दिल्या आहेत. सिंधू खोऱ्यात भारत वरच्या बाजूला (अपस्ट्रीम), तर ब्रह्मपुत्रा खोऱ्यात खालच्या बाजूला (डाउनस्ट्रीम) असल्याची वस्तुस्थिती, तसेच चीन आणि पाकिस्तानचे सख्य बघता, उद्या चीनकडून भारताच्या विरोधात पाण्याचा वापर केला जाण्याचा धोका नाकारता येत नाही. या साऱ्या मुद्द्यांची एकत्र गुंफण केल्यास एक स्पष्ट निष्कर्ष समोर येतो. हिमालयाचे तरुण वय, बव्हंशी अस्थिर भूरचना आणि वाढते हवामान बदल हे त्या भागातील आपत्तींचे मूळ कारण आहे. या नैसर्गिक ठिसूळतेवर सर्वच देशांचे विकास-प्रकल्प अतिरिक्त ताण निर्माण करतात आणि त्यावर भू-राजकीय तणाव व अविश्वासाचे पदर चढतात! नेपाळमधील महाप्रलय, उत्तराखंडमध्ये वारंवार उद्भवणाऱ्या नैसर्गिक आपत्ती आणि सिंधू, तसेच ब्रह्मपुत्रेच्या पाण्यावरून निर्माण झालेले तणाव, हे तिन्ही एकाच व्यापक वास्तवाचे तीन चेहरे म्हणता येतील. त्याकडे एकत्रित पाहिल्यासच धोक्याचे खरे स्वरूप उमगते. इथे एक सावधगिरीचा इशाराही आवश्यक आहे. भू-राजकीय अविश्वासाच्या भरात प्रत्येक नैसर्गिक आपत्तीला शत्रुराष्ट्राच्या कारस्थानाशी जोडून पाहण्याचा मोह टाळला पाहिजे. नेपाळमधील महाप्रलय तिबेटमधील अतिवृष्टी, ढगफुटी किंवा हिमनदी सरोवर फुटण्यासारख्या नैसर्गिक कारणांतून घडला असण्याची शक्यता अधिक बळकट दिसते; परंतु सीमापार नदी-माहिती सामायिकरणातील त्रुटी, पारदर्शकतेचा अभाव आणि आंतरराष्ट्रीय जलकरारांच्या चौकटीची उणीव, या वस्तुनिष्ठ त्रुटींकडे दुर्लक्ष करणेही चुकीचे ठरेल. आशंका आणि सिद्ध तथ्ये यांतील सीमारेषा स्पष्ट ठेवूनच या विषयावर विवेकी चर्चा शक्य आहे. आकडे आणि धोरणांच्या पलीकडे जाऊन, या साऱ्या घडामोडींचे खरे मोजमाप डोंगरकुशीतील त्या कुटुंबांच्या डोळ्यांतूनच व्हायला हवे; ज्यांची घरे, गुरेढोरे, शेती आणि कुटुंबीय-आप्तस्वकीय एका रात्रीत नाहीसे झाले. हा मानवी चेहरा विसरता कामा नये! आरोप-प्रत्यारोपांच्या पलीकडे जाऊन, हिमालयीन राष्ट्रांनी एकत्रितपणे पूर्वसूचना यंत्रणा, आपत्ती-सज्जता आणि पायाभूत सुविधांच्या लवचीकतेवर गांभीर्याने काम करण्याची गरज आहे. हा डोंगरमाथ्यावरील सामान्य माणसाच्या जगण्या-मरण्याचा प्रश्न असल्याचे भान बाळगूनच पुढील वाटचाल व्हायला हवी, अन्यथा हिमालयाने दिलेला आणखी एक ताजा इशारा उद्याच्या मोठ्या आपत्तीची नांदी ठरण्याचा धोका कायम राहील.

# मोदी, फडणवीस आहेत; आपण कशाला धावायचे?

**सत्ताधाऱ्यांचा आत्मविश्वास बेफिकिरीत बदलत असून, विरोधक आणि विशेषत: काँग्रेस आक्रमक झाली असल्याचे चित्र धोक्याची घंटा ठरू शकते.**



यदु जोशी
राजकीय संपादक, लोकमत

**राजकारणात** पराभव नेहमी विरोधकांच्या ताकदीमुळेच होतो असे नाही. कधी कधी सत्ताधाऱ्यांचा आत्मविश्वास इतका वाढतो की तो हळूहळू आत्ममग्नतेत आणि पुढे बेफिकिरीत बदलतो. मग विरोधकांना विजय मिळवण्यासाठी फार मोठी लढाई करावी लागत नाही. सत्ताधाऱ्यांची निष्क्रियता हीच त्यासाठी सर्वात मोठी मदतनीस ठरते. महाराष्ट्रातील सत्ताधारी भाजप आणि महायुतीकडे पाहताना सध्या असाच एक प्रश्न निर्माण होतो. 'मोदी आहेत, फडणवीस आहेत; मग आपण कशाला एवढे धावायचे?' ही भावना पक्षात दिसते.

नरेंद्र मोदी हे आजही देशाचे सर्वात मोठे राजकीय ब्रँड आहेत. देवेंद्र फडणवीस हे राज्यात सर्वात प्रभावी नेते आहेत. पण मोदी प्रत्येक मतदारसंघात फिरू शकत नाहीत आणि फडणवीस प्रत्येक गावातील नाराजी दूर करू शकत नाहीत. लोकशाहीत 'मोठा नेता' दिशा देतो; पण मतदाराला बांधून ठेवते ते स्थानिक पक्षसंघटन. इथेच प्रश्न आहे. महाराष्ट्रात सत्तेतील अनेक मंत्री आपल्या खात्यापुरते, तर काही जण आपल्या जिल्ह्यापुरते मर्यादित झाल्याचे चित्र दिसते. सरकारचा चेहरा जिल्ह्यात, तालुक्यात, गावात आणि सामान्य माणसाच्या दारात दिसायला हवा. समूहाचे आणि व्यक्तींचे समाधान हाच उद्याच्या राजकारणासाठीचा यशस्वी मंत्र असेल, याची जाण कमी दिसते.

**तोच मतदार प्रश्न विचारतो..**

राजकारणात 'आपल्याला काही होणार नाही' ही भावना सर्वात धोकादायक असते. मोदींचे नाव आहे, फडणवीसांचे नेतृत्व आहे, संघटना आहे, त्यामुळे निवडणुकीत फार काही करावे लागणार नाही असे अनेकांना वाटते, पण मतदार हा कोणाचाही कायमचा नसतो. तो काल एका पक्षाला मतदान करतो आणि आज त्याच पक्षाला प्रश्न विचारतो. काल ज्याच्या नावावर टाळ्या वाजवल्या, त्याच्याच सरकारवर उद्या नाराजी व्यक्त करतो. लोकशाहीचा हा स्वभाव आहे. मतदाराची स्मरणशक्ती कमी असते, असे राजकारणी समजतात; प्रत्यक्षात मतदाराची सहनशक्ती कमी असते.

रस्ते, रोजगार, महागाई, शेती, स्थानिक प्रश्न, सरकारी कार्यालयातील अनुभव, विकासकामांची गती; या सगळ्यांचा एकत्रित परिणाम निवडणुकीत होतो. आणि त्यावेळी 'मोदीजी पाहतील' किंवा 'फडणवीसजी सांभाळतील' हा मंत्र फारसा उपयोगी पडत नाही.

तिकडे राहुल गांधी आक्रमक झाले आहेत. काँग्रेसच्या सक्रियतेकडे भाजपने गांभीर्याने पाहण्याची गरज आहे. विरोधक जिवंत झाला की सत्ताधाऱ्यांना स्वतःची नाडी तपासावी लागते. इथेच भाजपची खरी परीक्षा आहे. एसआयआरसाठी सर्वात मोठी यंत्रणा भाजपनेच उभी केली, पण भाजपच्या प्रभावपट्ट्यातील एकेका मतदारसंघात तीस-चाळीस हजार मतदार गायब असणे या यंत्रणेवर प्रश्नचिन्ह उभे करणारे आहे. काम करणाऱ्या नेत्यांपेक्षा कामे करवून आणणाऱ्या नेत्यांची संख्या अधिक होत आहे.



**मोदींच्या नावावर किती दिवस?**

नरेंद्र मोदींच्या नावाचा राजकीय लाभ हे अमर्यादित साधन नाही. २०२४च्या लोकसभा निवडणुकीत संविधान बदलाच्या मुद्द्याने मोदींच्या प्रतिमेला निदान महाराष्ट्रात मागे टाकले होते. कधीकधी निवडणुकीत स्थानिक मुद्दे, स्थानिक नेते मोठे होत जातात. दिल्लीचा चेहरा निवडणूक जिंकून देऊ शकतो; पण गावातला चेहरा नाराजी वाढवूही शकतो. भाषणाची टाळी एका मिनिटासाठी असते, पण नाराजीची आठवण मतपेटीपर्यंत जाते. काँग्रेस किती मजबूत झाली यापेक्षाही भाजप स्वतःला किती मजबूत ठेवतो; हा सत्ताधाऱ्यांपुढला प्रश्न आहे.

सत्तेची खुर्ची आरामाची असते; पण निवडणूक नेहमी अस्वस्थ माणूस जिंकतो. इतिहासाचा एक साधा धडा आहे.. सत्ता माणसाला दोन गोष्टी देते, अधिकार आणि सुरक्षिततेचा भ्रम. पहिली गोष्ट उपयुक्त असते. दुसरी घातक. ज्या दिवशी कार्यकर्त्याला वाटते की आपला नेता जिंकवेल, नेत्यांना वाटते की मुख्यमंत्री सांभाळतील आणि मोदी तर आहेतच.. ही अवस्था बेफिकिरीतून कमकुवत करणारी आहे.

काँग्रेस पुन्हा पूर्ण ताकदीने उभी राहील की नाही, राहुल गांधींचा आक्रमकपणा मतांमध्ये रूपांतरित होईल की नाही, हे आज सांगणे घाईचे ठरेल. पण विरोधक हालचाल करू लागले आहेत. आदिवासी विद्यार्थ्यांचा आक्रोश, अमरावतीतील तीन बालकांचे मृत्यू, महागाईचे चटके, विविध पेपरफुटी या गोष्टी अस्वस्थता वाढवत आहेत. ही अस्वस्थता दूर केली गेली नाही तर ती साचत राहील आणि अस्वस्थतेच्या गाळात कमळ रुतू शकेल, अशी चिन्हे दिसू लागली आहेत.

**जाता जाता..**

अधिकारी खुर्चीत बसले आहेत आणि टेबलापलीकडे लोकांनी येऊन बसायचे असेच सगळ्या केबिनचे स्वरुप असते. सामान्य प्रशासन विभागाच्या अतिरिक्त मुख्य सचिव व्ही. राधा या अपवाद. साहेबांची खुर्ची, समोर मोठे टेबल आणि पलीकडे खुर्च्या लावलेल्या असे सगळे त्यांनी काढून टाकले आहे. एक वर्तुळाकार टेबल आहे. भेटीला आलेली व्यक्ती आणि राधा त्या टेबलाभोवतीच्या खुर्च्यांवर बसतात. 'माझ्या केबिनमध्ये मी स्पेशल वगैरे काहीही नाही, सगळेच सारखे आहेत', हा व्ही. राधा यांचा त्यामागील दृष्टिकोन. उगाच साहेबी तोरा वगैरे त्यांच्या केबिनमध्ये दिसत नाही. गोष्ट तशी खूप साधी आहे, पण तेवढीच महत्त्वाचीही आहे. आपल्या साध्या वर्तनानेही चांगली छाप पाडता येते, दरवेळी छापेच टाकले पाहिजेत असे काही नाही.

yadu.joshi@lokmat.com

अन्वयार्थ

# एमपीएससी : फक्त पेपर नाही फुटला, हजारोंचा विश्वास तुटला !

**पेपरफुटीच्या गैरप्रकाराचा पर्दाफाश यावेळी एका ब्रेकअपने केला ! हे विनोदी नाही, भयावह आहे. ब्रेकअप झाला नसता तर? पेपर फुटल्याचे कळलेही नसते !**



पवन देशपांडे
सहाय्यक संपादक, लोकमत

**एक** तरुण गाव सोडतो. पुण्यात येतो. छोट्याशा खोलीत राहतो. आई-वडिलांकडून पैसे मागतो. क्लासची फी भरतो. पुस्तके घेतो. टेस्ट सिरीज लावतो. सकाळी उठतो आणि पुस्तक उघडतो. रात्री डोळे मिटेपर्यंत अभ्यास करतो. दिवस जातात, महिने जातात, वर्षे जातात.. मित्र नोकरीला लागतात. कुणाचे लग्न होते, कुणी परदेशात जाते, कुणी घर घेते.. आणि हा? - हा अजूनही अभ्यास करतो. कारण त्याला एक विश्वास असतो.. मेहनत केली तर एमपीएससी मला न्याय देईल, पण परीक्षेच्या आधीच प्रश्नपत्रिका कुणाच्या हातात पोहोचत असेल तर? मग त्या मुलाने केलेल्या हजारो तासांच्या अभ्यासाचे काय? त्याच्या आई-वडिलांनी खर्च केलेल्या लाखो रुपयांचे काय? त्याने सोडलेल्या नोकऱ्यांचे काय? त्याने गमावलेल्या संधींचे काय? त्याच्या आयुष्यातील गेलेल्या तीन ते पाच वर्षांचे काय? आणि सर्वात महत्त्वाचे, त्याच्या विश्वासाचे काय?

एमपीएससीच्या औषध निरीक्षक पदाच्या चाळणी परीक्षेच्या पेपरफुटीमुळे हे प्रश्न निर्माण झाले आहेत. आयोगातील तीन अधिकाऱ्यांसह सहाजणांना अटक झाली आहे. तपासात प्रश्नपत्रिका एकाव्यक्तीकडून दुसऱ्याकडे पोहोचल्याचे समोर आले आहे. आर्थिक व्यवहाराचाही तपास सुरू आहे. पण या सगळ्यापेक्षा धक्कादायक आहे ते या प्रकरणाचे उघडकीस येण्याचे कारण. प्रश्नपत्रिका मिळालेल्या व्यक्तीने ती आपल्या प्रेयसीला दिल्याचा आरोप आहे. नंतर त्यांचे ब्रेकअप झाले. परीक्षेत प्रेयसी सातव्या क्रमांकाने उत्तीर्ण झाली. 'ती अधिकारी होऊन माझ्यापुढे जाईल' या रागातून प्रियकराने एमपीएससीला ई-मेल केला. चौकशी सुरू झाली. मग तक्रार मागे घेण्याचाही प्रयत्न झाला.

ज्या व्यवस्थेने प्रश्नपत्रिका सुरक्षित ठेवायची होती, त्या व्यवस्थेतील कथित गैरप्रकाराचा पर्दाफाश एका अधिकृत सुरक्षा यंत्रणेने नव्हे, तर एका ब्रेकअपने केला! हे विनोदी नाही, भयावह आहे. कारण ब्रेकअप झाला नसता तर? पेपर फुटला आहे की नाही, हे कोणाला कळलेही नसते. एमपीएससीच्या विविध परीक्षांसाठी लाखो अर्ज येतात. एका जागेसाठी शेकडो उमेदवार उभे असतात. पण आकडेवारीतला 'एक उमेदवार' हा फक्त एक अर्ज क्रमांक नसतो. तो एखाद्या शेतकऱ्याचा मुलगा, एखाद्या कामगाराची मुलगी असते. तो एखाद्या मध्यमवर्गीय कुटुंबाचा शेवटचा आधार असतो. त्याच्यामागे आईच्या दागिन्यांचे पैसे असतात. वडिलांची बचत असते. कधी कर्ज असते. कधी शेतीचे उत्पन्न असते. कधी स्वतःची नोकरी सोडलेली असते. आणि या सगळ्याच्या बदल्यात त्याच्याकडे असते फक्त एक गोष्ट... व्यवस्था निष्पक्ष असेल, हा विश्वास.



एमपीएससीची तयारी करणारा विद्यार्थी दिवसाला आठ-दहा तास अभ्यास करतो. काहीजण त्याहून अधिक वेळ देतात. अनेकजण तीन-चार वर्षे एका परीक्षेच्या चक्रात अडकून राहतात. एक वर्ष परीक्षा. दुसरे वर्ष निकाल. तिसरे वर्ष पुन्हा अभ्यास. कधी परीक्षा पुढे ढकलली जाते. कधी निकाल रखडतो. कधी जागा कमी होतात. कधी अभ्यासक्रम बदलतो. तरीही विद्यार्थी टिकून राहतो. कारण त्याला वाटते, शेवटी परीक्षा तरी प्रामाणिक असेल! पण जर प्रश्नपत्रिकाच सुरक्षित नसेल तर? मग या मुलांनी कोणाशी स्पर्धा करायची? स्वतःशी? की आधीच प्रश्नपत्रिका मिळालेल्यांशी?

पेपर फोडणारा पकडला जातो. त्याच्यावर गुन्हा दाखल होतो. चौकशी होते. अटक होते. पण पेपर फुटल्यामुळे ज्या विद्यार्थ्याचे नुकसान होते, त्याचे काय? त्याची परीक्षा रद्द झाली तर त्याचा वेळ परत मिळणार आहे का? त्याला पुन्हा अभ्यासासाठी पैसे देणार कोण? वय वाढल्याने किंवा त्याने एखाद्या दुसऱ्या भरतीची संधी सोडली असेल तर ती संधी परत मिळणार आहे का? म्हणून पेपरफुटी हा फक्त गुन्हा नाही. तो मेहनतीवर केलेला आघात आहे. तो राज्यातील तरुणांच्या भवितव्याचा विश्वासघात आहे.

एमपीएससीने आता विद्यार्थ्यांना स्पष्ट उत्तरे दिली पाहिजेत. प्रश्नपत्रिका किती लोकांच्या ताब्यात जाते? तिच्या प्रत्येक प्रतीचा हिशेब ठेवला जातो का? कोणत्या टप्प्यावर प्रश्नपत्रिका सुरक्षिततेबाहेर जाते? आयोगातील व्यक्तीला प्रश्नपत्रिकेची प्रत काढता येतेच कशी? गोपनीय कागदपत्रांची डिजिटल सुरक्षा काय आहे? प्रश्नपत्रिकेची वाहतूक आणि साठवणूक किती सुरक्षित आहे? या संपूर्ण प्रक्रियेचे स्वतंत्र सुरक्षा ऑडिट कधी झाले? झाले असेल तर त्यात ही बाब दिसली का नाही? म्हणजे प्रश्न फक्त 'पेपर फुटला का?' एवढाच राहिलेला नाही. प्रश्न आहे, पेपर कुठपर्यंत गेला? विद्यार्थ्यांनी आयोगावर विश्वास ठेवायचा तरी कशाच्या आधारावर?

विद्यार्थी आयुष्य पणाला लावून अभ्यास करतोय. पण आधीच कुणाला प्रश्नपत्रिका मिळत असेल, तर तो नक्की कोणत्या स्पर्धेत आहे, या प्रश्नाचे उत्तर फक्त एमपीएससीने नाही, तर संपूर्ण परीक्षा व्यवस्थेने द्यायला हवे. प्रश्नपत्रिका फुटली म्हणून परीक्षा धोक्यात येत नाही. परीक्षा तेव्हा धोक्यात येते, जेव्हा विद्यार्थी परीक्षेच्या आदल्या रात्री स्वतःला विचारतो, उद्या माझ्या मेहनतीची परीक्षा आहे की कुणाच्या ओळखीची? इथेच व्यवस्थेवरचा विश्वास तुटलेला असतो.

pavan.deshpande@lokmat.com

प्रासंगिक

# पवित्र नातेबंधाचा अनुपम सोहळा

**स्वाध्याय परिवारातर्फे आज नाशिक जिल्ह्याच्या दिंडोरी तालुक्यातील चारोसे या गावात वनवासी बांधवांशी हृदयस्थ संवाद साधला जाणार आहे. त्यानिमित्त विशेष लेख.**



आमोद दातार
स्वाध्यायी, मुंबई

**वैश्विक** स्वाध्याय परिवाराचे प्रवर्तक पद्मविभूषण पांडुरंगशास्त्री आठवले (दादा) हे आपल्या भारत देशाचे एक कृतिशील तत्त्वचिंतक म्हणून सुख्यातकीर्त आहेतच, परंतु सामान्य माणसांना बरोबर घेऊन डोंगराएवढे विलक्षण विधायक कार्य उभे करणारे महर्षी म्हणून दादांचे स्थान अद्वितीय आहे. दादांनी 'भक्ति ही सामाजिक शक्ति आहे', ही गर्जना १९५४ साली जपानमधील विश्व तत्त्वज्ञ परिषदेच्या व्यासपीठावरून केली. पांडुरंगशास्त्री हे एका ध्येयासक्तीने झपाटलेले असल्याने केवळ गर्जना करून ते थांबले नाहीत तर आपल्या प्रकांड बुद्धिसामर्थ्याने, अलौकिक कर्मयोगाने आणि प्रेमाच्या अजोड शक्तीने या भारतभूमीत एक असामान्य कार्य त्यांनी यशस्वीपणे सर्जित केले.

दादांनी केवळ हृदयस्थ भगवंत, दैवी भ्रातृभाव हे शब्द उच्चारले नाहीत तर त्यानुसार चालणारा आणि त्या विचारांनी कृतिशील असणारा एक परिवार घडवला. योगेश्वर कृषी, मत्स्यगंधा, वृक्षमंदिर यांसारखे अतुलनीय आध्यात्मिक प्रयोग भारताच्या हजारो गावांत दादांनी उभे केले, लाखो कृतिशील तयार केले. आपली सुपुत्री श्रीमती धनश्री श्रीनिवास तळवलकर, म्हणजेच दीदींना वैश्विक स्वाध्याय कार्याचे नेतृत्व करण्यासाठी शिल्पकारासारखे घडवले. गेली अनेक वर्षे दीदी देशविदेशांत



विस्तारलेलं हे वैश्विक स्वाध्याय कार्य अत्यंत प्रभावीपणे सांभाळत आहेत. इतकेच नाही तर कार्याला नवनवे आयाम प्रदान करत आहेत. दीदींची अनन्यता, विलक्षण सर्जनशीलता, अजोड संभाषणकला आणि माणसाला सहज आपलेसे करण्याची हातोटी यासारखे गुण केवळ स्वाध्यायींनाच नव्हे तर त्यांना अगदी एकदाच भेटलेल्या त्रयस्थ व्यक्तीलाही भावतात.

दीदी नेहमी म्हणतात, आज जसा आपला निसर्गाकडे बघण्याचा दृष्टिकोन थोडासा उपयोगितावादी, भोगवादी झालाय ना, तसंच रक्षाबंधनासारख्या उत्सवांचं पण झालंय. रक्षाबंधनाचा उत्सव हा राखीचे डिझाइन आणि भावाचे 'रिटर्न गिफ्ट' यांतच अडकलाय की काय असे वाटते. रक्षाबंधन हा भावा-बहिणींच्या निर्मळ नातेसंबंधांचा उत्सव आहे. त्यात एका आत्मीय दैवी संबंधाचे बंधन आहे त्या बंधनाचे प्रतीक म्हणजे 'राखी'.

गेली अनेक वर्षे विविध विभागांत आणि विविध मानवसमूहांत रक्षाबंधनाचा पवित्र उत्सव साजरा केला जात आहे. ज्याप्रकारे दीदींनी वनवासी, मेहेर, क्षत्रिय, चौधरी, सागरपुत्र, आगरी अशा अनेक समूहांना एकसूत्रात बांधले आहे ते विलक्षण आहे. दुःखाची गोष्ट म्हणजे या वनवासी, गिरीवासींना कुणीच आपलेसे करत नाही, कुणीच आपले म्हणत नाही. अशावेळी जेव्हा दादांचा स्वाध्याय परिवार वनवासी लोकांकडे निःस्वार्थ, निरपेक्ष प्रेम घेऊन जातो, हृदयस्थ ईश्वराचे अधिष्ठान सांगून त्यांच्यातील अस्मिता, तेजस्विता उभी करण्याचा प्रयत्न करतो तेव्हा त्यातील वेगळेपण निश्चित जाणवते.

तुझ्याबरोबर चराचर चालवणारा भगवंत असेल तर तू हलका कसा असू शकतोस? तो जसा तुझ्यात आहे तसाच इतर सर्वात आहे, त्यामुळे आपण एक आहोत, आपल्यात भेद नाही तर दैवी भ्रातृत्व आहे हा विचार माणसाचा कणा ताठ करतो. आनंदाची गोष्ट ही की नाशिक, धुळे, नंदुरबार, जळगाव, मालेगाव या जिल्ह्यांतील ११,५०० स्वाध्यायी बंधू-भगिनी १६५० वनवासी गावांत गेली दोन वर्षे सातत्याने हाच विचार घेऊन जात आहेत. पदरचे पैसे खर्च करून निरपेक्षपणे वनवासींना आत्मीयतेने भेटत आहेत आणि हजारो वनवासी बंधू-भगिनींशी एक निर्मळ निःस्वार्थ नातं बांधण्याचा प्रयत्न करत आहेत. कुठल्याही प्रकारचा गाजावाजा न करता निरंतर जात आहेत. स्वाध्याय परिवाराने सगळ्यांमध्ये आत्मीयतेची एक जाणीव निर्माण केली आहे.

लाखो स्वाध्यायींबरोबर बंधू-भगिनीचे पवित्र नाते बांधणाऱ्या धनश्रीदीदी अनेक स्वाध्यायींसह आज २८ ऑगस्ट रोजी नाशिक जिल्ह्याच्या दिंडोरी तालुक्यातील चारोसे या वनवासी गावात रक्षाबंधन उत्सवानिमित्त त्यांच्याशी असलेलं नातं आणखी हृदयस्थ करणार आहेत.

जनमन

## सर्पदंशावर तातडीने पावले उचलावीत



**सर्पदंश** उपचारासाठीची इंजेक्शन सर्व आरोग्य केंद्रांत ठेवण्यासाठी आणि प्रत्येक सर्पदंशाची केस तत्काळ जिल्हा सिव्हिल सर्जनला कळविण्यासाठी आरोग्य विभागाने अध्यादेश काढला आहे. सर्पदंशापासून बचाव कसा करायचा याबाबत तज्ज्ञांचे मार्गदर्शन शासनाने सर्वांसाठी उपलब्ध करून देण्याची आवश्यकता आहे. सर्पदंशाचे प्रमाण सर्वत्र मोठ्या प्रमाणात वाढत आहे. एक तर सापांच्या अधिवासावर माणसांनी आक्रमण केले आहे. माणसांच्या वस्तीत उंदीर, बेडूक यासारखे, सापांचे आवडते खाद्य असलेल्या प्राण्यांची मुबलकता वाढली आहे आणि मांजरेही कमी झाली आहेत. सर्पदंशापासून वाचण्यासाठी शास्त्रीय पद्धतींचा उपयोग केला पाहिजे. सापांना पळवून लावण्यासाठी ग्रामीण भागांत काजू बीचा वापर करणे, वेखंडाचे गवत घराजवळ लावणे.. यासारखे उपाय ग्रामीण भागात केले जातात. हे उपाय तपासून सापांच्या प्रतिबंधासाठी तज्ज्ञांनी चांगले, सोपे आणि शास्त्रीय उपाय सुचवावेत. त्याचा सर्वसामान्य लोकांना मोठा उपयोग होईल. अन्यथा केवळ अज्ञानामुळे आणि हलगर्जीपणामुळे लोकांचा जीव जात राहील.

**- जयप्रकाश नारकर,** मु. पो. पाचल, ता. राजापूर, जि. रत्नागिरी

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : **janman@lokmat.com**

तिरकस आणि चौकस

गजानन घोंगडे




हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८१८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न व्ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे, फोन : २५४४१९०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

# त्राहिमाम

नेपाल की भोटे कोशी और त्रिशूली नदियों में अचानक आई विनाशकारी बाढ़ के चलते जान गंवाने वालों की संख्या का बढ़ते जाना बहुत दुखद और चिंताजनक है। त्रासदी इतनी व्यापक है कि क्षति के बारे में अनुमान लगाना आसान नहीं है। आशंका है, जान गंवाने वालों की संख्या चार अंकों में होगी। चीन को ही अभी अंदाजा नहीं है कि जान-माल की कितनी हानि हुई है, तो नेपाल के बारे में क्या कहा जाए? दुख की इस घड़ी में भारत हर तरह की मदद लिए नेपाल के साथ खड़ा है। सहायता सामग्री भेजने का क्रम लगातार जारी है। अमेरिका और दुनिया के अन्य देश भी मदद के लिए आगे आ रहे हैं, मगर स्थानीय स्तर पर मदद पहुंचाना बड़ी चुनौती है। सड़कें गायब हो गई हैं, पुल बह गए हैं। यह समय है, जब नेपाल को ज्यादा से ज्यादा वैश्विक मदद मिले, ताकि उसके प्रभावित इलाकों को फिर से व्यवस्थित किया जा सके। फिलहाल नेपाल की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। विदेश से आने वाले धन, कम घरेलू उत्पादन और कम पूंजीगत व्यय के चलते उसकी अर्थव्यवस्था चुनौतियों से गुजर रही है।

आखिर यह आपदा क्यों घटित हुई? इसके बारे में अभी भी अलग-अलग राय हैं। अमेरिकी वैज्ञानिकों का मानना है, ग्लेशियर के ढहने से भूकंपीय गतिविधि शुरू हुई। नेपाल के विदेश मंत्री का भी यही मानना है। गौर करने की बात है कि नेपाल में जिस तरह से चीन को जिम्मेदार माना जा रहा है, यह चीन को अच्छा नहीं लगा है। वैसे, चीन को अभी राहत और बचाव पर पूरा ध्यान देना चाहिए। चीन की मानें, तो 558 से ज्यादा उसके नागरिक भी इस हादसे में बह गए हैं। चीन की प्राथमिकता अपने लोगों को बचाने की होगी और वह आगे के लिए ज्यादा सतर्क दिख रहा है। उसे यह अच्छे से पता है कि तिब्बत में ऐसे अनेक स्थान हैं, जहां अगर हादसा हो, तो नेपाल को त्रासदी झेलनी पड़ेगी। चीन के जल संसाधन मंत्रालय ने आपदा स्थल के उत्तर-पूर्व में चोचेन खोला और पुरेपु त्सांगपो नदियों के संगम पर स्थित झील की निगरानी बढ़ा दी है। 20 लाख घन मीटर जल भंडार वाली यह चीनी बैरियर झील पहले ही उफान पर है। अगले तीन दिन में इसमें 30 लाख घन मीटर पानी और आने की आशंका है। अगर यह पानी आया, तो निचले हिस्से में शुरू हुए बचाव कार्य बाधित हो जाएंगे, तब नेपाल के लिए यह और भी बड़ी त्रासदी हो जाएगी। ऐसे किसी भी अगले हादसे को रोकने के लिए चीन को अपने स्तर पर हरसंभव प्रयास करने चाहिए। अब उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि तिब्बत की किसी भी झील में क्षमता से अधिक जल भंडारण न होने पाए।

**चीन को क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए जो कदम उठाने हैं, वह अवश्य उठाएगा, पर यह त्रासदी संकेत है कि भविष्य में नेपाल और भारत को बहुत सचेत रहना होगा।**

चीन को जो कदम उठाने हैं, वह अवश्य उठाएगा, पर यह त्रासदी संकेत है कि भविष्य में नेपाल और भारत को बहुत सचेत रहना होगा। नेपाल में ऐसी क्षमता नहीं है कि वह अत्यधिक जल बहाव को अपने स्तर पर रोक सके, अतः भारत को अपनी ओर से हर मुमकिन तैयारी रखने की जरूरत है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, इस साल बिहार में अब तक 42 प्रतिशत कम बारिश हुई है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि पानी किसी भयानक बाढ़ की शक्ल में बिहार पहुंचे। बिहार अपने हिस्से की नदियों में जल प्रबंधन कर रहा है और उत्तर प्रदेश में भी पर्याप्त सतर्कता बरती जा रही है। वैसे, ज्यादा अफसोस की बात है, नेपाल में कम से कम 300 भारतीय लापता बताए जा रहे हैं, अतः यह भारत के लिए भी एक बड़ी त्रासदी है, जो व्यापक क्षेत्रीय समन्वय बढ़ाने की जरूरत को रेखांकित कर रही है।

## हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 28 अगस्त, 1951

### जापानी संधि और भारत

जापान के साथ शान्ति-संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए अमरीका ने सानफ्रांसिस्को में अगले महीने दुनिया के राष्ट्रों का एक सम्मेलन बुलाया है। उसने और राष्ट्रों के साथ भारत को भी इस सम्मेलन में शरीक होने के लिए आमंत्रित किया था। अमरीका और ब्रिटेन ने मिलकर जापानी शान्ति संधि का एक मस्विदा तैयार किया है। इस मस्विदे की कुछ महत्वपूर्ण स्थापनाओं से भारत सहमत नहीं था।

भारत सरकार ने अपने विचार और सुझाव अमरीका को लिख भेजे थे। अमरीका भारत के विचारों से सहमत नहीं हुआ और न ही वह अपने मस्विदे में कोई महत्वपूर्ण संशोधन करने के लिए प्रस्तुत हुआ। इसके विपरीत उसकी ओर से यह स्पष्ट कह दिया गया कि संधि का जो मस्विदा तैयार हुआ है, उसमें हेर-फेर करने के लिए बातचीत चलाने की कोई गुंजाइश नहीं है। जब सम्मेलन में पहले से तैयार किये गये मस्विदे पर हस्ताक्षर मात्र होने थे, तो भारत के लिए उसमें शामिल होने का कोई अर्थ नहीं रह गया था। ऐसी दशा में भारत ने सानफ्रांसिस्को सम्मेलन में भाग न लेने का जो निर्णय किया है, वह सर्वथा उचित ही है। इस निर्णय ने एक बार फिर प्रमाणित कर दिया कि वैदेशिक मामलों में भारत स्वतंत्र नीति का अनुसरण कर रहा है, जिसका एक मात्र लक्ष्य शान्ति और न्याय की स्थापना है। वह बड़े से बड़े राष्ट्र की नाराजी का खतरा मोल लेने का साहस कर सकता है।

अमरीकी मस्विदे पर भारत की आपत्तियां गैर सरकारी सूत्रों द्वारा पहले ही जनता के सामने आ चुकी हैं। इस संबंध में भारत सरकार ने अमरीकी सरकार को जो अन्तिम पत्र लिखा था, वह प्रकाशित कर दिया गया है। भारत ने इस संबंध में दो बुनियादी उद्देश्य उसके सामने रखे हैं। एक तो यह कि शान्ति-संधि जापान को दुनिया के राष्ट्रों में सम्मान, समानता और सन्तोष का स्थान प्रदान करे। दूसरे, शान्ति-संधि इस प्रकार की होनी चाहिए कि खास तौर पर दूर पूर्व में स्थायी शान्ति की स्थापना में दिलचस्पी रखने वाले सभी देश उसको स्वीकार कर सकें। भारत सरकार गम्भीर सोच-विचार के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि अमरीका और ब्रिटेन द्वारा प्रस्तावित संधि इन दोनों बुनियादी उद्देश्यों की पूर्ति नहीं करती।

# भारत-उज्बेक में सदियों का दोस्ताना



यहां स्कैन करें

ज्ञानेश्वर मुले | पूर्व विदेश सचिव

**ताशकंद में हिंदी पढ़ रहा कोई युवा हो या योग सीखती उज्बेक महिला या अलबरूनी की विरासत पर शोध करता विद्वान, ये सभी भारत-मध्य एशिया संबंधों के राजदूत हैं।**



भारत और मध्य एशिया के रिश्ते महज राजधानियों में होने वाली बैठकों, समझौतों और राजनयिक घोषणाओं की कहानी नहीं हैं। यह उन शब्दों की कहानी भी है, जो दो भाषाओं में मिलते-जुलते हैं; उन गीतों की भी कहानी है, जिन्हें सीमाओं के पार लोग गुनगुनाते हैं; उन फिल्मों की कहानी है, जिनके नायक पीढ़ियों तक याद रहते हैं और उस ज्ञान-परंपरा की कहानी है, जिसमें भारत और मध्य एशिया सदियों से एक-दूसरे से संवाद करते आए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उज्बेकिस्तान यात्रा और उसके बाद बिश्केक (किर्गिस्तान) में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शिखर बैठक के संदर्भ में भारत-मध्य एशिया संबंधों को केवल वर्तमान रणनीतिक साझेदारी के चश्मे से देखना इस रिश्ते की असली गहराई को कम करके आंकना होगा। राजधानी ताशकंद और राजधानी बिश्केक भारत से जुड़ने वाली ऐसी राहें हैं, जो इतिहास, संस्कृति और लोगों के बीच बने पुलों से गुजरती हैं।

ताशकंद (उज्बेकिस्तान) में आप महसूस करेंगे कि वहां की जनता के मन में भारत के प्रति कितना प्यार मौजूद है। भारत के प्रति आकर्षण का एक महत्वपूर्ण अध्याय हिंदी भाषा से जुड़ा है। आज भी भारत के कई विश्वविद्यालयों में हिंदी का अध्यापन नहीं होता होगा, परंतु ताशकंद की 'स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ ओरिएंटल स्टडीज' में सन् 1947 से ही हिंदी की पढ़ाई हो रही है। आज इस विश्वविद्यालय में 238 उज्बेक विद्यार्थी हिंदी पढ़ रहे हैं। अन्य विश्वविद्यालय भी हिंदी पढ़ाते हैं और सैकड़ों विद्यार्थी इसका लाभ उठा रहे हैं। हिंदी भारत-उज्बेकिस्तान मित्रता की एक अहम कड़ी बन चुकी है।

उज्बेकिस्तान ने हमारे पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की स्मृति को सम्मानपूर्वक सहेज रखा है। शास्त्री स्कूल में 1955 से ही पांचवीं से ग्यारहवीं कक्षा तक के लगभग 900 विद्यार्थी हिंदी पढ़ते आ रहे हैं। स्कूल परिसर में शास्त्रीजी की प्रतिमा स्थापित है। मशहूर शिल्पकार याकोव शापिरो ने इस प्रतिमा को बनाया था। ताशकंद में शास्त्रीजी का नाम पर एक पथ भी है। महात्मा गांधी के नाम पर भी एक सड़क है। यह बात दर्शाती है कि हमारे संबंध राजनयिक रिश्तों से आगे निकलकर जनता के दिल पर विराजमान हैं।

इस संबंध की गहराई को जानना है, तो उज्बेकिस्तान में भारतीय साहित्य के प्रति आकर्षण को भी देखना होगा। उज्बेक लोगों ने उत्कृष्ट भारतीय साहित्य को बड़े प्रेम से अपनाया है। रवींद्रनाथ टैगोर, प्रेमचंद और अमृता प्रीतम की रचनाओं का उज्बेक भाषा में अनुवाद हुआ है। सन् 1978 में डॉ मोहम्मद अली ने *वाल्मीकि रामायण* का उज्बेक में अनुवाद किया। अमीर फैजुल्लायेव ने *महाभारत* और *रामायण* जैसे महाकाव्यों पर आधारित टेलीविजन धारावाहिकों के साथ-साथ महात्मा गांधी की आत्मकथा का भी उज्बेक भाषा में अनुवाद किया। साल 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उज्बेकिस्तान यात्रा के दौरान 23,000 से अधिक शब्दों वाला हिंदी-उज्बेक शब्दकोश का लोकार्पण किया गया था। माना जाता है कि दोनों भाषाओं में लगभग 3,000 शब्द मिलते-जुलते है। ऐसे में, राजनीतिक संवाद के लिए वहां अक्सर अनुवादक की जरूरत नहीं पड़ती।

वहां भारतीय फिल्मों का एक अलग ही स्थान है। कुछ साल पहले उज्बेकिस्तान के अलीशेर नवोई सिनेमा पैलेस में जब मैंने पहली बार राज कपूर की प्रतिमा देखी, तो मन में आनंद की लहर उठ गई थी। राज कपूर की जन्मशती उज्बेकिस्तान में धूमधाम से मनाई गई। 1970 के दशक में बनी *अलीबाबा और 40 चोर*, जिसकी शूटिंग उज्बेकिस्तान में हुई थी, आज भी वहां खासा लोकप्रिय है। राज कपूर, भारतीय गीत-संगीत और बॉलीवुड ने उस दौर में जो सांस्कृतिक पुल बनाया, उसकी मजबूती आज भी महसूस की जा सकती है।

उज्बेक विद्वान अलबरूनी भारत आए, वर्षों यहां रहे और उन्होंने संस्कृत, भारतीय दर्शन, खगोलशास्त्र तथा गणित का अध्ययन किया। उनकी किताब मध्यकालीन भारत को समझने में मदद करती है। इसी तरह, इब्न सीना की प्रसिद्ध कृति *केनन ऑफ मेडिसिन* में भारतीय चिकित्सा पद्धति और उपचार परंपराओं का, जिसमें आयुर्वेद भी शामिल है, उल्लेख मिलता है। इसी तरह, अमीर खुसरो मध्य एशिया और भारत को केवल इतिहास की पुस्तकों में नहीं, बल्कि संगीत, अध्यात्म और सामाजिक जीवन में जोड़ते हैं। उज्बेकिस्तान के तेरमेज क्षेत्र में कारा टेपा व फयाज टेपा जैसे बौद्ध स्थल भारत और मध्य एशिया के प्राचीन सांस्कृतिक संपर्क की याद दिलाते हैं। इस यात्रा में एक ओर बौद्ध धर्म का प्रसार दिखाई देता है, तो दूसरी ओर महात्मा गांधी की विचारधारा के प्रति सम्मान। यही कारण है कि भारत और मध्य एशिया के रिश्ते को केवल 'विदेश नीति' नहीं कह सकते हैं। यह सभ्यताओं का संगम है।

कभी-कभी दो सभ्यताओं की निकटता खाने की मेज पर भी दिखाई देती है। भारत के नान और उज्बेकिस्तान के नॉन, हमारे पुलाव और वहां के बका पिलाफ, भारत के समोसे और उज्बेकिस्तान के सामसा की समानताओं में सदियों के आवागमन, व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की झलक दिखाई देती है।

दुनिया को भारत की एक और बड़ी सांस्कृतिक देन है योग। साल 2015 से संयुक्त राष्ट्र के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की नींव रखी गई। योग ने उज्बेक लोगों में अपनी अलग जगह बनाई है। साल 2018 में 'योगा फेडरेशन ऑफ उज्बेकिस्तान' की स्थापना हुई। उज्बेकिस्तान मध्य एशिया का पहला देश है, जहां भारत के योग सर्टिफिकेट बोर्ड के अंतर्गत योग प्रमाणन परीक्षा आयोजित हुई। अब तक अनेक उज्बेक नागरिक योग प्रमाणन प्राप्त कर चुके हैं। उज्बेकिस्तान की योग टीम ने पहली विश्व योगासन चैंपियनशिप में 25 पदक जीते, जिनमें एक स्वर्ण पदक भी शामिल था।

सितंबर 2025 में ताशकंद में आयोजित सातवां अंतरराष्ट्रीय योग सम्मेलन भी एक महत्वपूर्ण पड़ाव था, जिसमें उज्बेकिस्तान के साथ-साथ कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, जॉर्जिया, आर्मेनिया, मंगोलिया और रूस के विशेषज्ञों ने भाग लिया। भारत के लिए मध्य एशिया आज ऊर्जा, व्यापार, कनेक्टिविटी, शिक्षा, युवा और सुरक्षा जैसे अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण है। इन संबंधों की सबसे बड़ी ताकत वह मानवीय जुड़ाव है, जो किसी रणनीतिक दस्तावेज में पूरी तरह दर्ज नहीं किया जा सकता। ताशकंद में हिंदी पढ़ने वाला कोई युवा, राज कपूर की फिल्म देखकर मुस्कराता कोई बुजुर्ग, योग सीखती उज्बेक महिला, भारत में पढ़ाई कर चुका कोई छात्र या अलबरूनी और इब्न सीना की विरासत पर शोध करता कोई विद्वान, ये सभी भारत-मध्य एशिया संबंधों के जीवंत राजदूत हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# रंजिश के दौर में भी कारगर रहा राखी का त्योहार



यहां स्कैन करें

नासिरा शर्मा | वरिष्ठ साहित्यकार

गर्मी की तपिश से झुलसा इंसान जब बारिश की पहली बौछार से उठती सोंधी महक को सूंघता है, तो उसके मुंह से बरबस निकल जाता है कि मानसून आ गया। अचानक उसका मूड बदल जाता है। अनरसे और पकोड़े, मेहंदी और हरी चूड़ियां, लहरिया साड़ी की छटा छा जाती है, और तब आता है रक्षाबंधन, जो भाई-बहन के आपसी रिश्ते और प्यार का बेहद खूबसूरत त्योहार है।

इस त्योहार में बहन भाई की लंबी आयु की कामना के साथ उसकी सेहत, समृद्धि और खुशहाली की दुआ करती है और भाई जीवन भर बहन की रक्षा का संकल्प लेता है। बहन शादी के बाद भी राखी के त्योहार के महत्व को भूल नहीं पाती है और न भाई अपने कर्तव्य को। इस पर्व की मर्यादा को नजर में रखते हुए सन् 1535 में रानी कर्णावती ने, जो राणा सांगा की विधवा थीं और अपने बालक विक्रमादित्य के संरक्षक के रूप में राजकाज संभाल रही थीं, मुगल शहंशाह हुमायूं को राखी भेजी थी, जब गुजरात के सुल्तान बहादुर शाह ने चित्तौड़ पर आक्रमण किया था। हुमायूं ने एक भाई की तरह चित्तौड़ की रक्षा की और बहन के प्रति अपना कर्तव्य निभाया। इंसानी रिश्ते की यह वह मानवीय मिसाल है, जहां धर्म कहीं पीछे छूट जाता है।

**आज जरूरत है ऐसे त्योहारों को विस्तार देने की, ताकि हमारे देश के नागरिकों में जो बेगानापन पसर रहा है, वह कम हो सके।**

यदि हम पौराणिक कथाओं पर नजर डालें, तो रक्षाबंधन मानवीय रिश्तों से ज्यादा जुड़ा लगता है। बतौर मिसाल, जब देवताओं व दानवों में युद्ध हुआ और हार का संकट देवराज इंद्र के सामने था, तब उनकी पत्नी शची (इंद्राणी) ने सावन पूर्णिमा के दिन इंद्र की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा था। दूसरी घटना श्रीकृष्ण से संबंधित है कि जब महाभारत काल में शिशुपाल का वध करते समय उनकी उंगली कट गई और खून बहने लगा था, तब द्रौपदी ने अपनी साड़ी का पल्लू फाड़कर उनकी उंगली पर बांधा, जिससे खुश होकर श्रीकृष्ण ने उनकी रक्षा का वचन दिया, जिसका पालन उन्होंने द्रौपदी के चीर-हरण के समय की।

आज जब विभिन्न धर्मों के अनुयायियों के बीच खाई चौड़ी हो रही है, तब हमें ऐसी कहानियां प्रोत्साहित करती हैं कि हम भेदभावों, अलगाववादी विचारों और बेकार की सियासी रंजिशों में न पड़कर एक देश के वासी की तरह संविधान को मानते हुए अपने नागरिक होने का कर्तव्य निभाएं। जब मुस्लिम लड़कियां ठीक हिंदू बहनों की तरह हिंदू भाइयों के हाथों में राखी बांधना शुरू कर देंगी, तब एक अलग तरह का जुड़ाव रिश्तों में आएगा और एक-दूसरे को देखने का नजरिया बदलेगा। इससे माहौल में खुलापन आएगा। रिश्तों की इस नई समाजिक संरचना से सुरक्षा, शांति और सहयोग की भावना बढ़ेगी।

ये बातें कुछ भावुकतापूर्ण लग सकती हैं, लेकिन बेहद व्यावहारिक हैं। जब हम ईद में सेवई खा सकते हैं, होली में रंग खेल सकते हैं, दीपावली की मुबारकबाद दे सकते हैं, एक-दूसरे के साथ पेशेवर संबंध रख सकते हैं, तो फिर दूसरे धर्म वाले की कलाई में राखी बांधने में झिझक कैसी? हमारे देश का यही सच रहा है कि हम एक-दूसरे के तीज-त्योहारों में केवल शामिल नहीं होते, बल्कि एक-दूसरे के लिए दस्तकारी भी करते हैं। चाहे कांवड़ियों के कांवड़ को सजाने, दिवाली में पटाखा बनाने या मोहर्रम में ताजिया बनाने का काम हो, धर्म कभी आड़े नहीं आता। इस तरह एक-दूसरे के त्योहारों और आयोजनों में सैंकड़ों तरह से सहयोग करते हैं, जो हमारी साझी सांस्कृतिक परंपरा, विरासत व भाईचारे को दर्शाता आया है। अब जरूरत है राखी जैसे त्योहारों को विस्तार देने की, जिसमें हिन्दुस्तान के नागरिकों के बीच बेगानापन कम हो।

राखी के त्योहार में वर्गों की असमानता नजर नहीं आती है। उसकी मिसाल मैं अपने अनुभव से दे सकती हूं कि मेरे घर में काम करने वाले सहायकों की बेटियां हाथों में सजी थालियों के साथ मुस्कराती हुई आतीं और मेरे बेटे को राखी बांधती थीं। मेरे बचपन में रक्षाबंधन का त्योहार बेहद सादगी के साथ मनाया जाता था, तब उसमें बाजार की भूमिका बस इतनी होती कि सड़कों पर राखियों की दुकानें सजी नजर आती थीं। अब राखी से पहले बाजार की गलियों में मेहंदी लगवाती औरतों के चलते एक ठंडी सुगंध भरी होती है। इसलिए, अगर इस त्योहार को सामूहिक रूप से अपना लिया जाता है, तो यह केवल इंसानी रिश्तों के लिए नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से भी लाभकारी साबित होगा।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा

# रक्षासूत्र में बंध जाएं

रक्षाबंधन केवल सामाजिक अनुपालन नहीं है, इसमें गुरु-शिष्य और परमेश्वर-भक्त के बीच के प्रेम एवं श्रद्धा का भी समावेश है। अज्ञान के रोग और मन के बंधनों से मुक्ति केवल गुरु ही दिला सकते हैं। इसलिए गुरु को राखी, रक्षा सूत्र बांधना अत्यंत महत्वपूर्ण है। जैसे भक्त अपने आराध्य को प्रेम के सूत्र से बांधकर प्रार्थना करता है, 'प्रभु, आप ही मेरे रक्षक हो, आप ही मेरी रक्षा करो।' उसी प्रकार, शिष्य भी अपने गुरु को राखी बांधकर निवेदन करता है, 'गुरुदेव! मेरे मन के क्लेशों और अज्ञान से मुक्ति आपके पास है।'

ऐतिहासिक दृष्टि से देखें, तो रक्षाबंधन का त्योहार द्रौपदी और श्रीकृष्ण की कथा से गहरे जुड़ा है। शिशुपाल वध के समय जब श्रीकृष्ण की अंगुली से रक्त बहने लगा, तब द्रौपदी ने अपनी साड़ी का पल्लू फाड़कर श्रीकृष्ण की अंगुली पर बांध दिया। श्रीकृष्ण ने बदले में उन्हें वचन दिया कि जीवन में जब कभी भी वह पुकारेंगी, वह उनकी रक्षा के लिए अवश्य आएंगे। तब से राखी प्रेम और रक्षा का पवित्र बंधन बन गया।

जाहिर है, हर भाई श्रीकृष्ण जैसा और हर बहन द्रौपदी जैसी नहीं हो सकती, परंतु इस पर्व का सार प्रेम है। जब बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधे, तो उसे केवल भाई के रूप में नहीं, बल्कि ईश्वर के अंश के रूप में देखे। इससे न केवल श्रद्धा और प्रेम बढ़ते हैं, बल्कि भाई को भी अपनी जिम्मेदारी का एहसास होता है। यदि घर में भाई न हो, तो बहन अपनी बहन को भी राखी बांध सकती है। रक्षा सूत्र की असली शक्ति भाव और आशीर्वाद में है। असली रक्षक, असली समर्थक वही प्रभु हैं, जो हमारे भीतर ही विराजमान हैं।

बहन भाई की कलाई पर जो धागा बांधती है, उसमें उसका विश्वास और आशीर्वाद जुड़ा होता है। यह संबंध किसी पर आश्रित होने का नहीं, बल्कि एक-दूसरे की शक्ति बनने का है। कुछ लोग मानते हैं कि राखी इसलिए बांधी जाती है, क्योंकि स्त्रियां कमजोर होती हैं और उन्हें सुरक्षा की आवश्यकता है। यह सोच स्त्रियों के सम्मान के विपरीत है। राखी दासता का प्रतीक नहीं, बल्कि प्रेम और जिम्मेदारी का उत्सव है। आधुनिक दृष्टि से देखें, तो यह संतान के आपसी प्रेम-भाव का दिन है-चाहे भाई-बहन हों, बहन-बहन या भाई-भाई। यही आपसी स्नेह परिवार को पूर्णता देता है।

**बहन भाई की कलाई पर जो धागा बांधती है, उसमें उसका विश्वास और आशीर्वाद जुड़ा होता है। यह संबंध किसी पर आश्रित होने का नहीं, बल्कि एक-दूसरे की शक्ति बनने का है।**

आधुनिक समय में, जब केवल एक संतान पैदा करने की सोच बढ़ रही है, तब आप स्वयं सोचिए कि वह बच्चा किसके समक्ष अपनी भावनाएं व्यक्त करेगा। यही कारण है कि ऐसे संस्कार खोते जा रहे हैं। इसलिए भाई-बहन का रक्षाबंधन केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक मूल्य भी गढ़ता है। परिवार जितना समृद्ध होगा, ये मूल्य उतनी ही गहरे से स्थापित होंगे।

**आनंदमूर्ति गुरुमां**

**वेद प्रकाश मलिक | पूर्व थलसेना अध्यक्ष**



**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किराना हिल्स ऑपरेशन से क्या पाकिस्तान को कोई संदेश मिला? जी हां! उसे यह साफ पता चल गया कि भारत उसकी सीमा में कहीं भी सैन्य या आर्थिक ठिकानों को सटीक रूप से निशाना बना सकता है।**

# धर्म, अध्यात्म और संस्कृति का संगम

रक्षाबंधन का त्योहार मात्र रक्षा सूत्र के रूप में राखी बांधकर रक्षा का वचन ही नहीं देता, बल्कि प्रेम, समर्पण, निष्ठा और संकल्प के जरिये हृदय को बांधने का भी वचन देता है। रक्षा का संकल्प व्यक्ति के भीतर आत्मविश्वास लाता है। यह भाव व्यक्ति को ऊर्जावान बना देता है और वह इस ऊर्जा के वशीभूत बड़े से बड़े काम कर जाता है। रक्षा का संकल्प लेने वाला व्यक्ति भले ही शारीरिक रूप से कमजोर हो, लेकिन वह अंतस की ऊर्जा से ओतप्रोत हो जाता है।

रक्षाबंधन भाई और बहन के रिश्ते की पहचान माना जाता है। यह त्योहार आपसी रिश्ते में गर्माहट बनाए रखता है। राखी का धागा बांधकर बहन अपने भाई से अपनी रक्षा का प्रण लेती है। यूं तो भारत में भाई-बहनों के बीच प्रेम और कर्तव्य की भूमिका किसी एक दिन की मोहताज नहीं है, पर रक्षाबंधन के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व की वजह से ही यह दिन इतना महत्वपूर्ण बना है। यह त्योहार भाई-बहन के निःस्वार्थ प्रेम का प्रतीक है। दीपावली में दीयों की रोशनी होती है। होली में रंग और गुलाल की धूम मची होती है। दशहरे का दिन भी बड़ा धूमधाम का होता है, लेकिन रक्षाबंधन का त्योहार मनाने के लिए पवित्र हार्दिक प्रेम के सिवा अन्य किसी भी चीज की जरूरत नहीं पड़ती। इस पर्व का सबसे खूबसूरत पहलू यही है कि यह धर्म और जाति के बंधनों को नहीं मानता। अपने इसी गुण के कारण यह पर्व पूरी दुनिया में पहचान रखता है।

एक समय राखी के त्योहार का ज्यादा महत्व उत्तर भारत में था, पर आज यह पूरे भारत में बड़े उत्साह से मनाया जाता है। कहा जाता है कि वक्त के साथ राखी बदल गई है, लेकिन मेरा मानना है कि रिश्तों से ऊपर उठकर रक्षाबंधन की भावना ने हर समय और जरूरत पर अपना रूप बदला है। जब जैसी जरूरत रही, वैसा रूप उसने धर लिया। जरूरत होने पर हिंदू स्त्री ने मुसलमान भाई की कलाई पर इसे बांधा, तो सीमा पर हर स्त्री ने सैनिकों को राखी बांधकर उन्हें भाई बनाया। राखी देश, पर्यावरण, हितों आदि की रक्षा के लिए भी बांधी जाने लगी है।

यही वजह है कि आज दायित्वों से बंधी राखी का सम्मान करने की बेहद जरूरत है, क्योंकि राखी का रिश्ता महज कच्चे धागों की परंपरा नहीं है। निस्संदेह, उपभोक्तावादी संस्कृति लोगों पर हावी होती जा रही है, पर थोड़ी-सी सावधानी और समझदारी बरतकर दरकते-टूटते और बालू की तरह बिखरते रिश्तों को बचाया जा सकता है। जरूरत है 'मैं और तुम' की जगह 'हम' की भावना पैदा करें, क्योंकि खुशियां बांटने से ही खुशियां मिलती हैं।

चारु सक्सेना, टिप्पणीकार

## अनुलोम-विलोम

### रक्षाबंधन



# समाज के साथ राखी भी बदल गई

राखी को हम भाई-बहन के स्नेह का त्योहार कहते हैं, पर इससे जुड़ी 'रक्षा' की धारणा पर ठहरकर सोचने की जरूरत है। बहन कलाई पर धागा बांधती है और भाई उसकी रक्षा का वचन देता है, पर जीवन की सच्चाई इससे कहीं व्यापक है। कोई धागा न महंगाई रोक सकता है, न नौकरी की चिंता मिटा सकता है, न कठिन समय में साथ खड़ा हो सकता है। असली सुरक्षा रस्म से नहीं, व्यवहार से मिलती है। फिर भी, यह परंपरा हर साल दोहराई जाती है। सवाल बस इतना है कि आज हमारे जीवन में इस परंपरा का अर्थ कितना बचा है?

निस्संदेह, समय के साथ राखी भी बदल गई है। कभी सादा सूती धागा ही पर्याप्त था, आज बाजार में चमकदार, क्रिस्टल और रोशनी वाली राखियों से लेकर वर्चुअल राखी तक मौजूद है। बाजार ने भावनाओं को भी सजाकर बेचने का हुनर सीख लिया है। बहन राखी खरीदती है, भाई उपहार देता है और रस्म पूरी हो जाती है। इसमें बुराई नहीं, पर जब महंगी वस्तु प्रेम की कसौटी बन जाए, तब रिश्ते का अर्थ खोने लगता है। आखिर रिश्तों का मोल राखी की कीमत से नहीं, उसमें बंधे अपनत्व से तय होता है। सादा धागा भी उतना ही अनमोल है, यदि उसमें स्नेह जीवित हो। राखी के साथ जुड़ी 'भाई रक्षक, बहन संरक्षित' की धारणा अब उतनी सहज नहीं रही। आज बहनें पढ़ती हैं, नौकरी करती हैं, कारोबार संभालती हैं और परिवार के बड़े फैसलों में बराबर की भागीदार हैं। कई बार वही भाई की मुश्किल में ढाल बनती हैं- पैसे, सलाह और जिम्मेदारी, हर मोर्चे पर। ऐसे में केवल भाई द्वारा बहन की रक्षा का वचन रिश्ते की पूरी तस्वीर नहीं दिखाता। भाई का साथ जरूरी है, तो बहन का सहारा भी उतना ही मूल्यवान है। बहनें आज किसी भी मामले में भाइयों से कम नहीं है। वास्तव में, दोनों एक-दूसरे की ताकत हैं।

राखी का राजनीतिक इस्तेमाल भी आम हो चुका है। नेता महिलाओं से राखी बंधवाकर सुरक्षा का वादा करते हैं; तस्वीरें खिंचती हैं, अखबारों में खबरें बनती हैं और कुछ समय के लिए गंभीरता का आभास भी होता है, लेकिन महिलाओं की सुरक्षा किसी समारोह की मोहताज नहीं- उसे कानून-व्यवस्था, सम्मान और रोजमर्रा के आचरण का सहारा चाहिए। कलाई पर बंधा धागा तभी अर्थवान है, जब उससे जुड़ा वायदा व्यवहार में उतरे। महिलाओं को अपनी सुरक्षा का एहसास हो। केवल रस्म निभा लेने से जिम्मेदारी पूरी नहीं होती। यह समझना होगा कि राखी की असली खूबसूरती किसी एक वचन में नहीं, उस एहसास में है कि जीवन चाहे जितनी दूरियां और मुश्किलें सामने रखे, भाई-बहन एक-दूसरे के लिए बने रहें।

कृति आरके जैन, टिप्पणीकार

# कसरत छूट जाए तो क्या होगा

अक्सर कहा जाता है कि जिम जाना बंद कर देंगे तो शरीर पहले जैसा हो जाएगा। यह पूरा सच नहीं है। जिम, योग, दौड़ना या फिर डाइटिंग, अगर इनसे कुछ समय के लिए ब्रेक लेना पड़ जाए, तो पूरी मेहनत बेकार नहीं होती। सही भोजन, अच्छी नींद और शारीरिक सक्रियता पर ध्यान देने से फिट रहने में मदद मिल सकती है, बता रहे हैं तोयज कुमार सिंह



किसी भी तरह की फिटनेस दिनचर्या हम शुरू तो बड़े मन से करते हैं, लेकिन बहुत लंबे समय तक जारी नहीं रख पाते। वेट ट्रेनिंग, योग, रनिंग या फिर डाइटिंग ही हो, अकसर उसे बीच में ही छोड़ देते हैं। हां, वजह अलग-अलग हो सकती हैं। समय की मजबूरी या फिर मनचाहे नतीजे न मिलना या कसरत की हसरत पूरी हो जाना। कई बार किसी चोट या बीमारी के कारण भी अपने फिटनेस रूटीन को छोड़ना पड़ जाता है। ऐसे में एक सवाल मन में उठता है कि क्या व्यायाम छोड़ने के बाद शरीर पहले जैसा ही हो जाएगा?

अच्छे फिटनेस रूटीन को छोड़ने के कुछ नुकसान तो होते ही हैं। मगर इसमें भी बड़ी भूमिका हमारी जीवनशैली और आदतों की होती है। आपने जो हासिल किया है, उसे कुछ बातों का ध्यान रखकर बरकरार रखा जा सकता है।

## व्यायाम का शरीर पर असर

सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि विभिन्न व्यायाम से शरीर को क्या लाभ होता है।

जब हम वेट ट्रेनिंग करते हैं, तो हमारी मांसपेशियां मजबूत और आकार में बड़ी हो जाती हैं। हड्डियों में कैल्शियम व मिनरल जमा होते हैं। मेटाबॉलिक रेट यानी भोजन को ऊर्जा में बदलने की दर बढ़ जाती है। इस कारण आप आराम की अवस्था में भी अधिक कैलोरी बर्न करते हैं।

योग की बात करें, तो यह शरीर और तंत्रिका तंत्र के बीच संतुलन स्थापित करता है। आसन करने से मांसपेशियों, टेंडन्स और लिगामेंट्स में खिंचाव आता है। जोड़ों में लचीलापन बढ़ता है। प्राणायाम से फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है और आप ऊर्जावान महसूस करते हैं। इससे शरीर में तनावकारी हार्मोन कोर्टिसोल घटता है।

दौड़ना व कार्डियो जैसी एरोबिक एक्टिविटी के नियमित अभ्यास से दिल और फेफड़ों की क्षमता बेहतर होती है। नियमित दौड़ने से मांसपेशियों तक ऑक्सीजन पहुंचाने वाली छोटी रक्त वाहिकाएं, बेहतर ढंग से काम कर पाती हैं।

नियमित कसरत से दिमाग एंडोर्फिन, डोपामाइन व सेरोटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर रिलीज करता है, जिससे मूड पर अच्छा असर पड़ता है। डिप्रेशन व बेचैनी दूर होती है।

### व्यायाम से ब्रेक का शरीर पर असर

जब हम नियमित व्यायाम करते हैं, तो शरीर उसका आदी हो जाता है। व्यायाम बंद करने पर शरीर में धीरे-धीरे बदलाव आने लगते हैं। इसे डिट्रेनिंग कहते हैं। यह असर हर किसी पर अलग हो सकता है, जो व्यक्ति की फिटनेस, उम्र, आदतें और ब्रेक की अवधि पर निर्भर करता है। मसलन, एक शख्स ने मांसपेशियां बनाने के लिए जिम जिम ज्वाइन किया। उसके लिए अपनी खुराक भी बढ़ाई। जिम छोड़ने के बाद अगर खानपान में बदलाव नहीं करेंगे, तो वजन बढ़ना तय है।

- **2-3 दिन का ब्रेक** : आमतौर पर फिटनेस, ताकत या मसल्स पर कोई खास असर नहीं पड़ता। शरीर को रिकवरी का समय मिलता है।
- **1-2 हफ्ते का ब्रेक** : कार्डियो फिटनेस व वीओ2 मैक्स (शरीर की ऑक्सीजन इस्तेमाल करने की क्षमता) में कुछ कमी हो सकती है। कोई बड़ा बदलाव नहीं आता।
- **3 हफ्ते का ब्रेक** : कुछ अध्ययनों के अनुसार इतने ब्रेक में भी मसल्स की मोटाई और ताकत में महत्वपूर्ण गिरावट आना जरूरी नहीं है।
- **लंबे समय का ब्रेक** : ट्रेनिंग की आवृत्ति, वॉल्यूम और इंटेंसिटी कम होने पर ताकत, सहनशक्ति, गति धीरे-धीरे कम हो सकती हैं। जो सुधार हुए उनमें कमी आने लगती है।

### 'यो यो' डाइटिंग से बचें

डाइटिंग के दौरान तेजी से वजन कम करने के लिए कुछ लोग बहुत कम खाना शुरू कर देते हैं। ऐसे में डाइटिंग छोड़ने के बाद वापस सामान्य भोजन करने पर वजन बढ़ने लगता है। इसे ही यो-यो डाइटिंग कहते हैं। यह प्रक्रिया दोहराते रहने से तन और मन दोनों की सेहत पर असर पड़ सकता है। बार-बार वजन बढ़ने-घटने से हर समय खाने की चिंता रहती है, वही अपने शरीर को लेकर असंतोष बढ़ता है। क्रैश डाइट के बजाय संतुलित भोजन, पर्याप्त प्रोटीन, नियमित व्यायाम और अच्छी नींद पर ध्यान देना चाहिए। लंबे समय तक जारी रख सकें, ऐसी स्वस्थ आदतें अपनाएं।

### विशेषज्ञ की राय

"योग केवल आसन नहीं है। मन का संयम, संतुलित भोजन व सही दिनचर्या भी इससे जुड़े हैं। जहां तक संभव हो अपनी जरूरत, आयु, क्षमता, जीवन शैली के अनुरूप हर दिन योग करना ही चाहिए।
**डॉ. विनय कुमार भारती,** योग विशेषज्ञ, एमडीएनआईवाई

आप जिम छोड़ते ही वापस मोटे नहीं हो जाएंगे। जरूरत से ज्यादा कैलोरी लेंगे, तो वजन बढ़ेगा ही। पूरी तरह जिम छोड़ने के बजाय, कुछ व्यायाम करते रहें। हमारा शरीर एक समझदार मशीन है। निरंतरता जरूरी है, भले ही आप रोज 15 मिनट चलें।
**मुकेश गहलोत,** बॉडी बिल्डर

सख्त डाइट के बाद थोड़ा वजन बढ़ने पर घबराएं नहीं। ऐसा शरीर में ग्लाइकोजन और पानी की मात्रा वापस सामान्य होने की वजह से हो सकता है। खाने की मात्रा धीरे-धीरे बढ़ाएं। प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट व सलाद खाएं और पर्याप्त पानी पिएं।
**कविता देवगन,** पोषण विशेषज्ञ

## मिथक बनाम सच

**जिम छोड़ने के बाद मांसपेशी वसा में बदल जाती है**

**सच :** यह पूरी तरह से गलत है। मांसपेशी और चर्बी दो अलग-अलग तरह के टिशू हैं। व्यायाम बंद होने पर मांसपेशियों का द्रव्यमान कम हो सकता है। अगर आप जरूरत से ज्यादा कैलोरी लेते हैं, तो शरीर में वसा बढ़ सकती है।

**जिम छोड़ते ही इंसान बहुत मोटा हो जाता है**

जिम छोड़ने से अपने आप मोटापा नहीं आता। वजन में बदलाव ब्रेक की अवधि, शरीर की जरूरत के अनुसार कैलोरी के सेवन, नींद और अन्य कई व्यक्तिगत कारकों पर निर्भर करता है।

**क्रैश डाइटिंग छोड़ने के बाद वजन पहले से ज्यादा बढ़ता है**

जब आप बहुत कम खाना खाकर वजन घटाते हैं, तो मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है। शरीर में पानी भी कम हो जाता है। ऐसे में जब आप सामान्य भोजन पर लौटते हैं, तो वजन बढ़ सकता है। इसलिए यह पूरी तरह चर्बी हो जरूरी नहीं। हां, सावधान रहना जरूरी है।

## सब या कुछ नहीं वाली सोच बदलें

यदि किसी कारणवश जिम, योग या डाइटिंग छोड़नी पड़ रही है, तो भी आप फिट रह सकते हैं। अगर एक घंटे जिम या व्यायाम करना संभव नहीं है, तो रोज 15-20 मिनट का घर में ही व्यायाम करना, पैदल चलना और स्ट्रेचिंग का अभ्यास भी फिटनेस स्तर को गिरने से बचा सकते हैं। इसे मेंटेनेंस मोड कहते हैं।

आप घर में भी काफी कुछ कर सकते हैं, जैसे पुश-अप्स, स्क्वाट्स और प्लैंक। ये मसल मास और कोर स्ट्रेंथ को बनाए रखेंगे। रोजाना कुछ सूर्य नमस्कार व स्ट्रेचिंग करने से शरीर का लचीलापन बनाए रखा जा सकता है। इससे वजन काबू रखने में मदद मिल सकती है।

## प्रोटीन व फाइबर पर जोर दें

डाइटिंग या व्यायाम छोड़ें, तो पोषण से समझौता न करें। दालें, पनीर, अंडे, अंकुरित अनाज जैसी चीजें खाएं। यह मांसपेशियों को टूटने से बचाएगा। हरी सब्जियां और फल का सेवन रोज करें। इससे पेट भरा रहता है और जंक फूड खाने की इच्छा में कमी आती है। मीठा और रिफाइंड भोजन कम से कम खाएं।

## तनाव और नींद का ध्यान रखें

वर्कआउट छोड़ने के बाद कई लोगों में तनाव बढ़ जाता है। वह खुद को दोषी महसूस करते हैं। इस कारण शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन बढ़ने लगता है, जो नींद, भूख और खानपान की आदतों को पर असर डाल सकता है। 7-8 घंटे की अच्छी नींद लें। साथ ही जितना हो सके अपने लिए समय निकालें।

## 'नीट' अपनाएं

नीट यानी नॉन एक्सरसाइज एक्टिविटी थर्मोजेनिसिस। बिना जिम जाए अपनी दैनिक गतिविधियों के जरिये ऊर्जा की खपत करना। अगर किसी कारण ब्रेक ले रहे हैं, तो अपनी आदतें बदलें। लिफ्ट की जगह सीढ़ियां इस्तेमाल करें। फोन पर बात करते समय टहलें। हर एक घंटे के बाद दो मिनट के लिए सीट से खड़े हों। प्रतिदिन 15 से 20 मिनट पैदल चलें।

---

सवाल-जवाब

# खर्राटे के लिए पहले ईएनटी विशेषज्ञ से मिलें



डॉ. जुगल किशोर
निदेशक, प्रोफेसर कम्युनिटी मेडिसिन, सफदरजंग हॉस्पिटल, नई दिल्ली

**■ सवाल : मेरे पति की उम्र 42 साल है। उन्हें बहुत तेज खर्राटे आते हैं। सुबह उठने पर सिरदर्द रहता है और दिनभर नींद आती रहती है। क्या यह सिर्फ खर्राटे की समस्या है? क्या करें?**

**जवाब :** सोते समय खर्राटे की परेशानी काफी आम है। इसके कई कारण हो सकते हैं-जैसे वजन बढ़ना या नाक, कान और गले से जुड़ी समस्या। यदि खर्राटों के साथ सांस रुकने या दिन में बहुत सुस्ती रहने जैसे लक्षण हैं, तो यह स्लीप एप्निया भी हो सकता है। बेहतर है कि आप ईएनटी या स्लीप विशेषज्ञ को दिखाएं। कई अस्पतालों में श्वसन और नींद चिकित्सा के लिए ओपीडी लगती है, आप वहां भी दिखा सकते हैं।

इसके अलावा अपना वजन नियंत्रित रखें और पीठ के बल सोने के बजाय करवट लेकर सोएं।

**■ सवाल : मैं 38 साल का हूं। पिछले कुछ महीनों से घुटनों और दूसरे जोड़ों में दर्द रहता है। साथ ही पेट खराब, दस्त और कभी-कभी मुंह में छाले भी होते हैं। क्या इन समस्याओं का आपस में कोई संबंध हो सकता है?**

**जवाब :** आप अपनी समस्याओं के लिए सबसे पहले किसी गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट (पेट रोग विशेषज्ञ) से मिलें। आपके पेट व जोड़ों के लक्षणों का आपस में संबंध हो सकता है। जब आंत में सूजन या गड़बड़ी होती है, तो शरीर का इम्यून सिस्टम ओवरएक्टिव हो जाता है, जिसका असर जोड़ों पर भी दिखने लगता है। इसके अलावा यह किसी ऑटोइम्यून डिसऑर्डर या फिर शरीर में जरूरी विटामिन्स के कारण भी हो सकता है। लक्षणों के आधार पर वे पेट की जांच के अलावा ब्लड टेस्ट करने की सलाह दे सकते हैं।

**भेजें अपने सवाल**

सेहत से जुड़े सवाल tanmanhindustan@gmail.com पर मेल करें। आप इस पते पर भी सवाल भेज सकते हैं- तन-मन, हिन्दुस्तान, 11वां तल, द आइकॉन टॉवर, एफ सी-24 सी, फिल्म सिटी, सेक्टर-16ए, नोएडा, 201301

---

# बुखार होने पर कब टेस्ट कराना जरूरी

मानसून के दिनों में सामान्य तौर पर खांसी, जुकाम व बुखार के मामले बढ़ जाते हैं। इन दिनों एच 1एन1 का संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। अनदेखी न करते हुए कब जांच कराना जरूरी है, आइए जानें...



बुखार कोई बीमारी नहीं है। यह एक लक्षण है, जो बताता है कि हमारा शरीर किसी संक्रमण से लड़ रहा है। वायरस, बैक्टीरिया या किसी भी अन्य संक्रमण के कारण बुखार हो सकता है। खासकर, बारिश के दिनों में इन्फ्लूएंजा के मामले सामान्य तौर पर बढ़ जाते हैं।

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के अनुसार, इस समय देशभर में जांच किए गए इन्फ्लुएंजा के मामलों में से 98 % मामले स्वाइन फ्लू के हैं। हालांकि, इस बात पर भी जोर दिया गया है कि घबराने की जरूरत नहीं है।

स्वाइन फ्लू, इन्फ्लुएंजा ए वायरस से होने वाला संक्रमण है, जो मुख्य रूप से श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है। लक्षणों में समानता के कारण शुरुआती दो या तीन दिनों में फ्लू, एच1एन1 और दूसरी सांस से जुड़ी बीमारियां लगभग एक जैसी दिखाई दे सकती हैं।

सकरा हॉस्पिटल, बेंगलुरु से जुड़े फिजिशियन डॉ. एम. रवि कुमार के अनुसार, एच1एन1 के प्रमुख लक्षणों में अचानक तेज बुखार, ठंड लगना, लगातार सूखी खांसी, गले में खराश और नाक बहना शामिल हैं। शरीर में तेज दर्द, थकान और सिरदर्द भी हो सकता है। कुछ लोगों में उल्टी या दस्त जैसे लक्षण भी दिखते हैं।

## डॉक्टर से तुरंत मिलें

मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर की मॉलिक्यूलर बायोलॉजिस्ट व माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. लक्ष्मीप्रिया के अनुसार, सांस लेने में परेशानी, सीने में लगातार जकड़न, होंठ या नाखूनों का नीला पड़ना, भ्रम की स्थिति और पर्याप्त पानी न पीने जैसे संकेत दिखने पर डॉक्टर से तुरंत सलाह लें। यह ध्यान रखें कि इन्फ्लुएंजा वायरल संक्रमण है, इसलिए डॉक्टर की सलाह के बिना खुद से एंटीबायोटिक दवाएं न खाएं।

यदि बुखार कम होने के बाद दोबारा लौट आए, तेज खांसी भी हो या चौथे या पांचवें दिन के बाद हालत बिगड़ने लगे, तो डॉक्टर से मिलें। गर्भवती महिलाएं, छोटे बच्चे, बुजुर्ग, दमा, डायबिटीज या हृदय रोगियों पर खास ध्यान दें। संदेह होने पर डॉक्टर सीबीसी व एच1एन1 की पुष्टि के तौर पर आरटी-पीसीआर जांच कराते हैं।

## संक्रमण से कैसे बचें

नियमित साबुन और पानी से हाथ धोएं। भीड़भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनें, खांसते या छींकते समय मुंह और नाक पर कपड़ा रखें तथा अस्वस्थ महसूस होने पर दूसरों से दूरी बनाए रखें। बच्चों में संक्रमण ठीक होने तक उन्हें स्कूल न भेजें।

## टीकाकरण जरूरी

वार्षिक इन्फ्लुएंजा टीकाकरण गंभीर बीमारी से बचाव के प्रभावी उपायों में से एक है। मौसमी फ्लू वैक्सीन उन इन्फ्लुएंजा के स्ट्रेन्स से सुरक्षा प्रदान करने के लिए तैयार की जाती है, जिनके प्रसार की उस मौसम में आशंका होती है। खासकर बुजुर्गों में इन्हें लगवाना लक्षणों को गंभीर होने से रोक सकता है।

---

# दूध पीने से भी बिगड़ सकता हाजमा

दूध पोषक तत्वों से भरपूर है, पर हर कोई इसे पचा नहीं पाता। लैक्टोज इंटॉलरेंस के कारण बहुत सारे लोगों में दूध पीने से गैस, पेट फूलना और दस्त की समस्या के लक्षण दिखाई देते हैं।

**पशुओं** का दूध पचाने की क्षमता हर व्यक्ति में अलग-अलग होती है। यह इस बात पर निर्भर करती है कि शरीर में लैक्टेज नामक एंजाइम कितना बनाता है। लैक्टेज वह एंजाइम है, जो दूध में मौजूद प्राकृतिक शर्करा को पचाने में मदद करता है। अगर शरीर में इसकी मात्रा कम हो, तो व्यक्ति को लैक्टोज इंटॉलरेंस हो सकता है।

## क्यों नहीं पचता दूध

मणिपाल, गुरुग्राम अस्पताल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में सलाहकार डॉ. उद्धवेश पैठणकर के अनुसार, दूध पचाने की क्षमता काफी हद तक आनुवंशिक कारणों और खान-पान की परंपराओं पर निर्भर करती है। उत्तरी भारत और कई यूरोपीय देशों के लोगों में लंबे समय से दूध अधिक पिया जाता है। इस कारण वयस्क होने पर भी उनकी दूध पचाने की क्षमता अधिक देखी जाती है। वहीं, दक्षिण भारत के लोगों में लैक्टोज इंटॉलरेंस अपेक्षाकृत अधिक देखने को मिलता है। कुछ लोगों में रात को दूध पीने पर एसिडिटी की समस्या अधिक होती है। इसका एक कारण है, रात में पाचन क्रिया सुस्त पड़ जाती है।

### दूध के कई विकल्प

कैल्शियम के लिए बादाम जैसे खाद्य पदार्थ अच्छे विकल्प हैं। उच्च गुणवत्ता वाला प्रोटीन और कई जरूरी पोषक तत्व अंडों से मिल सकते हैं। इसके अलावा यह भी देखने को मिलता है कि कुछ लोग दूध की तुलना में दही, योगर्ट, पनीर आदि आसानी से पचा लेते हैं। फर्मेंटेड डेयरी उत्पादों में लैक्टोज की मात्रा कम होती है। कई लोगों को थोड़ी मात्रा में दूध भी बिना परेशानी के पच जाता है।

## लैक्टोज इन्टॉलरेंस के लक्षण

दूध पीने के बाद बार-बार ये समस्याएं होती हैं, तो ध्यान दें—

■ पेट फूलना ■ गैस बनना ■ पेट में दर्द या ऐंठन ■ दस्त

अगर दूध पीने के बाद ऐसी परेशानी होती है, तो कुछ समय के लिए दूध कम या बंद करके देखें। अगर लक्षण कम हो जाएं, तो डॉक्टर से सलाह लें। यदि इन लक्षणों के साथ बिना किसी कारण के वजन घट रहा हो, मल में खून आ रहा हो, लगातार दस्त हो रहे हों या पेट में तेज दर्द हो, तो तुरंत डॉक्टर से जांच करानी चाहिए।

## क्या दूध नहीं पीना चाहिए?

डॉ. उद्धवेश के अनुसार, यदि आप शुद्ध और कम प्रोसेस्ड दूध पीते हैं और उसे आसानी से पचा लेते हैं, तो संतुलित मात्रा में इसका सेवन किया जा सकता है। अगर दूध पीने से बार-बार पाचन से जुड़ी समस्याएं हो रही हैं, तो इसे पीना कम कर दें या धीरे-धीरे इसकी मात्रा कम करते रहें।

---

# रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

**मेष :** मन प्रसन्न रहेगा। संतान सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें।

**वृष :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। किसी मित्र से भेंट हो सकती है। लेखनादि कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय के साधन भी बनेंगे। यात्रा पर भी जा सकते हैं।

**मिथुन :** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी, पर किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है।

**कर्क :** मन परेशान रहेगा। कारोबार में बेकार की भागदौड़ बढ़ेगी। लाभ में कमी आ सकती है। माता-पिता की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी।

**सिंह :** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भवन की साज-सज्जा के काम पर खर्च बढ़ेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा।

**कन्या :** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। पिता की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। माता से धन मिल सकता है। नौकरी के लिए इंटरव्यू में सफलता मिलेगी।

**तुला :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार के लिए किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। पढ़ाई के कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक :** मन में निराशा व असंतोष से बचें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। धर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**धनु :** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है। कारोबार के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**मकर :** मन परेशान हो सकता है। संयत रहें। बेकार के क्रोध से बचें। कारोबार में किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार के लिए यात्रा से लाभ मिल सकता है।

**कुंभ :** मन अशांत हो सकता है। किसी मित्र से भेंट हो सकती है। कारोबार में भागदौड़ भी अधिक रहेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मीन :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन परेशान भी हो सकता है। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में बाधा आ सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

## व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

28 अगस्त, शुक्रवार, **शक संवत्** : 06 भाद्रपद (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 12 भाद्रपद मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम**: 14 रबि-उल्लावल, 1448, **विक्रमी संवत्** : श्रावण शुक्ल पूर्णिमा तिथि प्रातः 09.49 बजे तक पश्चात प्रतिपदा तिथि, शतभिषा नक्षत्र रात्रि 03.14 मिनट तक पश्चात पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र, चंद्रमा कुंभ राशि में (दिन-रात)।

**सूर्य दक्षिणायन।** सूर्य उत्तर गोल। वर्षा ऋतु। प्रातः 10.30 मिनट से दोपहर 12 बजे तक राहुकालम्। पंचक। श्रावण पूर्णिमा। रक्षाबंधन। श्रावणी उपाकर्म। श्री गायत्री जयंती।

## वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

घर निर्माण का काम पूरा नहीं हो पा रहा है, तो ये वास्तु उपाय करें :

- घर की दक्षिण दिशा में नीले रंग का तिरपाल बिल्डिंग पर नहीं डालें। उसे वहां से हटाकर उत्तर दिशा के हिस्से पर डलवा दें।
- दक्षिण दिशा में थोड़ा सा कोरल पाउडर डलवा दें और वहां पर 9 पिरामिड लगाएं। घर की बाउंड्री के चारों ओर सफेद एवं पीली सरसों मिलाकर डालें।
- कई बार भवन की भूमि ऊर्जा नकारात्मक होती है, जिसके कारण निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होता या फिर वहां पर शल्य दोष के कारण निर्माण में बाधा होती है। किसी वास्तु विशेषज्ञ से भूमि ऊर्जा की जांच करवाकर उसका निवारण करवाएं।

## वर्ग पहेली : 8434



**बाएं से दाएं**

1. अंश; खंड, क्षेत्र; स्कंध; हिस्सा; किसी कार्यालय का एक भाग; महकमा (3)
3. मतदान के बाद की जाने वाली मतों की गिनती (5)
7. दही में मथानी चलाना; दही बिलोना; लस्सी बनाना (2,3)
8. नायक; अमीर; नेता (4)
10. ख्याति प्राप्त करना; प्रसिद्धि पाना; दूसरे के सिर दोष मढ़ना; हस्तांतरण करना (2,3)
11. ऊंचा उठाकर छोड़ देना; दे मारना; पछाड़ना (4)
13. निपटाना; संपन्न करना (2,3)
14. पारा; महादेव; शिव (5)
15. खाने योग्य बनना; तैयार होना; परिपक्व होना; रंधना (3)

**ऊपर से नीचे**

2. जिसके चेहरे पर कोई भाव न हो; भाव शून्य (4)
4. अभिमान करना; गरूर करना; घमंड करना (2,3)
5. अस्तित्व न रहने देना; नष्ट करना; बरबाद करना; समाप्त करना (2,3)
6. किसी की कला निपुणता पर मुग्ध होकर उसके हाथों को प्यार करना; स्त्रियों का, विशेषकर बुजुर्ग स्त्रियों का बच्चों के प्रति स्नेह व्यक्त करना (2,3)
8. शोर करती हवा का चलना; हवा का तेजी से चलना; सरीसृप का रेंगना (5)
9. सारांश; अंत; समाप्ति (5)
10. गिड़गिड़ाना; नाक रगड़ना; बहुत विनती करना; याचना करना (2,3)
12. आरक्षी; पहरेदार; प्रहरी; रक्षक; सिपाही (4)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

## वर्ग पहेली : 8433

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ग | ला | 2 भ | र | 3 आ | ना | ■ | 4 व | ■ |
| ण | ■ | न | ■ | ई | ■ | 5 आ | का | श |
| 6 ना | वि | क | ■ | 7 ना | 8 ग | ■ | ल | ■ |
| क | ■ | ■ | 9 स | ■ | ट | ■ | 10 त | 11 प |
| र | ■ | 12 ना | म | बि | क | ना | ■ | त |
| 13 ना | 14 स | ■ | र्थ | ■ | ना | ■ | ■ | ला |
| ■ | मे | ■ | 15 न | 16 ट | ■ | 17 मा | न | क |
| 18 छीं | ट | ना | ■ | प | ■ | द | ■ | र |
| ■ | ना | ■ | 19 वि | का | स | क | र | ना |

## सुडोकू : 8388

*कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 3 | | 8 | | |
| 7 | | | 9 | | | | | 2 |
| | | | | | 7 | | 6 | 4 |
| | | | | | | 4 | | |
| | 9 | | 2 | 4 | 5 | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | |
| 5 | 3 | | 6 | | | | | |
| 2 | | | | | 8 | | | 9 |
| | | 6 | | 7 | | 2 | | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

## सुडोकू : 8387

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 9 | 8 | 4 | 7 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 5 | 6 | 9 | 8 |
| 2 | 8 | 1 | 6 | 9 | 3 | 7 | 4 | 5 |
| 8 | 3 | 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 4 |
| 7 | 9 | 5 | 4 | 3 | 6 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 6 | 4 | 5 | 8 | 2 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 2 | 1 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 4 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 7 |

कल्पमेधा

*उस जीवन को नष्ट करने का हमें कोई अधिकार नहीं है, जिसे बनाने की शक्ति हममें न हो।*

*– महात्मा गांधी*

# वंचित मतदाता

अपने घोषित उद्देश्य के मुताबिक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर को देश में चुनावों और मतदान की प्रक्रिया को दोषरहित बनाने की कोशिश कहा जा सकता है। मगर इसके साथ ही यह जिम्मेदारी भी अनिवार्य रूप से जुड़ी हुई है कि कोई एक भी वैध मतदाता न छूटे और उसे मतदान का उसका अधिकार हर हाल में मिले। मगर क्या देश के अलग-अलग राज्यों में अब तक हुए एसआइआर में क्या इसके घोषित उद्देश्यों के मुताबिक ही नतीजे सामने आ सके हैं? विडंबना यह है कि एसआइआर अपने शुरुआती दौर से ही अनेक तरह के सवालों से घिरा रहा है और विपक्षी दल इसमें व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी के आरोप लगाते रहे हैं। खासतौर पर पश्चिम बंगाल और बिहार में एसआइआर के बाद जिस पैमाने पर लोगों के नाम मतदाता सूची से बाहर किए गए, उसे लेकर तमाम सवाल उठे। यह कहा गया कि बड़ी संख्या में लोगों का नाम किसी कथित चूक का हवाला देकर मतदाता सूची से हटा दिया गया और वे वोट देने से वंचित रह गए। पश्चिम बंगाल में इस क्रम में ऐसे करीब सत्ताईस लाख लोगों के नाम बाहर कर दिए गए थे। जब उस पर चौतरफा सवाल उठे, तब निर्वाचन आयोग की ओर से उन्नीस अपीलीय न्यायाधिकरणों का गठन किया गया था।

अब सूचना के अधिकार कानून के तहत मिली एक जानकारी के मुताबिक, एसआइआर के बाद आई 82,782 अपीलों में से न्यायाधिकरण की ओर से इक्यानबे फीसद मतदाताओं के नाम बहाल कर दिए गए हैं। फिलहाल कुल अपीलों में से सिर्फ 2.17 फीसद मामलों पर ही फैसला हुआ है। अगर दावा सही पाए जाने का अनुपात लगभग यही बना रहता है, तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितने बड़े पैमाने पर वैध मतदाता अपना वोट डालने से वंचित रह गए। क्या यह उन तमाम मतदाताओं के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन नहीं है, जिनका नाम किसी मामूली त्रुटि का हवाला देकर हटा दिया गया? मतदान के समय मतदाता सूची से नाम हटा देने और चुनाव खत्म होने के बाद वही नाम सही पाए जाने पर सूची में जोड़ देने को कैसे देखा जाएगा?

इससे शायद ही किसी को आपत्ति होगी कि चुनावों में मतदान की पूरी प्रक्रिया बिल्कुल स्वच्छ और शुचितापूर्ण हो। साथ ही किसी भी स्थिति में उसमें न तो अवैध मतदान की कोई गुंजाइश हो और न ही किसी वैध मतदाता को मतदान के उसके अधिकार से वंचित किया जाए। निर्वाचन आयोग ने जब मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की थी, तो इसके पीछे यही दलील दी गई थी। प्रथम दृष्टया यह प्रक्रिया अपने आप में चुनावों को ज्यादा स्वच्छ बनाने की कवायद लगती है, क्योंकि इसके तहत वैसे सभी नामों को मतदाता सूची से हटाए जाने की बात कही गई, जिनकी या तो मौत हो गई या फिर जो किसी वजह से अन्य जगह विस्थापित हो गए हों। मगर इसके नाम पर बहुत सारे वैध मतदाताओं को भी वोट देने के अधिकार से वंचित कर दिया गया, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? लाखों मतदाताओं के मतदान करने से वंचित रहने के बीच जो चुनाव हुआ, जनप्रतिनिधि चुने गए, सरकार का गठन हुआ, क्या उसका औचित्य कसौटी पर नहीं है? इससे विचित्र क्या होगा कि चुनाव आयोग ने एसआइआर के जरिए मतदाता सूची को स्वच्छ बनाने का दावा किया, लेकिन उसकी पूरी प्रक्रिया ही सवालों के घेरे में आ गई!

# जवाबदेही के बजाय

आमतौर पर होता यही है कि किसी व्यवस्थागत कमी या लापरवाही की वजह से लोगों को होने वाली परेशानी के बाद सरकार की ओर से जांच या कार्रवाई की घोषणा होती है और उसके कुछ समय बाद बात आई-गई हो जाती है। उस मामले में किस अधिकारी की जिम्मेदारी तय की गई या फिर उसके खिलाफ क्या कार्रवाई हुई, उसके बारे में आम जनता को शायद ही कभी कुछ पता चल पाता है। माना जाता है कि किसी मामले के तूल पकड़ लेने के बाद सरकार भले ही सक्रिय दिखती हो, लेकिन इसके समांतर घोषणाओं की औपचारिकता के बीच शायद कुछ दिनों में सब कुछ शांत होने का इंतजार किया जाता है। ऐसे में अगर किसी समस्या के लिए एक महकमे के अध्यक्ष की ओर से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की खबर आती है, तो यह निश्चित तौर पर एक नई बात लगती है। खासतौर पर, जब सरकारी महकमों के भीतर लापरवाही से लेकर अव्यवस्था की स्थिति में जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने की प्रवृत्ति ही आम दिखती है।

गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों के दौरान राजधानी दिल्ली में हुई घनघोर बरसात के बाद कई इलाके में व्यापक जलभराव की स्थिति देखी गई, कई जगहों पर यातायात ठप हो गया और लोगों को घोर मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इसी असुविधा के लिए नई दिल्ली नगरपालिका यानी एनडीएमसी के अध्यक्ष ने अपने सोशल मीडिया खाते के जरिए आम जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। किसी महकमे के शीर्ष अधिकारी का इस तरह माफी मांगना बेशक महत्त्वपूर्ण है, लेकिन सवाल दायित्व का है, जिसमें कोताही से अव्यवस्था पैदा होती है। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कई इलाकों में जलभराव, यातायात ठप होना और आम लोगों को व्यापक असुविधा हर वर्ष की समस्या है। संबंधित महकमे तब तक सक्रिय नहीं होते, जब तक समस्या गहरा नहीं जाती। अगर हर वर्ष की बरसात के पहले से ही नालों की साफ-सफाई से लेकर हर स्तर पर ऐसी व्यवस्था को लेकर चौकस रहा जाए, जिससे जलभराव न हो, आसानी से पानी की निकासी हो, तो आम जनता की मुश्किल को काफी कम किया जा सकता है। मगर इसके लिए नगरपालिका और नगर निगम के अधिकारियों का अपने कार्य-दायित्वों के प्रति जिम्मेदार और जवाबदेह होना जरूरी है।

# शक्ति संतुलन की बदलती कसौटियां



**इक्कीसवीं सदी में युद्ध का स्वरूप बदल रहा है। अब लड़ाई साइबर दुनिया में भी लड़ी जा रही है। आधुनिक दुनिया में डेटा केवल सूचना नहीं, बल्कि रणनीतिक बढ़त का सबसे बड़ा माध्यम बन चुका है।**

## राकेश गांधी

अगर कोई देश बिना एक गोली चलाए किसी दूसरे देश की आर्थिक गतिविधियों, संचार व्यवस्था, ऊर्जा तंत्र, सरकारी संस्थानों और नागरिकों से जुड़ी अहम सूचनाओं तक पहुंच बना ले, तो क्या वह युद्ध में रणनीतिक बढ़त हासिल नहीं कर लेगा? यही कारण है कि इक्कीसवीं सदी में युद्ध का स्वरूप बदल रहा है। अब लड़ाई सिर्फ सीमाओं पर नहीं, बल्कि साइबर स्पेस या कहें आभासी दुनिया में भी लड़ी जा रही है। आधुनिक दुनिया में डेटा केवल सूचना नहीं, बल्कि रणनीतिक बढ़त का सबसे बड़ा माध्यम बन चुका है। इसी बदलती तस्वीर के बीच हाल ही में कथित तौर पर सामने आए एक असुरक्षित चीनी डेटाबेस ने नई चिंता पैदा कर दी है। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार इंटरनेट पर मिले इस डेटाबेस में विभिन्न देशों के नागरिकों से जुड़ी सूचनाएं संग्रहीत थीं। रिपोर्ट में दावा किया गया कि इनमें कुछ भारतीय नागरिकों के रिकार्ड भी शामिल थे। हालांकि सार्वजनिक प्रमाण वास्तविक समय की निगरानी की पुष्टि नहीं करते, लेकिन इस घटना ने स्पष्ट कर दिया कि व्यक्तिगत और संस्थागत डेटा आज वैश्विक प्रतिस्पर्धा का महत्त्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है।

यह पहला अवसर नहीं है जब चीन पर साइबर जासूसी के आरोप लगे हों। पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, जापान और यूरोप के कई देशों ने भी चीन समर्थित साइबर गतिविधियों को लेकर चिंता जताई है। दूसरी ओर चीन इन आरोपों को निराधार बताता रहा है और स्वयं को भी साइबर हमलों का शिकार बताता है। ऐसे में आरोप-प्रत्यारोप से आगे बढ़ कर यह समझना जरूरी है कि आखिर डिजिटल जासूसी का महत्त्व इतना क्यों बढ़ गया है। आज किसी भी देश की अर्थव्यवस्था, बैंकिंग, बिजली, रेलवे, संचार, स्वास्थ्य सेवाएं, रक्षा प्रतिष्ठान और सरकारी व्यवस्थाएं डिजिटल नेटवर्क पर ही निर्भर हैं। ऐसे में यदि किसी देश की महत्त्वपूर्ण प्रणालियों के बारे में विस्तृत जानकारी किसी दूसरे देश के हाथ लग जाए, तो संकट की स्थिति में उसका रणनीतिक उपयोग हो सकता है। डिजिटल जासूसी का अर्थ केवल मोबाइल फोन या कंप्यूटर में सेंध लगाना नहीं होता। कई बार सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सूचनाएं, यात्रा रिकार्ड, सोशल मीडिया गतिविधियां, व्यावसायिक जानकारियां और इंटरनेट पर मौजूद अन्य सूचनाओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से जोड़ कर किसी व्यक्ति, संस्था या पूरे देश का विस्तृत डिजिटल ब्योरा तैयार किया जा सकता है। यही वजह है कि विशेषज्ञ अब डेटा को 'नया हथियार' भी कहने लगे हैं।

पिछले दो दशकों में चीन ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सुपर कंप्यूटिंग और डिजिटल तकनीक में बड़े पैमाने पर निवेश किया है। प्रशासन, शहरी प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था में इन तकनीकों का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। यही क्षमता उसे वैश्विक डिजिटल प्रतिस्पर्धा में मजबूत बनाती है, लेकिन साथ ही कई देशों में संदेह का कारण भी बनती है। अनेक पश्चिमी देशों का आरोप है कि चीन साइबर माध्यमों से रणनीतिक सूचनाएं जुटाने का प्रयास करता है। इन आरोपों की हर मामले में स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है, फिर भी यह निर्विवाद है कि आज दुनिया की सभी बड़ी शक्तियां साइबर क्षमताओं को राष्ट्रीय सुरक्षा का महत्त्वपूर्ण आधार मान रही हैं। अमेरिका, रूस, इजराइल, ब्रिटेन और अन्य देश भी साइबर सुरक्षा तथा



साइबर खुफिया तंत्र पर लगातार निवेश कर रहे हैं। इसलिए यह प्रतिस्पर्धा केवल दो देशों तक सीमित नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन का हिस्सा बन चुकी है।

यह प्रश्न स्वाभाविक है कि यदि भारत और चीन के बीच प्रत्यक्ष युद्ध जैसी स्थिति नहीं है, तो भारत को लेकर इतनी रुचि क्यों दिखाई देती है। इसका जवाब

> **यह प्रश्न स्वाभाविक है कि यदि चीन के साथ प्रत्यक्ष युद्ध जैसी स्थिति नहीं है, तो भारत को लेकर इतनी रुचि क्यों दिखाई देती है। इसका जवाब बदलती वैश्विक राजनीति में छिपा है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। डिजिटल भुगतान, अंतरिक्ष कार्यक्रम, रक्षा आधुनिकीकरण, सेमीकंडक्टर मिशन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और विनिर्माण के क्षेत्र में उसकी भूमिका लगातार बढ़ रही है। ऐसे में भारत की आर्थिक, तकनीकी और सामरिक गतिविधियों पर वैश्विक शक्तियों की नजर रहना स्वाभाविक है। आधुनिक दौर की प्रतिस्पर्धा केवल सीमाओं पर नहीं, बल्कि तकनीक, नवाचार और सूचना पर आधारित है। इसलिए किसी भी देश की डिजिटल क्षमता को समझना उसकी दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा बन चुका है।**

बदलती वैश्विक राजनीति में छिपा है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। डिजिटल भुगतान, अंतरिक्ष कार्यक्रम, रक्षा आधुनिकीकरण, सेमीकंडक्टर मिशन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और विनिर्माण के क्षेत्र में उसकी भूमिका लगातार बढ़ रही है। हिंद महासागर में उसकी सामरिक स्थिति भी अहम है। ऐसे में भारत की आर्थिक, तकनीकी और सामरिक गतिविधियों पर वैश्विक शक्तियों की नजर रहना स्वाभाविक है। यह भी समझना होगा कि आधुनिक दौर की प्रतिस्पर्धा केवल सीमाओं पर नहीं, बल्कि तकनीक, नवाचार और सूचना पर आधारित है। इसलिए किसी भी देश की डिजिटल क्षमता को समझना उसकी दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा बन चुका है। भारत के लिए चुनौती यह नहीं है कि कौन उसे देख रहा है, बल्कि यह है कि वह अपनी डिजिटल सीमाओं की सुरक्षा कितने प्रभावी ढंग से कर पा रहा है।

यदि डिजिटल दुनिया भविष्य का युद्धक्षेत्र है, तो क्या भारत इसके लिए तैयार है? आज भारत सबसे बड़ी डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। आधार, डिजिलाकर, आनलाइन बैंकिंग, डिजिटल स्वास्थ्य मिशन और ई-गवर्नेंस आदि नागरिकों के जीवन का हिस्सा बन चुकी हैं, लेकिन जिस तेजी से डिजिटल सेवाओं का विस्तार हुआ है, उतनी ही तेजी से साइबर सुरक्षा की चुनौतियां भी बढ़ी हैं।

राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि भविष्य में किसी देश को अस्थिर करने के लिए हमेशा पारंपरिक युद्ध की आवश्यकता नहीं होगी। यदि बिजली ग्रिड, बैंकिंग नेटवर्क, संचार व्यवस्था, रेलवे, हवाई यातायात या सरकारी सेवाओं पर बड़े पैमाने पर साइबर हमला हो जाए, तो उसका असर केवल तकनीकी नहीं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और रणनीतिक भी हो सकता है। इसलिए साइबर सुरक्षा अब सूचना प्रौद्योगिकी का विषय भर नहीं रह गई है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की पहली पंक्ति का अहम हिस्सा बन चुकी है।

भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी तकनीकी क्षमता और मानव संसाधन हैं। दुनिया की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों में हजारों भारतीय इंजीनियर, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के शोधकर्ता अहम जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। आइआइटी, भारतीय विज्ञान संस्थान, सी-डेक, इसरो, डीआरडीओ और देश के तेजी से विकसित होते नवउद्यम भी इस क्षमता को मजबूत बना रहे हैं। भारत के सामने चुनौती प्रतिभा की कमी नहीं, बल्कि उस प्रतिभा को राष्ट्रीय सुरक्षा की साझा रणनीति से जोड़ने की है। यदि सरकारी संस्थान, निजी उद्योग, शोध संस्थाएं और वैश्विक स्तर पर कार्यरत भारतीय विशेषज्ञ एक समन्वित रणनीति के तहत काम करें, तो भारत अपनी डिजिटल सुरक्षा को नई ऊंचाई दे सकता है।

भारत और चीन के संबंध आने वाले वर्षों में प्रतिस्पर्धा और सहयोग के साथ आगे बढ़ेंगे। सीमा पर शांति बनाए रखना जितना आवश्यक है, उतना ही जरूरी आभासी दुनिया में सतर्क रहना है। दुनिया की बड़ी शक्तियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा और डेटा संरक्षण पर अरबों डालर का निवेश कर रही हैं। भारत को इस प्रतिस्पर्धा में तकनीक विकसित करने वाले राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान मजबूत करनी होगी। इक्कीसवीं सदी में किसी राष्ट्र की संप्रभुता केवल उसकी भूमि, समुद्र और आकाश तक सीमित नहीं रह गई है। उसका डेटा, डिजिटल नेटवर्क और उसकी तकनीकी क्षमता भी उसकी संप्रभुता का अभिन्न हिस्सा हैं। इसलिए भविष्य की सबसे बड़ी चुनौती केवल सीमाओं की रक्षा नहीं, बल्कि डिजिटल सीमाओं की सुरक्षा भी होगी। आने वाले समय में किसी देश की ताकत केवल उसकी सेना से नहीं आंकी जाएगी। उसके मजबूत साइबर नेटवर्क, तकनीकी आत्मनिर्भरता और सुरक्षित डेटा ही उसकी राष्ट्रीय शक्ति के नए पैमाने होंगे।

# अंकों का गणित

## विप्रम

अंकों का अपना अर्थ होता है। संख्या के हिसाब से इनका गणित कभी लाभदायक, तो कभी हानिकारक हो जाता है। इसी नफा या नुकसान के मद्देनजर इन्हें अजीब कहा जाता है। उदाहरण के तौर पर एक कर्मचारी की सेवानिवृत्ति उनतीस अप्रैल को हुई, हालांकि उनकी जन्म तिथि एक मई थी। सेवानिवृत्ति की आयु पूरी होने के लिहाज से देखा जाए, तो ऐसा लग रहा है कि उन्हें एक दिन पहले सेवानिवृत्त कर दिया गया। नियम यह है कि अगर उनकी जन्म-तिथि एक मई न हो कर दो मई होती, तो वे इकत्तीस मई को सेवानिवृत्ति होते। यानी उन्हें पूरे एक महीने का लाभ मिलता। एक दिन के फेर में कर्मचारी को खासा नुकसान हो गया।

अंकों के गणित की शुरुआत शून्य से नौ तक मानी जाती है। शून्य यानी जीरो का अपना अलग महत्त्व होता है। एक से आगे की संख्याओं की अपनी महिमा होती हैं। अपने विशेष संकेत हुआ करते हैं। शून्य वह संख्या है, जो किसी अन्य संख्या के पहले या बाद में लगा दिया जाए, तो उस संख्या का महत्त्व घट या बढ़ जाता है। ठीक ऐसे ही एक वह संख्या है, जिसे किसी और संख्या में बढ़ा दिया जाए, तो उसकी महत्ता में और अधिक वृद्धि हो जाती है। उदाहरण के तौर पर एक सौ रुपए की इतनी अहमियत नहीं होती, जब तक कि उसमें एक रुपया बढ़ा न दिया जाए। एक सौ एक होते ही वह सौ रुपया 'श्रद्धापूर्ण' होकर बहुत भला लगने लगता है। ठीक इसी तरह पांच सौ एक और ग्यारह सौ एक रुपए। यहां बढ़ा हुआ एक रुपया बहुमूल्य ही नहीं, 'अति संस्कारी' भी हो जाता है!

एक रुपया, यानी एक की कमी कभी-कभी विस्मयकारी भी हो सकती है, जिसे सरकारी या गैरसरकारी खिड़की से कोई रेल या बस की टिकट लेते समय अमूमन देखा जा सकता है। यह एक रुपया कितना करामाती होता है, यह भीड़ में साफ दिखता है। टिकिट लेने की प्रक्रिया में यह रुपया बाधक भी हो सकता है और बड़ा कीमती भी हो जाता है। यानी एक की संख्या। एक बार एक प्रधानमंत्री को सदन में यह एक की संख्या कितनी भारी पड़ी थी, सब जानते हैं। सीधे शब्दों में कहें, तो उनकी सरकार चली गई थी। इस एक की संख्या का गणित सच में बड़ा जटिल होता है। एक नंबर से परीक्षाफल में विद्यार्थियों की अच्छी-खासी डिवीजन यानी श्रेणी तक बदल जाती है। एक मिनट लेट होने पर ट्रेन छूट जाती है, तो आजकल कभी-कभी परीक्षा-भवन में प्रवेश से रोक दिया जाता है। हर शुरुआत के लिए पहले कदम की दरकार होती है।

असल गिनती देखा जाए, तो एक से दस तक हुआ करती है। इसी को क्रम से आगे बढ़ाते रहा जाए, तो गिनती और बढ़ती रहेगी। सौ, हजार, लाख करोड़..। सब अंकों का खेल है। पुराने लोगों को तो हाथ की अंगुलियों की गिननी आती थी, यानी पांच तक। इसी पांच में वे अपनी जिंदगी गुजार लेते थे। पर यहां यह जरूर कह सकते हैं कि पांच से दो अंक पहले जो अंक यानी तीन आता है, वह न तो उन्हें भला लगता था न किसी और को। यह संख्या आज के दौड़ते-भागते लोगों को भी माफिक नहीं लगती। अशुभ मानते हुए कहा भी जाता है- तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा।

इस क्रम में देखा जाए तो नौ की संख्या 'अद्भुत' मानी जाती है। यह वह संख्या है, जिसे एक से दस तक गुणा करने के बाद जो फल आता है, उसका जोड़ भी नौ ही आएगा। जैसे नौ गुणा एक बराबर हुआ नौ। नौ गुणा दो बराबर अठारह। इस अठारह का जोड़ हुआ नौ। ऐसे ही नौ को तीन से गुणा करने के उपरांत योग हुआ सत्ताइस। इसका जोड़ हुआ नौ। आखिर में नौ को दस से भी गुणा करने पर जोड़ हुआ नब्बे। इस नब्बे को जोड़ा, तो फिर नौ बने। बहरहाल, बारह की संख्या के बाद और चौदह से पहले आने वाली संख्या, यानी तेरह कैलेंडरों या किताबों में तो अवश्य लिखी मिल जाएगी, लेकिन किसी होटल या अस्पताल में यह संख्या कई बार कहीं नहीं दिखती है। शायद बहुत पर्दे में रहती है। अंकशास्त्री भी इसके सम्मोहन में हाथ खड़े कर देते हैं। तेरह की तोड़ में जगह-जगह केवल बारह-ए लिखा मिल सकता है। सीधा साफ तेरह नहीं लिखा जाता। इसका भाव भी टेढ़ा समझा जाता है।

## दुनिया मेरे आगे

> **एक की संख्या का गणित सच में बड़ा जटिल होता है। एक नंबर से परीक्षाफल में विद्यार्थियों की अच्छी-खासी श्रेणी तक बदल जाती है। एक मिनट की भी देरी होने पर ट्रेन छूट जाती है, तो आजकल परीक्षा-भवन में प्रवेश से भी रोक दिया जाता है। वहीं हर शुरुआत के लिए पहले कदम, यानी एक कदम बढ़ाने की दरकार होती है।**

बहरहाल, संख्याओं के तीन-तेरह में क्या और क्यों पड़ना! बड़े से बड़े अंकशास्त्री इससे बचा करते हैं। फिर आम लोगों की क्या ही कहें? अंकों का विश्लेषण करते हुए कुछ संख्याओं पर टिप्पणी करना यहां अति आवश्यक है। ये अगर यहां गिनाई न जाएं तो बात अधूरी रह सकती है। इन्हें संज्ञा विशेषण ही नहीं, बल्कि सर्वनाम विशेषण और क्रिया विशेषण के तौर पर भी याद किया जा सकता है। अन्यथा इनका अंक गणित अधूरा रह सकता है। कुछ संख्याएं इतनी मारक होती हैं, तो कुछ असहज कर देती हैं। कुछ बोलने में ही किसी को इतनी 'कठिन' लगती हैं कि उनकी जीभ लड़खड़ा जाए या भ्रम हो जाए। जैसे उनसठ, उनचास और उनहत्तर। उन्नासी या नवासी में भ्रमित होना तो आम है। निन्यानबे पर भी लोगों को अटकते देखा गया है। इनके करिश्माई संकेतों को भी देखा जा सकता है। मसलन- सात फेरे, बत्तीसी तोड़ना, दस नंबर का पांव, पंच मार तुक्का नहीं, श्रीमान चार सौ बीस, चाची आठ सौ चालीस। कुछ संख्याएं दिशा प्रेरक या परिणामूलक हो सकती हैं। जैसे- छह महीने की सजा, पांच साल की कैद, तो चौदह साल का बनवास। दफा एक सौ चवालीस, तीन सौ दो और न जाने ऐसी कितने ही दफाएं हैं, जिनका हिसाब जीवन के भविष्य को तय करता है। कुछ लोग ऐसे होते हैं कि कभी बड़ा परोपकारी हो जाता है उनसे छत्तीस का आंकड़ा!

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

## संवाद का स्वरूप



सरकार और जनता के बीच संवाद का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। कभी सरकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाने के लिए अखबार, रेडियो और टेलीविजन प्रमुख माध्यम थे, लेकिन आज मोबाइल फोन और इंटरनेट ने परिदृश्य बदल दिया है। अब नागरिक केवल सूचना प्राप्त करने वाला नहीं रहा। वह सवाल पूछता है, प्रतिक्रिया देता है, अपनी समस्या सामने रखता है और सरकार से तत्काल उत्तर की अपेक्षा भी करता है। हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय सूचना सेवा के अधिकारियों को सलाह दी कि सोशल मीडिया के मंचों का उपयोग केवल जानकारी देने और लोगों से जुड़ने के लिए नहीं, बल्कि उनकी समस्याओं को सुनने, समझने और उनका समाधान करने के लिए भी किया जाना चाहिए। राष्ट्रपति का यह संदेश डिजिटल लोकतंत्र की मूल आवश्यकता को सामने रखता है। अब सूचना का प्रवाह एकतरफा नहीं रहा। सरकार कोई योजना घोषित करती है, तो कुछ ही मिनटों बाद नागरिक पर अपनी राय दे सकते हैं। इस बदलाव ने शासन को जवाबदेह बनाने का अवसर दिया है।

*– युगल किशोर राही, छपरा*

## कड़वा सत्य

'कड़वी मिठास' (संपादकीय, 25 अगस्त) पढ़ा। अगर देश में चीनी के दाम बढ़े हैं, तो इसके लिए सरकार की नीतियां और उदासीनता जिम्मेदार हैं। पिछले चार वर्षों से देश में चीनी का उपभोग बढ़ रहा था, जबकि उत्पादन और सुरक्षित भंडार घट रहा था। सरकार ने समस्या की जड़ तक जाकर स्थायी समाधान खोजने के बजाय निर्यात में कटौती और गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य( एफआरपी) में वृद्धि जैसे फौरी उपायों से ज्यादा कुछ नहीं किया। गन्ने के घटते रकबे और उत्पादन की बात 'एथनाल से गन्ना किसानों को बहुत लाभ होगा' के शोर में दब गई। अगर एथनाल उत्पादन से किसानों को फायदा हो रहा है, तो गन्ने की बुवाई के रकबे में साल-दर-साल कमी क्यों हो रही है? ऐसे में सरकार का पूरा जोर गन्ने की खेती के आधुनिकीकरण पर होना चाहिए था, जो नहीं हुआ और आज नौबत चीनी के आयात तक पहुंच गई।

*– बृजेश माथुर, गाजियाबाद*

## जोखिम की आहट

दिल्ली में स्वाइन फ्लू ने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। विशेषज्ञों ने बताया है कि यहां मामले बढ़ रहे हैं, मगर घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार इससे निपटने के लिए गंभीरता से काम कर रही है। देश के दूसरे राज्यों में इसका प्रकोप न बढ़े, इसके लिए केंद्र और राज्य सरकारों को गंभीरता दिखानी चाहिए, ताकि यह लोगों की जान का दुश्मन न बनें। कभी-कभी सरकारें आग लगने के बाद पानी की खोज में कुआं खोदने की कोशिश करती हैं। स्वाइन फ्लू को लेकर सभी को सचेत होना चाहिए। सरकार को इस रोग से बचाव के लिए विशेष कदम उठाने चाहिए। सभी शिक्षा संस्थानों को चाहिए कि वे अपने विद्यार्थियों को जागरूक करें और किसी विद्यार्थी में गंभीर लक्षण पाए जाते हैं, तो उसको तब तक छुट्टी पर भेज दें, जब तक वह स्वस्थ न हो जाए। अगर किसी व्यक्ति में स्वाइन फ्लू के लक्षण पाए जाते हैं, तो उसे भी भीड़भाड़ या अन्य जगहों पर नहीं जाना चाहिए। इस समय सजगता की विशेष जरूरत है।

*– राजेश कुमार चौहान, जलंधर*

## रोजगार का सवाल

देश भर में आंदोलनों और धरनों के माध्यम से व्यक्त किए जा रहे असंतोष को सरकार गंभीरता से नहीं ले रही है। सत्तारूढ़ दल ने युवाओं से सीधे संवाद, डिजिटल माध्यम से सम्मेलन आयोजित करने तथा विभिन्न आयोजनों में उनकी सहभागिता बढ़ाने की बात कही है। संवाद आवश्यक है, लेकिन आज के युवा की सबसे बड़ी आवश्यकता सम्मेलन और गोष्ठी नहीं, बल्कि रोजगार, प्रशिक्षण और भविष्य की सुरक्षा है। देश में लगभग नौ करोड़ ऐसे युवा बताए जाते हैं जो न पढ़ाई कर रहे, न किसी प्रशिक्षण से जुड़े हैं और न ही उनके पास रोजगार है। ऐसे युवाओं को केवल डिजिटल संवादों और मंचीय आयोजनों से संतुष्ट नहीं किया जा सकता। युवाओं की ऊर्जा को यदि रचनात्मक दिशा नहीं मिलेगी, तो निराशा और असंतोष बढ़ेगा। सरकार को आश्वासनों और सम्मेलनों से आगे बढ़ कर रोजगार की ठोस कार्ययोजना बनानी चाहिए।

*– खुमानसिंह चुंडावत, मंदसौर*

## प्रेरणा

अगर आपका काम आपको मानसिक सुकून देता है, तो आप सही रास्ते पर हैं। -स्टीव जॉब्स

## संपादकीय

# समस्या वैश्विक है, समाधान भी मिलजुलकर खोजने होंगे

**नेपाल** में जल-प्लावन ने भीषण तबाही मचाई। भारी जन-धन हानि के अलावा इस विभीषिका ने देश के विकास को भी वर्षों पीछे धकेल दिया। पॉवर प्लांट्स, मॉल्स, रिहायशी इमारतें ताश के पत्ते की तरह ढह गईं। पर्यटन-आधारित अर्थव्यवस्था को हुई क्षति का आकलन शेष है। क्या दुनिया अब भी नहीं समझेगी कि पर्यावरण असंतुलन अब बदला लेने लगा है? अल-नीनो, ग्लेशियर पिघलना, शहरी प्रदूषण से बीमारियों का बढ़ना, जीवन-प्रत्याशा घटना और कृषि-संकट दुनिया पर आसन्न तबाही की दस्तक है। लेकिन ट्रम्प ने कोयला-आधारित बिजली उत्पादन बढ़ाने का ऐलान किया है। चीन का पर्यावरण बिगाड़ने में सर्वाधिक योगदान है। दशकों तक संपन्न देश बेतहाशा ऊर्जा पैदा कर समृद्धि तो बढ़ाते रहे लेकिन असंतुलन-जनित विभीषिका का खामियाजा गरीब देश झेलते रहे। कोई भी संपन्न देश ऊर्जा के ग्रीन स्रोत विकसित करने में गरीब देशों की मदद नहीं कर रहा है। सीओपी-30 एक बार फिर पश्चिमी देशों की आर्थिक उदासीनता की शिकार रही। ट्रम्प प्रशासन ने तो इसमें शिरकत से भी मना कर दिया। प्राकृतिक आपदा गरीब-अमीर देश नहीं देखती। इस वर्ष भीषण गर्मी का सामना कर चुके यूरोप से ज्यादा इसे कोई नहीं समझ सकता। समस्या वैश्विक है, लिहाजा बड़े देशों को ओपेक की तरह संगठन बनाकर गरीब देशों की मदद करनी होगी।

## जीने की राह


पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com




# जीवन देह नहीं आत्मा पर टिका है, रक्षाबंधन की यही सीख

**गहराई** से भीतर देखें तो हमें अपने भीतर कोई न कोई जानवर सक्रिय होता दिख जाएगा। जिसका जानवर जाग जाए और बाहर की गतिविधि पर अपना प्रभाव रख दे तो फिर हम पशु जैसे हो जाते हैं। भारतीय परंपरा ने इसी जानवर को बांधने के लिए रक्षाबंधन का त्योहार बनाया। यह एक धागा हमें नैतिक बनाता है। स्त्री-पुरुष के देह के आकर्षण को सात्विक बनाता है। वापस अपनापन स्थापित करता है। जिसे सुनकर अपने तुरंत लौट आएं, जीभ से अब वो पुकार निकलनी ही बंद हो गई है। क्योंकि हमारा ही अपनापन कहीं खो गया है। इसलिए रक्षाबंधन एक बहुत गहरी फिलॉस्फी है। यदि आप एक माता-पिता की संतान नहीं हैं तो भी पुरुष स्त्री के प्रति और स्त्री पुरुष के प्रति अत्यधिक सात्विक समर्पित भाव रखे, यही राखी है। आप पाएंगे इस दिन हम अचानक अपने भीतर एक शुद्धता महसूस करते हैं। अपने मनुष्य होने पर गौरव होता है। यह जीवन केवल देह नहीं, आत्मा पर टिका है- यह त्योहार एक दिन में यह गहरी अनुभूति करा जाता है।

•Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

**मुद्दा** • भर्ती-तबादले की प्रकिया में पारदर्शिता हो

# नौकरशाही को मजबूत करने के लिए कई सुधार जरूरी हैं

## प्रशासन


पवन के. वर्मा
पूर्व राज्यसभा सांसद व राजनयिक
pavankvarma1953@gmail.com




**एक** समय था जब एक अच्छे प्रशासनिक अधिकारी से 'ना' कहने की क्षमता रखने की अपेक्षा की जाती थी। ऐसा अधिकारी राजनेता से असहमति जताते समय इस बात को लेकर संकोच नहीं करता था कि कहीं इसे निष्ठा का अभाव तो न समझ लिया जाएगा। वहीं, राजनेता भी अकसर अपने दृढ़ विश्वास के साथ खड़े रहने वाले अधिकारी के साहस का सम्मान करते थे।

वह सम्बंध अब धीरे-धीरे खत्म होता दिखाई दे रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों को कभी भारत की 'स्टील फ्रेम' कहा जाता था। उनसे अपेक्षा की जाती थी कि देश में भले राजनीतिक बदलाव होते रहें, लेकिन वे निरंतरता कायम रखेंगे और असुविधाजनक होने पर भी हमेशा पेशेवर सलाह ही देंगे। मंत्री राजनीतिक इच्छा का प्रतिनिधित्व करते हैं। लेकिन सिविल सेवक से अपेक्षा की जाती थी कि वह मंत्री को यह बताए कि प्रशासनिक रूप से क्या संभव है, कानूनी रूप से क्या स्वीकार्य है और संस्थागत दृष्टि से क्या उचित है।

राजनेताओं को 'सहयोगी अधिकारियों' की जरूरत हमेशा से रही है। नौकरशाह भी दोषमुक्त नहीं हैं। वास्तव में, पूरी संभावना इसी बात की होती है कि खुद अधिकारी ने ही राजनेता को सुझाया हो कि वह समझौता करने को राजी है। लेकिन इस रवैये ने प्रशासनिक-सेवा के उस धर्म को कमजोर किया है, जिसके अनुसार अधिकारी की पहली निष्ठा उस संस्था के प्रति होनी चाहिए, जिसकी वह सेवा करता है। उसकी निष्ठा संविधान, कानून व जनहित के प्रति होनी चाहिए- न कि पद पर बैठे किसी व्यक्ति के प्रति।

नौकरशाही को समझौतापरस्ती के लाभ भी मिलते हैं : मनचाही पोस्टिंग, कार्यकाल में विस्तार, पदोन्नति, सत्ता के करीब रहने का अवसर या महज यह आश्वासन कि करियर में कोई बाधा नहीं डाली जाएगी। नतीजे में हमें मिलता है पारस्परिक सुविधाओं पर टिका एक गठजोड़। राजनेता वफादारी चाहता है; नौकरशाह संरक्षण। दोनों एक-दूसरे की जरूरतें पूरी करते हैं।

मुझे न्यूयॉर्क की एक घटना याद आती है, जब एक मंत्री के निजी सचिव (आईएएस अधिकारी) को मंत्री की पत्नी की अगवानी के लिए हवाई अड्डे पर पांच मिनट देरी से पहुंचने पर सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया था। पर उन्होंने बिना कोई विरोध किए उसे सह लिया, क्योंकि वे वह पद खोना नहीं चाहते थे।

अनुबंधित सेवा-शर्तों के तहत काम करने वाले अधिकारियों को अगर इस तरह सत्ता के सामने समर्पण करना पड़ता है तो यह लज्जास्पद है। उनके लिए पद से मिले आत्मसम्मान को फिर से हासिल करना जरूरी है, क्योंकि प्रशासनिक-सेवा ही वह जगह है, जहां सरकार के फैसले नागरिकों के लिए ठोस वास्तविकताओं में बदलते हैं- चाहे जमीन का अधिग्रहण हो, ठेके का आवंटन, लाइसेंस देना हो, किसी कर्मचारी का तबादला, किसी मकान को गिराना, सड़क का निर्माण या किसी लोगों को किसी योजना का लाभ देना हो।

भ्रष्टाचार तभी फलता-फूलता है, जब संस्थाएं भी उसमें सहभागी बन जाएं। किसी अनुचित काम के लिए नेता को ऐसे अधिकारी की जरूरत होती है, जो उसे अंजाम देने में मदद करे। वहीं नियमों की अनदेखी करने के एवज में संरक्षण चाहने वाले अधिकारी को उसे छत्रछाया देने वाले राजनेता की जरूरत होती है। यह निर्भरता अपने को मजबूत करती रहती है, जिससे ईमानदार अधिकारी अलग-थलग पड़ जाते हैं।

वास्तव में, ऐसे माहौल में ईमानदार अधिकारी ही अवांछित व्यक्ति बन जाता है। उसका बार-बार तबादला किया जाता है, उसे 'अड़ियल' या 'बाधा डालने वाला' बताया जाता है, उस पर 'टीम भावना' की कमी का आरोप लगाया जाता है। यदि प्रशासक अपनी निष्पक्षता खो दें, तो नागरिकों के अधिकार केवल कानून पर निर्भर नहीं रह जाते, बल्कि इस पर भी निर्भर करने लगते हैं कि उसकी जान-पहचान किससे है, वह किस गुट से जुड़ा है और कितनी घूस दे सकता है।

**गैरकानूनी आदेशों का विरोध करने वाले व्हिसलब्लोअर अधिकारियों को संरक्षण मिलना चाहिए। पेशेवर दक्षता और ईमानदारी को पुरस्कृत किया जाना चाहिए। राजनेताओं को भी समझना होगा कि उनसे असहमति रखने वाला अधिकारी उनका विरोधी नहीं है।**

यह कानून के राज की मूल भावना के विपरीत है। इसलिए 'स्टील फ्रेम' को फिर से मजबूत करने के लिए सुधार जरूरी हैं। पहला, तबादलों-नियुक्तियों की प्रक्रिया को पारदर्शी और स्पष्ट नियमों से बंधा होना चाहिए तथा सद्भावना से काम करने वाले अधिकारियों को संरक्षण मिलना चाहिए। दूसरा, महत्वपूर्ण फैसलों-निर्देशों का लिखित रिकॉर्ड अनिवार्य किया जाना चाहिए, ताकि अनौपचारिक निर्देशों से मुकर जाने की गुंजाइश कम हो। तीसरा, व्हिसलब्लोअर अधिकारियों को विश्वसनीय संस्थागत संरक्षण मिलना चाहिए। चौथा, पेशेवर दक्षता और ईमानदारी को पुरस्कृत किया जाना चाहिए। राजनेताओं को भी समझना होगा कि उनसे असहमति रखने वाला अधिकारी जरूरी नहीं कि उनका विरोधी भी हो। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**सरोकार** • भूकंप से ज्यादा ग्लोबल वार्मिंग जिम्मेदार

# केदारनाथ से नेपाल तक, हमें लगातार मिल रही हैं चेतावनियां

## क्लाइमेट


डॉ. अनिल जोशी
पद्मभूषण से सम्मानित, पर्यावरणविद्
dranilpjoshi@gmail.com




**यह** तो तय है कि हम हिमालय के प्रति गंभीर नहीं हैं। और यह आज की बात नहीं है, पिछले दो दशकों से हिमालय में लगातार हो रही घटनाएं इसी ओर संकेत करती हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि इन घटनाओं के लिए हिमालय और यहां के लोगों को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। इनके लिए दोषी कोई और है, स्थानीय रहवासी तो केवल दूसरे के गुनाहों के विक्टिम हैं।

नेपाल की मर्मांतक त्रासदी के बाद पूरे हिमालय में एक बार फिर भय व्याप्त हो गया है। क्योंकि इससे पहले की घटनाएं भी कोई चेतावनी देकर नहीं आई थीं। नेपाल की भोटेकोशी से लेकर बिहार की कोशी नदी तक बाढ़ के प्रकोप के दृश्य सामने आए हैं। नेपाल की त्रासदी को भूकंप से जोड़कर भी देखा जा रहा है, पर हिमखंड भूकंप से उतने प्रभावित नहीं होते। बढ़ते तापक्रम ने ही इन्हें कमजोर किया होगा और फिर ये हादसा हुआ होगा।

हमने यह व्यवस्था तो अवश्य की है कि हिमालय या सीमाओं से सटे जितने भी क्षेत्र हैं, उनके प्रति संवेदनशीलता बरतते हुए उन्हें राज्यों तथा देशों में पुनर्गठित किया है। इसके पीछे मुख्य कारण आर्थिक और सामाजिक पहलुओं पर बल देना था, लेकिन इसके पारिस्थितिक (इकोलॉजिकल) पहलू को कभी समझा ही नहीं गया। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसकी पारिस्थितिकी को समझना केवल इसकी संवेदनशीलता तक सीमित नहीं है। दुनिया भर में हो रहे बदलावों- जैसे ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन का हिमालय पर क्या प्रभाव पड़ेगा, उसको समझने में हम चूक गए हैं।

दुनिया भर में कार्बन उत्सर्जन के जो भी कारण हों- चाहे वे हमारी जीवनशैली की सुविधाएं हों, विलासिता हो या विकास का रोडमैप- पिछले 200 वर्षों में हुए कार्बन उत्सर्जन के कारण ग्लोबल वार्मिंग जैसी गंभीर समस्याएं खड़ी हुई हैं। इस बदलाव ने शायद उन विकसित समुदायों को उतना व्यथित नहीं किया होगा, जितना कि इसके कारण उत्पन्न विषमताओं को हिमालय ने झेला है।

सीधी-सी बात है कि हिमालय एक अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। इसकी अपनी पारिस्थितिकी बहुत ही नाजुक है। इसमें जरा भी छेड़छाड़ के गंभीर दुष्परिणाम सामने आते हैं, और यही समझ शायद हमारी नीतियों में नहीं झलक पाई है। नेपाल से पहले भी केदारनाथ, सिक्किम और धराली में हुई त्रासदियां इससे मिलती-जुलती थीं। नेपाल में एक हिमखंड (ग्लेशियर) के टूटने को मुख्य कारण बताया जा रहा है, जिसने पूरे क्षेत्र को हताहत कर दिया। इससे जुड़ी तमाम नदियां उफान पर आईं और उनसे जुड़े गांव-शहर तबाही की चपेट में आ गए।

ऐसी त्रासदियों में पानी के साथ भारी मलबा आता है, जो घरों को तो ध्वस्त करता ही है, साथ ही लोगों को भी बहा ले जाता है या दबा देता है। ऐसे में राहत व बचाव कार्य में लंबा समय लगता है। नेपाल में कई बांध भी चपेट में आए हैं और तबाही के रास्ते का सारा बुनियादी ढांचा नेस्तनाबूद हो गया है। क्षेत्र की सड़कें और पुल लापता हो गए हैं। इस हादसे के पूरे ब्योरे डराने वाले होंगे।

एक बात वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझ लेनी चाहिए- कार्बन उत्सर्जन को संतुलित होने में हजारों साल लगते हैं। इसका सीधा अर्थ है कि यह उत्सर्जन अब हमारे लिए एक गंभीर संकट बन चुका है। इसी कारण तापमान पूरी तरह हमारे नियंत्रण से बाहर हो रहा है और इसका सीधा प्रभाव समुद्रों पर भी पड़ रहा है। समुद्र हमारी पृथ्वी के मौसम और पारिस्थितिकी के मुख्य नियंत्रक हैं। उनमें होने वाला कोई भी बदलाव पूरी पृथ्वी को प्रभावित करता है। इसी का परिणाम है कि हम मानसून के स्वाभाविक चक्र को खो चुके हैं। कब और कहां अचानक भारी बारिश (क्लाउड-बर्स्ट) हो जाए, इसका कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता। मौसम विभाग भी अकसर अचंभित रह जाता है, क्योंकि पूरा संतुलन बिखर चुका है।

**हिमालय अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। इसकी पारिस्थितिकी बहुत नाजुक है। इसमें जरा भी छेड़छाड़ के गंभीर दुष्परिणाम सामने आते हैं, और यही समझ हमारी नीतियों में नहीं झलक पाई है। इससे पहले भी केदारनाथ, सिक्किम और धराली में ऐसी ही त्रासदियां हुई हैं।**

ऐसे में इस त्रासदी को केवल कुछ हजार लोगों की क्षति के रूप में नहीं देखना चाहिए, बल्कि यह आने वाले समय में करोड़ों लोगों के लिए एक बड़े संकट की चेतावनी है। यह सब इसलिए हुआ है, क्योंकि दुनिया का एक बड़ा हिस्सा अपने विकास और सुविधाओं में व्यस्त है, जबकि उसका खामियाजा नाजुक पारिस्थितिक-तंत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। जब तक हम इस कड़वे सच को नहीं समझेंगे, तब तक हिमालय के प्रति न्याय नहीं कर पाएंगे। नेपाल की त्रासदी और उससे पहले की घटनाएं भी हमें यही सबक देती हैं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

## ब्रांड से सबक | अलीबाबा : चीन की ई-कॉमर्स टेक्नोलॉजी कंपनी

# सरकार से भिड़ी तो एक साल में 25 लाख करोड़ डूबे, एआई दिग्गज भी है अलीबाबा

**2018,** सिंगल्स-डे सेल्स के दौरान अलीबाबा की लॉजिस्टिक्स कंपनी कैनिआओ ने एक ही दिन में करीब 100 करोड़ पार्सल प्रोसेस किए थे, जिनमें से 10 करोड़ पार्सल औसतन 2.6 दिन में डिलीवर हो गए थे। कंपनी की विशालता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जिंदा बिच्छू, जुगनू, ड्रोन जैसी चीजों से लेकर मां के दूध से बना साबुन तक इसमें उपलब्ध है। कंपनी नकली प्रेमी भी किराए पर उपलब्ध कराती है।

हालांकि इस विशाल कंपनी के लिए 2020 से 2023 का दौर बेहद संकटपूर्ण रहा। अक्टूबर 2020 में जैक मा ने बंड फाइनेंस समिट में चीन के बैंकिंग नियमों को 'पॉनशॉप मानसिकता' कहकर आलोचना की। इसके बाद चीनी नियामकों ने इसकी सहयोगी कंपनी एंट ग्रुप का 3700 करोड़ डॉलर का आईपीओ रोक दिया, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा आईपीओ माना जा रहा था। इसके अलावा अप्रैल 2021 में अलीबाबा पर करीब 21 हजार करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया। ग्रुप की रीस्ट्रक्चरिंग करके उसे 6 कंपनियों में तोड़ दिया। इन कार्रवाईयों से 2020 से 2021 तक अलीबाबा के करीब 25 लाख करोड़ रुपए डूब गए। हालांकि कंपनी ने सरकार से तालमेल बैठाकर खुद को दोबारा खड़ा किया है।

• वर्तमान स्थिति

### 25 लाख करोड़ रु. की कंपनी है अलीबाबा

आज अलीबाबा चीन की सबसे बड़ी और दुनिया की प्रमुख टेक्नोलॉजी-ई-कॉमर्स कंपनियों में है। कंपनी का जुलाई 2026 तक बाजार मूल्य करीब 25 लाख करोड़ रुपए रहा। अलीबाबा इकोसिस्टम 2021 में 100 करोड़ यानी एक अरब एक्टिव यूजर्स की संख्या को पार कर चुकी थी। वर्तमान में कंपनी क्लाउड कंप्यूटिंग, लॉजिस्टिक्स, फाइनेंशियल सर्विसेज और मनोरंजन क्षेत्र में भी सक्रिय है। सबसे बड़ा दांव एआई पर है। कंपनी ने फरवरी 2025 में अगले तीन वर्षों में क्लाउड और एआई पर करीब 5 लाख करोड़ रु. निवेश करने की घोषणा की है।




**सबक...** संकट में डटे रहना, प्रतिद्वंद्वी से पहले ग्राहक की जरूरत समझना और नियामकों से तालमेल बेहतर रणनीति है।

**1.24** लाख कर्मचारी हैं समूह की विभिन्न कंपनियों में।

**6** ग्रुप में बंट चुकी है कंपनी 2023 की रीस्ट्रक्चरिंग के बाद।

**100** करोड़ से ज्यादा एक्टिव यूजर्स हैं इसके दुनियाभर में।

**190** देशों और क्षेत्रों में सेवा दे रही अलीबाबा डॉट कॉम

### यूं संकट में फंसी थी...

- **डॉट कॉम बुलबुला फूटना** : 2000 की शुरुआत में इंटरनेट बुलबुला फूटा। हजारों डॉट-कॉम कंपनियां रातों-रात बंद हुईं। नई फंडिंग मिलना लगभग असंभव हो गया। जमा पूंजी खत्म होने का खतरा आ गया।
- **ईबे की आक्रामक एंट्री और सार्स महामारी** : 2002 में अमेरिकी कंपनी ईबे ने आक्रामक एंट्री की। वहीं मई 2003 में सार्स की वजह से ऑफिस बंद करने पड़े। इससे अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया।
- **ऑनलाइन पेमेंट में विश्वास की कमी** : चीन कैश आधारित समाज था। ऑनलाइन पेमेंट के दौरान खरीदार सोचता था कि 'पैसे दे दिए और सामान नहीं आया तो?' ऐसे ही व्यापारी भी सोचते थे।
- **शेयरों में ऐतिहासिक गिरावटः** चीन सरकार ने 2020-21 में एंटी मोनोपोली अभियान शुरू किया। 2024 तक इसके शेयर करीब 77% तक गिर गए।

### इस तरह की वापसी...

- **बैक टू चाइना रणनीतिः** 2000-2001 में विदेशी दफ्तर बंद किए। स्टाफ में कटौती की। फोकस चीन के छोटे-मझोले निर्यातकों पर केंद्रित किया। अनावश्यक खर्च रोके। बचे निवेश को सावधानी से खर्च किया।
- **मुफ्त ताओबाओ मॉडलः** ईबे की चुनौती से निपटने के लिए एप ताओबाओ 3 साल तक फ्री रखा। अलीवांगवांग चैट व भरोसेमंद भुगतान व्यवस्था जोड़ी। 2006 तक ईबे को चीन छोड़ना पड़ा।
- **अलीपे का आविष्कारः** अलीबाबा ने अलीपे बनाया। यह एक 'एस्क्रो' सर्विस थी। यानी ग्राहक का पैसा तब तक विक्रेता को नहीं मिलता था, जब तक कि सामान मिलने की पुष्टि न हो जाए। इससे विश्वास बढ़ा।
- **एआई, क्लाउड और अंतरराष्ट्रीय विस्तार** : अब यह सिर्फ ई-कॉमर्स तक सीमित नहीं है। क्लाउड कंप्यूटिंग और जेनरेटिव एआई को ग्रोथ इंजन बना रही है।

### शुरुआत : अंग्रेजी शिक्षक ने 17 दोस्तों-छात्रों के साथ रखी थी नींव

चीन के हांगझोऊ शहर में इंग्लिश टीचर रहे जैक मा ने 17 दोस्तों-छात्रों के साथ 1999 में अलीबाबा डॉट कॉम की नींव रखी। 1995 में अमेरिका यात्रा पर पहली बार इंटरनेट देखकर चीन में इसकी संभावनाएं भांप लीं। करीब 500,000 युआन जुटाकर ऐसा प्लेटफॉर्म बनाया जो चीन के छोटे निर्माताओं को दुनियाभर के खरीदारों से जोड़ सके।

### नए कदम : दुनिया के किसी भी कोने में 72 घंटे में डिलीवरी पर नजर

कंपनी का फोकस एआई और क्लाउड कम्प्यूटिंग पर है। खुद का एआई मॉडल तोंगयी कियानवेन लॉन्च किया है। अपने विदेशी प्लेटफॉर्म लजादा, अलीएक्सप्रेस, त्रेंद्योल और दाराज में भारी निवेश कर रही है। उनकी लॉजिस्टिक्स आर्म 'कैनिआओ' दुनिया के किसी भी हिस्से में 72 घंटे में डिलीवरी करने की योजना बना रही है।

**ऐसे पड़ा नाम :** जैक मा ने एक वेट्रेस से पूछा अलीबाबा को जानती हो। उसने कहा ओपन सीसम यानी खुल जा सिमसिम। उसके यह बोलते ही नाम तय कर लिया।

**सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी :** घरेलू बाजार में अलीबाबा को जेडी डॉट कॉम, पिंडुओडुओ यानी टेमू की मूल कंपनी और बाइंडडांस के डौयिन ई-कॉमर्स से टक्कर मिलती है।

## पीपुल भास्कर | राकेश गंगवाल, इंडिगो एयरलाइंस के को-फाउंडर

# शर्मीले हैं पर काम में बेहद सख्त, रिश्तेदारों को भी रियायती टिकट नहीं देते थे राकेश

[ **चर्चा में क्यों :** आईआईटी कानपुर में बन रहे गंगवाल स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज को दो बार में 400 करोड़ रुपए दान किए हैं। ]

**2019,** इंडिगो में सह-संस्थापक राहुल भाटिया के साथ गवर्नेंस को लेकर उनका विवाद हुआ। राकेश गंगवाल ने सेबी को एक पत्र लिखा, जिसके शब्द कुछ यूं थे। 'एक पान की दुकान भी इससे ज्यादा तहजीब से मामले सुलझा लेती।' उन्होंने पीएमओ और वित्त मंत्रालय तक शिकायत की, जबकि दांव पर उनकी खुद की हजारों करोड़ रुपए की हिस्सेदारी थी। लंदन कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन ने शेयर ट्रांसफर से जुड़े विवाद में उनके पक्ष में फैसला दिया। बावजूद इसके 2022 में उन्होंने बोर्ड से इस्तीफा देकर धीरे-धीरे अपनी हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया। यह घटनाक्रम दिखाता है कि राकेश के लिए मुनाफे से ज्यादा सिद्धांत और गवर्नेंस मायने रखते हैं।

तरुण शुक्ला की किताब 'स्काई हाईः द इंडिगो स्टोरी' के अनुसार राकेश अंतर्मुखी हैं। राहुल भाटिया की टीम के अंदर 'गुड कॉप' की जगह 'बैड कॉप' की भूमिका में रहे। वे काम के दौरान लोगों से बेहद सख्त सवाल करते थे और कड़ी जवाबदेही रखते थे। राकेश गंगवाल के लिए इंडिगो का कॉस्ट-कंट्रोल मॉडल सिर्फ कंपनी की नीति नहीं, बल्कि निजी सिद्धांत जैसा था। एक रिपोर्ट के मुताबिक वे इतने सख्त थे कि अपने करीबी दोस्तों और परिवार के सदस्यों को भी कभी रियायती या मुफ्त टिकट देने से इनकार कर देते थे। उनका मानना था कि अगर एक टिकट पर भी छूट देने की आदत पड़ गई, तो धीरे-धीरे यही सोच पूरे संगठन में रिस जाएगी और वही अनुशासन कमजोर पड़ जाएगा। फिलहाल राकेश गंगवाल परिवार सहित अमेरिका के मियामी, फ्लोरिडा में रहते हैं। 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति के बावजूद उनकी जीवनशैली सामान्य है।

प्लेन में पियानो देखने में भले शानदार लगे, लेकिन इससे मुनाफा नहीं बढ़ता है। नए आइडिया सस्ते होते हैं, लेकिन कमर्शियली कीमत कम होती है।

जन्म : 25 जुलाई 1953, कोलकाता

शिक्षा : अमेरिका के वार्टन स्कूल से एमबीए।

परिवार : पत्नी- शोभा गंगवाल
बेटी- पारुल गंगवाल

संपत्ति : करीब 53 हजार करोड़ रु. (फोर्ब्स के अनुसार)



• परिवार

### मारवाड़ी जैन परिवार में हुआ था जन्म

राकेश का जन्म कोलकाता में एक मारवाड़ी जैन परिवार में हुआ था। पिता का नाम के.पी. गंगवाल और मां का नाम चंपा देवी गंगवाल था। उन्होंने शुरुआती पढ़ाई कोलकाता में पार्क सर्कस स्थित डॉन बास्को स्कूल से की, जो कठोर शैक्षिणक माहौल के लिए जाना जाता है। 1975 में आईआईटी कानपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया।

• विवाह

### इंडिगो की प्रमोटर ग्रुप का हिस्सा रही हैं पत्नी

राकेश की शादी शोभा गंगवाल से हुई है। शोभा इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन में राकेश के साथ सह-प्रमोटर और बड़ी शेयरधारक रही हैं। अकेले एक सौदे में उन्होंने करीब 2801 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे गंगवाल दंपती की एक बेटी, पारुल गंगवाल है, जिन्होंने 2021 में खुद की एंटरप्राइज सॉफ्टवेयर कंपनी व्हीलहाउस कैपिटल शुरू की।

• करिअर

### यूएस एयरवेज ग्रुप के चेयरमैन व सीईओ रहे

गंगवाल ने करियर की शुरुआत फिलिप्स इंडिया और फोर्ड मोटर कंपनी से की। 1980 में बूज एलन हैमिल्टन के एसोसिएट के रूप में यूनाइटेड एयरलाइंस के साथ काम शुरू किया। 1994 में एयर फ्रांस के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट बने। 1998 से 2001 तक यूएस एयरवेज ग्रुप के प्रेसिडेंट, सीईओ और चेयरमैन रहे। 2006 में राहुल भाटिया के साथ इंडिगो शुरू की।

### खासः मां की याद में आईआईटी कानपुर में स्थायी प्रोफेसर

- अपनी मां की स्मृति में आईआईटी कानपुर में एक स्थायी प्रोफेसरशिप स्थापित की है, जिसका नाम चंपा देवी गंगवाल चेयर रखा गया है।
- अमेरिका के मियामी में गंगवाल और उनकी पत्नी ने 2015 में करीब 195 करोड़ रुपए में एक आलीशान हवेली खरीदी थी।

### उपलब्धिः 2018 से अमेरिका के शीर्ष 400 लोगों में शामिल

- 2015 में इंडिगो को भारतीय शेयर बाजारों में सूचीबद्ध कराया, जो भारत के विमानन इतिहास के सबसे बड़े और सबसे सफल आईपीओ में गिना जाता है
- 2018 से लगातार फोर्ब्स 400 यानी अमेरिका के सबसे धनी लोगों की सूची में शामिल रहे हैं।

### रोचकः एक समय भारत में कैप्सूल फैक्ट्री खोलना चाहते थे

- अमेरिकी फार्मा कंपनी एलि लिली से प्रेरित होकर भारत में कैप्सूल फैक्ट्री शुरू करने की कोशिश की, लेकिन नौकरशाही के कारण लौट गए।
- अक्टूबर 2024 में गंगवाल ने साउथवेस्ट एयरलाइंस के 36 लाख शेयर करीब 900 करोड़ रु. में खरीदे। बाद में बोर्ड के चेयरमैन बने।

## बिजनेस ब्रीफ

### सेंसेक्स 6 मिनट में 2000 अंक गिरकर संभल गया

**मुंबई**| शेयर बाजार गुरुवार को लगातार दूसरे दिन गिरा। सेंसेक्स 539 अंक गिरकर 76,933.6 पर और निफ्टी 117 अंक टूटकर 24,091 पर बंद हुआ। मासिक फ्यूचर-ऑप्शन एक्सपायरी के दिन क्लोजिंग ऑक्शन में भारी उतार-चढ़ाव दिखा। इस दौरान सेंसेक्स का इंडिकेटिव स्तर कुछ मिनटों के लिए 2,000 अंक से ज्यादा फिसल गया, पर बाद में तेजी से संभल भी गया। बैंकेक्स का 65,000 पुट ऑप्शन भी 6 से उछलकर 1,000 तक पहुंच गया।

### लेंसकार्ट के 1.2 फीसदी शेयर बेचेगी अल्फा वेव

**मुंबई**| लेंसकार्ट सॉल्यूशंस की निवेशक अल्फा वेव वेंचर्स-II कंपनी में अपनी 1.2% तक हिस्सेदारी बेचने की तैयारी में है। ब्लॉक डील के जरिए अधिकतम 2.08 करोड़ शेयर बेचे जाएंगे। इसके लिए न्यूनतम कीमत 630 प्रति शेयर तय की गई है, जो 27 अगस्त के 640.60 के बंद भाव से 1.7% कम है। सौदे से अल्फा वेव को अधिकतम 1,313 करोड़ मिल सकते हैं। सौदे के बाद विक्रेता पर 45 दिन की लॉक-अप अवधि रहेगी।

### ओयो की पैरेंट कंपनी का मुनाफा 4 गुना बढ़ा

नई दिल्ली| आईपीओ की तैयारी कर रही ओयो की पैरेंट कंपनी प्रिज्म का वित्त वर्ष 2025-26 में शुद्ध मुनाफा 4 गुना बढ़कर 994 करोड़ हो गया। हालांकि, मुनाफे में 678 करोड़ का स्थगित कर लाभ भी है। परिचालन आय 49.7% बढ़कर 9,358 करोड़ और एबिटा दोगुने से ज्यादा होकर 2,594 करोड़ पहुंचा। कुल बुकिंग मूल्य 88.5% बढ़कर 30,683 करोड़ रहा। कंपनी पर कर्ज का ब्याज खर्च 1,414 करोड़ रहा।

### बीकाजी बेक्स में खलील को 30 फीसदी हिस्सेदारी

**मुंबई**| नमकीन और स्नैक्स कंपनी बीकाजी फूड्स बेकरी कारोबार मजबूत कर रही है। कंपनी ने अपनी सहायक इकाई बीकाजी बेक्स में 30% हिस्सेदारी वैश्विक बेकरी विशेषज्ञ थायकुन्नी खलील को दे दी। साझेदारी के जरिए दोनों अंतरराष्ट्रीय स्तर की बेकरी तकनीक और उत्पाद लाएंगे। खलील की तकनीकी विशेषज्ञता के साथ बिकाजी के वितरण नेटवर्क का इस्तेमाल होगा। पिछले एक साल में शेयर 23% गिरा है।

---

**आईपीओ** • जियो, एनएसई, फोनपे, जेप्टो, ओयो जैसे बड़े इश्यू पर बाजार की नजर

# आईपीओ में लौटी तेजी, नए शेयरों का 1 साल में 18% रिटर्न, पर निफ्टी 7% टूटा

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

कम समय में बड़े रिटर्न की चाह ने निवेशकों को नई लिस्टेड कंपनियों की ओर आकर्षित किया है। इससे आईपीओ सेगमेंट ने बीते एक साल में सेंसेक्स और निफ्टी को पीछे छोड़ दिया है। निफ्टी का आईपीओ इंडेक्स 52 हफ्तों के सबसे ऊंचे स्तर 2,415 पर पहुंच गया है। 2026 में अब तक यह इंडेक्स करीब 18.5% चढ़ चुका है, जबकि इसी अवधि में निफ्टी 50 इंडेक्स 7% से ज्यादा गिर चुका है। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि लार्जकैप शेयरों से पूंजी शिफ्ट हो रही है। साथ ही स्पेशलाइज्ड मैन्युफैक्चरिंग, रिन्युएबल एनर्जी, ईवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे हाई-ग्रोथ सेक्टरों में निवेशकों की दिलचस्पी आईपीओ मार्केट को नई ऊंचाई पर ले जा रही है।

दरअसल घरेलू बाजार में मजबूत लिक्विडिटी (कैश) इसकी रफ्तार बढ़ा रही है। यही वजह है कि इस साल अब तक लिस्ट हुई 12 कंपनियां मल्टीबैगर बन चुकी हैं। आदित्य इंफोटेक जैसे आईपीओ इश्यू प्राइस पर 407% तक रिटर्न देकर निवेशकों को रिस्क लेने के लिए उकसा रहे है। आगे भी आईपीओ मार्केट में तेजी बरकरार बनी रह सकती है क्योंकि सेबी के पास अभी 164 कंपनियों की मंजूरी लंबित है।

### 2026: 67 हजार करोड़ जुटाए, 2.6 लाख करोड़ के 164 इश्यू को मंजूरी

#### टॉप मल्टीबैगर आईपीओ ने 5 गुना तक कमाई कराई

| कंपनी | इश्यू प्राइस | मौजूदा भाव | रिटर्न |
|---|---|---|---|
| आदित्य इंफोटेक | ₹675 | ₹3,419 | 407% |
| रूबिकॉन रिसर्च | ₹485 | ₹1,776 | 266% |
| ऑम्नीटेक इंजीनियरिंग | ₹227 | ₹594 | 162% |
| केएसएच इंटरनेशनल | ₹384 | ₹979 | 155% |
| जीएनजी इलेक्ट्रॉनिक्स | ₹237 | ₹603 | 155% |
| सेडेमैक मेक्ट्रॉनिक्स | ₹1,352 | ₹3,151 | 133% |

स्रोतः प्राइम डेटाबेस

#### 53 में से 40 यानी 75% नए लिस्टेड शेयरों ने रिटर्न दिए

खास बात यह है कि 2026 में अब तक लिस्ट हुईं 53 कंपनियों ने कुल ₹67,322.60 करोड़ जुटाए। प्राइम डेटाबेस के मुताबिक, 25 अगस्त तक इनमें से 40 शेयर इश्यू प्राइस से ऊपर, जबकि 36 शेयर लिस्टिंग प्राइस से ऊपर ट्रेड कर रहे हैं। 13 शेयर अब भी इश्यू प्राइस से नीचे हैं। ऑम्नीटेक इंजीनियरिंग, सेडेमैक मेक्ट्रॉनिक्स और शैडोफैक्स टेक्नोलॉजीज ने तो निवेशकों का पैसा दोगुने से ज्यादा कर दिया है।

**लिस्टिंग डे:** इस साल सिर्फ 4 मेनबोर्ड ही इश्यू प्राइस के मुकाबले बढ़त पर बंद हुए

| कंपनी | तेजी/गिरावट |
|---|---|
| इंडो-एमआईएम | +83% |
| धूत ट्रांसमिशन | +74% |
| मणिपाल हेल्थ एंटर. | +30% |
| क्लीनमैक्स एनवायरो एनर्जी | +17% |
| लीप इंडिया | -1% |
| एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट | -5% |
| फ्रैक्टल एनालिटिक्स | -7.5% |
| होराइजन इंडस्ट्रियल पार्क्स | -8% |

नोटः तेजी/गिरावट इश्यू प्राइस के मुकाबले

#### कतार में 239 कंपनियां, 75 को मंजूरी का इंतजार

अगस्त में अब तक 21 आईपीओ खुल चुके हैं। जुलाई में 12 आए थे। प्राइम डेटाबेस के मुताबिक, 164 आईपीओ को सेबी की मंजूरी मिल चुकी है, जिनका अनुमानित इश्यू साइज ₹2.65 लाख करोड़ है। 75 कंपनियां ड्राफ्ट पेपर दाखिल करके मंजूरी का इंतजार कर रही हैं। इनसे करीब ₹2.01 लाख करोड़ जुटाने की योजना है। जियो प्लेटफॉर्म्स, एनएसई, फोनपे, जेप्टो और ओयो जैसी बड़ी कंपनियों के इश्यू पर बाजार की नजर है।

**रिस्कः युद्ध से प्रभावित हो सकता है ये बाजार**

मास्टर कैपिटल सर्विसेज के पुनीत सिंघानिया का कहना है कि अगर दिसंबर से पहले भू-राजनीतिक हालात फिर बिगड़ते हैं, तो 2026 के कई बड़े आईपीओ टल सकते हैं।

**ट्रेंडः लार्जकैप शेयर ठहरे, पूंजी मिड-स्मॉलकैप की ओर शिफ्ट हुई; सफल लिस्टिंग से भरोसा बढ़ा**

इक्विटी99 के रिसर्च हेड राहुल शर्मा के मुताबिक, स्पेशलाइज्ड मैन्युफैक्चरिंग, रिन्युएबल एनर्जी और डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे तेज ग्रोथ वाले सेक्टरों की कंपनियों के आईपीओ ने बाजार को सहारा दिया। अविनाश मेंटर रिसर्च के फाउंडर अविनाश गोरक्षकर का कहना है कि लार्जकैप शेयरों में ठहराव से निवेशकों की पूंजी मिड और स्मॉलकैप ग्रोथ थीम की ओर गई है। सफल लिस्टिंग से आईपीओ लाने की तैयारी कर रही कंपनियों का भरोसा बढ़ा है।

---

**खेती** • मसालों-तेल की बढ़ती मांग ने बदला फसलों का पैटर्न

# मसालों का उत्पादन 10 साल में 86%, तिलहन का 70%, दालों का 57% बढ़ा

### मक्का की फसल अब दोगुनी, मूंग की ढाई गुनी

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

भारतीयों की बदलती थाली अब खेती की तस्वीर भी बदल रही है। गेहूं-चावल जैसे पारंपरिक अनाज खेती-बाड़ी की रीढ़ बने हुए हैं, लेकिन पिछले एक दशक में उत्पादन बढ़ने की सबसे तेज रफ्तार मसालों और तिलहन जैसी ज्यादा मूल्यवान फसलों में दिखी है। दालों के भीतर भी मूंग की फसल तेजी से विस्तार पा रही है।

एमसीएक्स और ट्रांसग्राफ की रिपोर्ट के हार्वेस्टिंग वैल्यूः इंडियाज एग्रीकल्चरल कमोडिटी मार्केट्स के मुताबिक, एग्रीकल्चर (कृषि) सेक्टर की ग्रोथ अब मसालों और तिलहन जैसी ज्यादा मार्केट वैल्यू वाली फसलों के उत्पादन से संचालित हो रही है। हाल के वर्षों में देश में बदलता खपत पैटर्न, ज्यादा मूल्य वाली फसलों की मांग और निर्यात के अवसर कृषि क्षेत्र में इस बदलाव के प्रमुख कारण हैं।

सबसे बड़ा बदलाव मसालों में आया है। इनका उत्पादन 2015-16 के 69.9 लाख टन से 85.9% बढ़कर 2024-25 में 129.9 लाख टन हो गया। अनाज के साथ मसाले ऐसी श्रेणी रहे, जिसमें पूरे दशक एक भी साल उत्पादन नहीं घटा। रिपोर्ट इस विस्तार को बढ़ती घरेलू खपत, निर्यात और ज्यादा वैल्यू वाली फसलों की खेती बढ़ने से जोड़ती है।

#### देश में बीते 10 साल में ऐसे बदली खेत-बाड़ी

| फसल | 2015-16 | 2024-25 | कुल वृद्धि | सालाना औसत वृद्धि |
|---|---|---|---|---|
| मसाले | 69.9 | 129.9 | 85.9% | 6.40% |
| तिलहन | 252.5 | 429.9 | 70.2% | 5.46% |
| दलहन | 163.2 | 256.8 | 57.3% | 4.64% |
| अनाज | 2,352.2 | 3,320.5 | 41.2% | 3.51% |

उत्पादन लाख टन में | स्रोतः एमसीएक्स-ट्रांसग्राफ

#### कुल मसाला उत्पादन में लहसुन की हिस्सेदारी 32 फीसदी, लेकिन वैल्यू में चावल, गेहूं और मक्का का अब भी दबदबा

- अजवाइन का उत्पादन 306%, अदरक 139%, जीरा 131% और लहसुन 121% बढ़ा। सूखी मिर्च का उत्पादन भी 77% बढ़ा। मसाला सेक्टर का आर्थिक उत्पादन 2023-24 में 2,243.7 अरब रुपए रहा। इसमें अकेले लहसुन की हिस्सेदारी 711.2 अरब रुपए यानी 32% थी। अनुमान है कि 2029-30 तक मसालों का उत्पादन 181.2 लाख टन और तिलहन का 567 लाख टन हो सकता है।
- तिलहन उत्पादन दस साल में 252.5 लाख टन से 70.2% बढ़कर 429.9 लाख टन हो गया। दस में नौ साल उत्पादन बढ़ा। इसके पीछे घरेलू खाद्य तेल की बढ़ती मांग, बेहतर मूल्य है। यह वृद्धि सभी तिलहनों में समान नहीं है। सरसों, सोयाबीन और मूंगफली इसके मुख्य चालक रहे। ये तीनों 2023-24 में तिलहन क्षेत्र के कुल आर्थिक उत्पादन का 95% हिस्सा थीं। सूरजमुखी, अलसी, कुसुम और नाइजरसीड का उत्पादन घटा।
- दलहन उत्पादन 163.2 लाख टन से बढ़कर 256.8 लाख टन हो गया। हालांकि दस साल में तीन बार उत्पादन घटा, क्योंकि दालें मानसून और मौसमी उतार-चढ़ाव से ज्यादा प्रभावित होती हैं। मूंग का उत्पादन 15.9 लाख टन से बढ़कर 42.4 लाख टन हो गया यानी 166.4 फीसदी छलांग। इसके मुकाबले मसूर 69.5 फीसदी, चना 57.5 फीसदी, तुअर 41.5 फीसदी और उड़द सिर्फ 15.3 फीसदी बढ़ी।
- बीते 10 साल में अनाज उत्पादन 41% से ज्यादा बढ़ा, लेकिन इसके भीतर सबसे तेज वृद्धि मक्के की फसल में देखी गई। इसका उत्पादन 225.7 लाख टन से 92.4% बढ़कर 434.1 लाख टन हो गया। चावल का उत्पादन 43.8% बढ़ा। इसके बावजूद आर्थिक मूल्य में चावल और गेहूं का दबदबा कायम है। 2023-24 में चावल, गेहूं और मक्का ने मिलकर अनाज के कुल उत्पादन मूल्य में करीब 94% योगदान दिया।

---

**बुलियन** • 1.60 लाख/10 ग्राम से नीचे आया सोना

# सोने की कीमत 2,951 रुपए घटी, चांदी भी 3,459 रुपए नीचे आ गई

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

मजबूत डॉलर और अमेरिका में महंगाई बढ़ने के दबाव से घरेलू बाजार में गुरुवार को सोना-चांदी की औसत कीमतों में गिरावट आई। 24 कैरेट सोने की कीमत ₹2,951 रुपए घटकर ₹1,58,386 प्रति 10 ग्राम रह गई। चांदी के दाम भी ₹3,459 कम होकर ₹2,39,500 प्रति किलो रह गए। हालांकि अगस्त में अब तक सोना ₹15,526 महंगा हो चुका है। चांदी में भी ₹21,205 की तेजी आई है। 31 जुलाई को सोना ₹1,42,860 प्रति 10 ग्राम और चांदी ₹2,18,295 प्रति किलो थी।

### अब नजर फेड चेयरमैन की जैक्सन होल कमेंट्री पर

कोटक सिक्युरिटीज में एवीपी कमोडिटी रिसर्च कायनात चैनवाला ने कहा, सोने-चांदी की अगली दिशा पूरी तरह से फेड चेयरमैन केविन वॉर्श के शुक्रवार को होने वाले जैक्सन होल भाषण और उनके नीतिगत संकेतों पर निर्भर करेगी। यदि उनका रुख सख्त रहता है तो सोने-चांदी पर और दबाव आ सकता है, जबकि नरम रुख रहने पर कीमतों में फिर से तेजी लौट सकती है और ये अपने हालिया ऊंचे स्तर की तरफ दोबारा बढ़ सकती हैं।

---

**बेलगाम टेक्नोलॉजी** • एजेंट्स ने आपस में 70,000 मैसेज भेजे

# 1,200 एआई एजेंट्स ने गिरोह बनाकर कंपनी हैक की, जांच में रोड़ा भी अटकाया

भास्कर न्यूज़ | न्यूयॉर्क

चैटजीपीटी की डेवलपर ओपनएआई के करीब 1,200 एआई एजेंट्स ट्रेनिंग के दौरान तय दायरे से बाहर निकल गए। ये आपस में मिलकर हगिंग फेस नाम की कंपनी की हैकिंग की। यह मामला दो स्वतंत्र एआई टेस्टिंग एजेंसियों-एमईटीआर और रेडवुड रिसर्च की रिपोर्ट से उजागर हुआ।

रिपोर्ट के मुताबिक, जुलाई में एक हफ्ते के भीतर इन एजेंट्स ने एक अनऑफिशियल मैसेज बोर्ड पर आपस में करीब 70,000 मैसेज भेजे। इनमें से 700 एजेंट्स ने बाद में हगिंग फेस को निशाना बनाने वाली गतिविधियों में हिस्सा लिया। हगिंग फेस पर डेवलपर्स अपने एआई मॉडल और कोड शेयर करते हैं। ओपनएआई ने अपनी अलग रिपोर्ट में बताया कि यह घटना सुरक्षा जांच के दौरान हुई, जब उसके एआई मॉडल टेस्टिंग के लिए बनाए गए सैंडबॉक्स से बाहर निकलकर इंटरनेट से जुड़ गए। कंपनी ने कहा कि मॉडल ट्रेनिंग टास्क पूरा करने के लिए तय नियमों को दरकिनार करके शॉर्टकट अपनाने लगे, जिसे 'रिवॉर्ड हैकिंग' कहा गया। मॉडल्स ने अपनी गतिविधि छुपाने के लिए पुराने बयान बदलने और जांच प्रक्रिया में दखल देने की भी कोशिश की।

### पूरी दुनिया के लिए यह गंभीर चेतावनीः ओपनएआई

ओपनएआई ने इसे पूरी दुनिया के लिए चेतावनी बताया है। कंपनी का कहना है कि बिना सही सुरक्षा उपायों के ताकतवर एआई एजेंट्स तकनीकी नियंत्रण को दरकिनार कर सकते हैं। ये बिना अनुमति के आपस में बातचीत कर सकते हैं और प्रत्याशित कदम उठा सकते हैं।

---

**इंडस्ट्री** • जंग के चलते लागत 27.5% बढ़ीः RBI

# कंपनियों की बिक्री 19.4% बढ़ी, मैन्युफैक्चरिंग का बड़ा योगदान

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के बेहतर प्रदर्शन की बदौलत इंडिया इंक की बिक्री अप्रैल-जून तिमाही में 19.4% बढ़ी है। रिजर्व बैंक का यह आंकड़ा 3,247 लिस्टेड गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों के विश्लेषण पर आधारित है। इससे पिछली जनवरी-मार्च तिमाही में कुल बिक्री 13.9% की दर से बढ़ी थी। इस रिकवरी की मुख्य वजह 1,827 लिस्टेड प्राइवेट मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों की 21.4% बढ़ी हुई बिक्री है, जिसमें ऑटोमोबाइल और पेट्रोलियम सेक्टर का अहम योगदान है। यह जनवरी-मार्च तिमाही में 14.5% की रफ्तार से बढ़ी थी। वैश्विक सप्लाई चेन में दिक्कतों के कारण कंपनियों को कच्चे माल की ऊंची लागत का सामना करना पड़ा, जो जून तिमाही में 27.5% बढ़ी। हालांकि बेहतर मूल्य निर्धारण के चलते इन कंपनियों के मुनाफे में जबरदस्त उछाल दर्ज हुआ। आईटी सेक्टर ने भी इस दौरान मजबूत गति दर्ज की, जिसकी बिक्री 9.9% से बढ़कर 14.8% हो गई। गैर-आईटी सर्विस सेक्टर ने भी 19.7% की मजबूत वृद्धि को बरकरार रखा। इन संकेतों से साफ है कि वित्त वर्ष की पहली तिमाही में प्राइवेट कंपनियों की वित्तीय सेहत काफी मजबूत रही है।

---

**छलांग** • मार्केट कैप ₹477 लाख करोड़, टॉप पर

# चिप्स की डिमांड से एनवीडिया की आय दोगुनी 9 लाख करोड़

भास्कर न्यूज़ | न्यूयॉर्क

सबसे बड़ी एआई चिप कंपनी एनवीडिया को अप्रैल-जून में 96 अरब डॉलर (₹9.2 लाख करोड़) की आय हुई। यह 1 साल पहले के मुकाबले दोगुना से भी ज्यादा है। कंपनी को उम्मीद है कि अगली तिमाही में यह आंकड़ा 108 अरब डॉलर (₹10.3 लाख करोड़) तक पहुंच सकता है। सीईओ जेनसन हुआंग ने कहा कि एआई अब कामयाबी के मोड़ पर है। इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने का काम पूरी रफ्तार से चल रहा है।

### हगिंग फेस को ₹1.20 लाख करोड़ में खरीदेगी एनवीडिया

एनवीडिया ओपन-सोर्स एआई मॉडल प्लेटफॉर्म हागिंग फेस को 12.9 अरब डॉलर यानी करीब 1.2 लाख करोड़ रुपए में खरीदने जा रही है। यह डील हगिंग फेस की सालाना आय 15 (करीब ₹1,432 करोड़) से 84 गुना ज्यादा वैल्युएशन पर हो रही है। डील पूरी होने पर यह एनवीडिया के अब तक के सबसे बड़े अधिग्रहणों में शामिल होगा।

### अल्फाबेट को झटका, मार्केट कैप ₹66 लाख करोड़ घटा

गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट के शेयर 13 मई के ऑल-टाइम हाई से 15% गिर चुके हैं। नतीजतन कंपनी का मार्केट कैप 692 अरब डॉलर (करीब ₹66 लाख करोड़) घट गया। उधर शानदार नतीजों के चलते एनवीडिया का मार्केट कैप बढ़कर 5 ट्रिलियन डॉलर (करीब ₹477 लाख करोड़) से ज्यादा हो गया। यह दुनिया की सबसे कीमती कंपनी बन गई है।

---

**क्रेडिट कार्ड खर्च बढ़ रहा**

# लगातार तीसरे महीने भी खर्च 2 लाख करोड़ पार

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

देश में क्रेडिट कार्ड से खर्च लगातार बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक के मुताबिक, जुलाई 2026 में इससे करीब 2.08 लाख करोड़ खर्च हुए। यह लगातार तीसरा महीना है, जब खर्च 2 लाख करोड़ से ऊपर रहा। जनवरी-जुलाई 2026 में औसत मासिक खर्च करीब 2 लाख करोड़ रहा, जबकि 2025 में यह 1.93 लाख करोड़ था। जुलाई तक देश में 12.29 करोड़ क्रेडिट कार्ड थे, जो सालभर पहले 11.16 करोड़ थे। बैंक वार खर्च में एचडीएफसी बैंक 60,218 करोड़ के साथ सबसे आगे रहा। एसबीआई कार्ड्स से 39,592 करोड़, आईसीआईसीआई बैंक से 34,025 करोड़ और एक्सिस बैंक से 23,825 करोड़ खर्च हुए। जानकारों का मानना है कि हर महीने 2 लाख करोड़ से अधिक का क्रेडिट कार्ड खर्च आने वाले समय में सामान्य ट्रेंड बन सकता है।

---

# दुनिया की पहली क्वांटम बैटरी तैयार; आम बैटरी के उलट, यह जितनी बड़ी होगी उतनी ही तेज चार्ज होगी





क्वांटम बैटरी फैब्रिकेशन लैब

**कैनबरा**| ऑस्ट्रेलिया की सीरो एजेंसी के वैज्ञानिक जेम्स क्वाच बैटरी की सबसे उन्नत टेक्नोलॉजी विकसित करने में सफलत हो गए हैं। उन्होंने दुनिया की पहली क्वांटम बैटरी का प्रोटोटाइप बना लिया है। आम बैटरी के उलट, यह जितनी बड़ी होती है, उतनी ही तेजी से चार्ज होती है। यह दो माइक्रो मिरर के बीच लेजर और ऑर्गेनिक डाई मॉलिक्यूल्स की मदद से काम करती है। कमरे के सामान्य तापमान पर चल सकती है। मार्च में ही टीम ने इससे बिजली निकालने में भी सफलता पा ली थी। फिलहाल यह सिर्फ नैनोसेकंड के लिए बेहद कम ऊर्जा स्टोर कर पाती है। पर वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि यह पहले क्वांटम कंप्यूटर, और बाद में फोन-ईवी को भी पावर दे सकेगी।

---

**प्लान फेल** • जकरबर्ग ने 10% छंटनी की थी

# एआई उम्मीद पर खरा नहीं उतरा, मेटा 60% छंटनी से पीछे हटी

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

फेसबुक, इंस्टाग्राम और वाट्सएप की मूल कंपनी मेटा ने एआई के भरोसे कुछ टीमों में कर्मचारियों की संख्या 60% तक घटाने की योजना बनाई थी। लेकिन एआई एजेंट से उम्मीद के मुताबिक उत्पादकता नहीं मिलने और कर्मचारियों के विरोध के बीच कंपनी योजना के अगले चरण पर आगे नहीं बढ़ी।



'प्रोजेक्ट ओटी' के जरिए मेटा खुद को 'एआई नेटिव' कंपनी बनाना चाहती थी। योजना थी कि हजारों कर्मचारियों के रोजमर्रा के काम एआई एजेंट संभालें और बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों की छोटी टीमें उनकी निगरानी करें। इससे कुछ कर्मचारियों की जिम्मेदारियां बदलतीं और कुछ की नौकरियां जा सकती थीं। पुनर्गठन दो चर मई और नवंबर में होने थे। मेटा ने 20 मई को करीब 10% कर्मचारियों की छंटनी की, लेकिन मार्क जुकरबर्ग ने नवंबर की प्रस्तावित कटौती आगे नहीं बढ़ाई। कंपनी ने कहा कि 60% कटौती केवल संभावित विकल्पों में से एक थी।

### वजहः एआई से कोड बढ़ा, लेकिन नतीजे नहीं आए

मेटा में एआई के इस्तेमाल से कोड बदलाव सालाना 220% बढ़े, लेकिन यूजर्स तक पहुंचने वाले नए या बेहतर फीचर सिर्फ 36% बढ़े। उलटे बड़े तकनीकी और सुरक्षा संबंधी मामले 40% बढ़े और इन्हें सुलझाने में कर्मचारियों का समय 70% ज्यादा लगा।

---

## बिजनेस एंकर

जीवनभर किए दान के मामले में अब सिर्फ बफे और गेट्स परिवार ही स्कॉट से आगे

# बेजोस से अलग होने के बाद स्कॉट ने 2.52 लाख करोड़ रुपए दान में दिए; ये उनकी कुल संपत्ति का 46%, बेजोस दंपती के दान से 5.6 गुना ज्यादा

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस की पूर्व पत्नी मैकेंजी स्कॉट फिर अपनी दौलत से ज्यादा उसे बांटने की रफ्तार को लेकर चर्चा में हैं। पिछले पांच वर्षों में उन्होंने कैलिफोर्निया के 16 सार्वजनिक शिक्षण संस्थानों को 46.1 करोड़ डॉलर दिए हैं। खास बात यह है कि स्कॉट के दान का असर सिर्फ संस्थाओं को रकम देने तक सीमित नहीं है। फॉर्च्यून के मुताबिक, 2020 से उन्होंने चिकित्सा कर्ज खत्म करने वाली संस्था 'अनड्यू मेडिकल डेट' को 10 करोड़ डॉलर (955 करोड़ रुपए) से ज्यादा दिए। इससे संस्था पूरे अमेरिका में 40 अरब डॉलर (3.82 लाख करोड़) से ज्यादा का मरीजों का कर्ज खत्म कर सकी। इसका तरीका यह है कि अस्पतालों से बहुत कम कीमत पर बकाया चिकित्सा कर्ज खरीदा जाता है और फिर मरीजों का पूरा कर्ज माफ कर दिया जाता है। संस्था के मुताबिक, करीब 10 डॉलर (955) के दान से लगभग 1,000 डॉलर (95,490) का चिकित्सा कर्ज खत्म किया जा सकता है। फोर्ब्स के आकलन के मुताबिक, स्कॉट सात साल से भी कम समय में 2,500 से ज्यादा संस्थाओं को 26.4 अरब डॉलर (2.52 लाख करोड़) दे चुकी हैं। अकेले 2025 में उन्होंने 7.2 अरब डॉलर (68,753 करोड़) दिए। यह 2012 में फोर्ब्स द्वारा बड़े दानदाताओं का हिसाब शुरू करने के बाद किसी व्यक्ति द्वारा एक साल में दिया गया सबसे अधिक दान है। जीवनभर के दान के लिहाज से अब उनसे आगे केवल दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे और माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स और उनकी पूर्व पत्नी मेलिंडा गेट्स हैं। इसके मुकाबले बेजोस और उनकी पत्नी लॉरेन सांचेज का अब तक का कुल दान ₹44,880 करोड़ रहा है। यानी स्कॉट अकेले उनसे करीब 5.6 गुना ज्यादा रकम दान कर चुकी हैं। फोर्ब्स के मुताबिक, स्कॉट का अब तक का दान उनकी मौजूदा संपत्ति के करीब 46% के बराबर है, जबकि बेजोस दंपती का ये अनुपात 2% ही है।

2019 में बेजोस से तलाक के बाद स्कॉट को अमेजन की करीब 4% हिस्सेदारी मिली थी। तब उनकी संपत्ति करीब 3.44 लाख करोड़ से 3.63 लाख करोड़ आंकी गई थी। फोर्ब्स के अनुसार, तलाक में मिले अमेजन शेयरों में से 75% से ज्यादा वे अब तक बेच या ट्रांसफर कर चुकी हैं। इसके बावजूद उनकी संपत्ति करीब 3.11 लाख करोड़ रुपए है।



### बेजोस ने 95,490 करोड़ दान का वादा किया, अब तक 22,918 करोड़

बेजोस ने 2020 में जलवायु परिवर्तन से मुकाबले के लिए बेजोस अर्थ फंड के जरिए 10 अरब डॉलर (95,490 करोड़) देने की प्रतिबद्धता जताई थी। इसमें से अब तक करीब 2.4 अरब डॉलर (22,918) अनुदान के रूप में दिए जा चुके हैं। यही अंतर दोनों की दान रणनीति को अलग बनाता है। बेजोस बड़ी दीर्घकालिक प्रतिबद्धताओं के जरिए रकम दे रहे हैं, जबकि स्कॉट तेजी से सीधे संस्थाओं तक पैसा पहुंचा रही हैं।

---

# बीएसएनएल-वीआई नेटवर्क शेयर करेंगे, कॉल ड्रॉप घटेगी

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

बीएसएनएल और वोडाफोन आइडिया (वीआई) ने चुनिंदा सर्किलों में नेटवर्क शेयरिंग का समझौता किया है। इससे दोनों की लागत घटेगी, कवरेज बढ़ेगा और कॉल ड्रॉप कम होगी।

आम ग्राहकों को मजबूत सिग्नल के साथ तेज 4जी-5जी इंटरनेट मिलेगा। समझौते से वीआई को बीएसएनएल के टावर, फाइबर और राइट्स ऑफ वे का लाभ मिलेगा। वहीं बीएसएनएल को कमजोर कवरेज वाले ग्रामीण इलाकों में वीआई का नेटवर्क मिलेगा। इससे दूरदराज के क्षेत्रों में भी निर्बाध सेवा मिलेगी। गुरुवार को बीएसएनएल चेयरमैन रॉबर्ट जे. रवि और वीआई सीईओ अभिजीत किशोर की बैठक में इस पर सहमति बनी। सरकार की बीएसएनएल में 100% और वीआई में 49% हिस्सेदारी है।

**एक्सपर्ट व्यू**

### करार से दोनों की लागत घटेगी, कवरेज बढ़ेगा

कॉमफर्स्ट फाउंडर महेश उप्पल के मुताबिक, इस करार से दोनों कंपनियां एक-दूसरे के लिए मददगार साबित होंगी। एनालिसिस मेसन के पार्टनर अश्विंदर सेठी का कहना है कि दोनों की लागत घटेगी। वीआई के पास 1.9 लाख, बीएसएनएल के पास 1.21 लाख, जियो के पास 3.3 लाख, एयरटेल के पास 2.9 लाख टावर हैं।

---

# देश के 45 पावर प्लांट्स में कोयले का गंभीर संकट

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

देश के 45 पावर प्लांट में कोयले का भंडार गंभीर स्तर तक घट गया है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के 25 अगस्त तक के आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई अंत में ऐसे प्लांट की संख्या 31 थी। प्रभावित प्लांट में 40 घरेलू कोयले पर निर्भर हैं। ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ में भारी बारिश से खनन और कोयला ढुलाई प्रभावित हुई है। कोयले की कमी के बीच बिजली की मांग बढ़ने से उत्पादन पर दबाव है। बिगमिंट के डेटा के मुताबिक, अगस्त में बिजलीघरों का कोयला भंडार 19% घटकर 3.10 करोड़ टन रह गया, जो करीब 10 दिन की जरूरत के बराबर है। बारिश सामान्य से 12% कम रहने से बिजली की मांग बढ़ी है। कई संयंत्रों को जरूरत की 5-6 रैक के मुकाबले करीब आधी रैक मिल रही हैं।

# Last Day To Join Private Channel. Closing entry for new members Now.

**♦ Indian Newspaper**

1) Times of India
2) The Hindu
3) Business line
4) The Indian Express
5) Economic Times

And more Newspapers

**♦ InternationalNewspapers channel**

[Europian, American, Gulf & Asia]

**♦ Magazine Channel**

National & International

[Genaral & Exam related]

**♦ English Editorials**

[National + InternationalEditorials]

**Click here to join**

## ♦ Lifetime validity at just 19 Rupees 📍

Trust me... this will be your best purchase of 2026